आषाढ़ शुक्ल पक्ष त्रयोदशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 19 जुलाई 2024
वर्ष 4, अंक 152, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



बाइडन फिर कोविड-19 से संक्रमित हुए : व्हाइट हाउस 14

रेस 4 में दिखेंगे सलमान और सैफ 13

# उप्र: गोंडा में रेल हादसा, दो की मौत, 34 घायल

## चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन की 8 बोगियां पलटीं, मुख्यमंत्री ने हादसे का लिया संज्ञान, रेलवे ने बैठाई जांच

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार:** चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन गुरुवार दोपहर ढाई बजे मोतीगंज झिलाही स्टेशन के बीच पिकौरा गांव के समीप अचानक डिरेल हो गई। ट्रेन के एसी कोच के तीन डिब्बे पलट गए, जबकि 5 अन्य बोगियां पटरी से उतर गईं।

हादसे में दो यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 34 यात्री घायल हो गए। घायलों में 11 यात्रियों की हालत गंभीर है। 9 घायल जिले के मेडिकल कॉलेज में भर्ती है, जबकि तीन घायलों को गंभीर हालत में लखनऊ रेफर किया गया है। रेलवे ने घटना की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे का संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की है।

रेलवे के अनुसार एक्सप्रेस ट्रेन बुधवार की शाम को चंडीगढ़ से डिब्रूगढ़ जाने के लिए निकली थी। ट्रेन करीब 2:15 बजे गोंडा स्टेशन पहुंची ही थी और 2:25 बजे गोंडा स्टेशन से गोरखपुर के लिए रवाना हुई थी। गोंडा गोरखपुर रेल खंड पर मोतीगंज झिलाही स्टेशन के बीच पिकौरा गांव के समीप करीब 2:40 बजे अचानक ट्रेन डिरेल हो गई। इंजन के पीछे लगी एसी की तीन बोगियां पटरी से उतरकर ट्रैक के किनारे खेतों में जाकर पलट गई। जबकि ट्रेन की पांच अन्य बोगी पटरी से उतर गई। हादसे के बाद यात्रियों में चीख पुकार मच गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए राहत व बचाव कार्य शुरू किया और ट्रेन में फंसे यात्रियों को बाहर निकाल कर उन्हें अस्पताल पहुंचाया। हादसे में दो यात्रियों की मौके पर मौत हुई है, जबकि 34 यात्री घायल हुए हैं। घायलों में 11 यात्रियों की हालत गंभीर बताई जा रही है। 9 यात्रियों को जिले के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है जबकि तीन घायलों को लखनऊ रेफर किया गया है। हादसे की सूचना मिलने पर देवीपाटन मंडल के कमिश्नर शशि भूषण लाल श्रीवास्तव, डीएम नेहा शर्मा, पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल व पूर्वोत्तर रेलवे की डीआरएम सौम्या माथुर की घटनास्थल पर पहुंची और हादसे की जानकारी ली।

**दर्दनाक** घायलों में 11 की हालत गंभीर



मनकापुर–गोंडा के बीच पिकौरा गांव के पास बेपटरी हुई चंडीगढ़–डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस। ● एजेंसी

### यूं हुआ घटनाक्रम

- ट्रेन नंबर 15904
- दोपहर 2 : 40 बजे हुआ हादसा
- अपराह्न 3 :30 बजे दुर्घटना यान पहुंचा
- शाम 6 :30 बजे डीआरएम सौम्या माथुर पहुंची
- 22 बोगियों में दो पूरी तरह पलट गईं, पांच पटरी से उतर गईं

### आर्थिक मदद की घोषणा

पूर्वोत्तर रेलवे के संरक्षा आयुक्त की ओर से मृतकों को दस लाख, गंभीर घायलों को ढाई लाख तथा कम घायलों को 50 हजार देने की घोषणा की है। हादसे के बाद सीआरएस की हाई लेवल मीटिंग में यह आर्थिक सहायता देने की घोषणा की गई है।


### डीएम बोलीं- राहत व बचाव कार्य जारी

डीएम नेहा शर्मा ने हादसे में दो यात्रियों के मौत की पुष्टि की है। डीएम ने बताया कि इस हादसे में ट्रेन के आठ डिब्बे डिरेलमेंट का शिकार हुए हैं। हादसे में पांच यात्री घायल हुए हैं। घायलों को फर्स्ट एड देकर उनका इलाज कराया जा रहा है। मौके पर राहत व बचाव कार्य पूरा कर लिया गया है। यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए रोडवेज के बसें लगाई गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार मौके पर चार लोगों की मौत हुई है। रेल प्रशासन ने अभी तक घायलों व मरने वालों की सूची जारी नहीं की है। जबकि जिला प्रशासन ने दो लोगों के मृत्यु की पुष्टि की है।

> हादसे में दो लोगों की मौत हुई है। कई लोगों के घायल होने की भी सूचना है। जानकारी जुटाई जा रही है। मामले में उच्च स्तरीय जांच के आदेश दे दिए गए हैं। मृतकों के परिवार को 10 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों को 2.5 लाख रुपये और मामूली रूप से घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा रेलवे की तरफ से की गई है। **– पंकज कुमार सिंह**, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर

## सेंसेक्स पहली बार 81,000 अंक के पार

**मुंबई।** शेयर बाजार में रिकॉर्ड तेजी का सिलसिला गुरुवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में भी जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 627 अंक उछलकर पहली बार 81,343 अंक के ऊपर बंद हुआ। निफ्टी भी 24,800 अंक के नये शिखर पर पहुंच गया। आईटी, तेल एवं गैस तथा दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी रही। बाजार में शुरुआत कमजोर रही और एक समय यह 80,390.37 अंक के निचले स्तर तक आ गया था। हालांकि आईटी शेयरों तथा सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली कंपनी में लिवाली से सूचकांक नुकसान से उबर गया।



● सेंसेक्स 627 अंक ऊपर चढ़ा, निफ्टी 24,800 अंक के नये शिखर पर

## विवादित ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर की मां गिरफ्तार

**पुणे।** विवादित ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर की मां मनोरमा खेडकर को ग्रामीण पुलिस ने कथित तौर पर बंदूक दिखाकर किसानों को धमकाने के आरोप में गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। मनोरमा के खिलाफ किसानों को धमकाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। मनोरमा को रायगढ़ जिले के महाड स्थित एक होटल से गिरफ्तार किया गया। पुलिस पिछले काफी समय से मनोरमा की तलाश कर रही थी।



पढ़ते रहिये... अमृत विचार
मानसून ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

### एक नजर

## केजरीवाल की याचिका पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति घोटाला मामलों में गिरफ्तार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उस याचिका पर बृहस्पतिवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया, जिसमें उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अपने वकीलों के साथ दो अतिरिक्त बैठकों की अनुमति दिये जाने का अनुरोध किया है। ईडी और तिहाड़ जेल के अधिकारियों ने इस कदम का विरोध किया और कहा कि कानून सभी के लिए समान है।



# नक्सलियों ने सुरंग को उड़ाया, दो जवान शहीद

बीजापुर, एजेंसी

● गंभीर रूप से घायल चार जवानों के रायपुर अस्पताल भेजा

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में नक्सलियों ने बारूदी सुरंग में विस्फोट कर दिया, जिससे विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के दो जवानों की जान चली गई और चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना में विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के दो आरक्षक-भरत साहू और सत्येर सिंह कांगे की मौत हो गई, जबकि चार अन्य जवानों के घायल होने की खबर है। अधिकारियों ने बताया कि बीजापुर, दंतेवाड़ा और सुकमा जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में नक्सलियों के नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी।

इसके बाद 16 जुलाई को इन जिलों से एसटीएफ, डीआरजी और सीआरपीएफ के कोबरा बटालियन के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया। अधिकारियों के मुताबिक, संयुक्त दल जब अभियान पूरा कर लौट रहा था, तभी बुधवार देर रात बीजापुर जिले के तर्रेम क्षेत्र में नक्सलियों ने बारूदी सुरंग में विस्फोट कर दिया।

### शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी : विष्णु देव

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा माओवाद के खात्मे के लिए हमारी सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान से नक्सली विचलित हैं और कायराना हरकतों को अंजाम दे रहे हैं। जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। माओवाद के खात्मे तक हमारी लड़ाई जारी रहेगी।

## सुरक्षा बलों ने घुसपैठ की कोशिश की नाकाम दो आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने गुरुवार को नियंत्रण रेखा से घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी और दो आतंकवादियों को ढेर कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों को खुफिया सूचना मिली थी कि आतंकवादी उत्तरी कश्मीर जिले के केरन सेक्टर में नियंत्रण रेखा से घाटी में घुसपैठ करने की कोशिश कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सतर्क सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की हरकत को देखा और उन्हें ललकारा तथा इस दौरान हुई मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान जारी है। पिछले चार दिन में केरन सेक्टर में यह दूसरी मुठभेड़ है। इससे पहले 14 जुलाई को केरन सेक्टर में तीन विदेशी आतंकवादी मारे गये थे, जब वे घाटी में घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे थे।

# नीट-यूजी के केंद्रवार नतीजे हों जारी : कोर्ट

## अभ्यर्थियों की पहचान जाहिर न करने के दिए निर्देश, 20 जुलाई को परिणाम घोषित करने के आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को अभ्यर्थियों की पहचान गुप्त रखते हुए 20 जुलाई की दोपहर 12 बजे तक नीट-यूजी 2024 के केंद्र और शहर-वार परिणाम घोषित करने का निर्देश दिया है। परीक्षा के संचालन में गड़बड़ी के आरोपों का समाधान करने का प्रयास करते हुए प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि इसे नए सिरे से आयोजित करने का कोई भी आदेश इस ठोस निष्कर्ष पर आधारित होना चाहिए कि पूरी प्रक्रिया की शुचिता प्रभावित हुई है।

शीर्ष अदालत 5 मई को आयोजित प्रतिष्ठित परीक्षा में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी के आरोपों के मद्देनजर परीक्षा को रद करने, दोबारा परीक्षा कराने और अदालत की निगरानी में जांच की मांग करने वाली याचिकाओं पर 22 जुलाई को फिर से सुनवाई शुरू करेगी। दिन भर चली सुनवाई के दौरान पीठ ने अभ्यर्थियों के वकीलों से परीक्षा के आयोजन में व्यापक उन अनियमितताओं के बारे में अपना दावा साबित करने को कहा, जिसमें प्रश्नपत्र लीक होना भी शामिल है, जिसके कारण परीक्षा रद कर दोबारा कराने की आवश्यकता हो। अदालत ने कहा कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि प्रश्नपत्र लीक की घटना पटना और हजारीबाग तक ही सीमित थी तथा गुजरात के गोधरा में इस तरह की कोई घटना नहीं हुई है। पटना और हजारीबाग में प्रश्नपत्र कथित तौर पर लीक हो गए, जबकि गोधरा में दावा किया गया कि परीक्षा आयोजित कराने वाले एक व्यक्ति ने कुछ अभ्यर्थियों की ओएमआर शीट भरने के लिए पैसे लिए।



### पटना एम्स के चार छात्रों को सीबीआई ने गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने नीट–यूजी प्रश्नपत्र लीक मामले में गुरुवार को पटना एम्स में पढ़ने वाले एमबीबीएस के चार छात्रों को गिरफ्तार किया है। एम्स पटना के निदेशक जीके पॉल ने बताया, सीबीआई पटना एम्स के चार छात्रों को अपने साथ ले गई है। इनमें चंदन सिंह, राहुल अनंत और कुमार शानू तीसरे वर्ष के छात्र हैं जबकि करण जैन दूसरे वर्ष का छात्र है। आरोप है कि कुमार ने हजारीबाग में एनटीए के ट्रंक से नीट–यूजी का प्रश्नपत्र चुराया था। सीबीआई ने राजू सिंह नामक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया है, जिसने कथित तौर पर प्रश्नपत्र चुराने में कुमार की मदद की थी।

### पुनः परीक्षा के लिए ठोस आधार जरूरी : सीजेआई

सीजेआई ने कहा पुन : परीक्षा कराने के लिए यह ठोस आधार होना चहिए कि पूरी परीक्षा की शुचिता पर असर पड़ा है। इस मामले की जारी जांच के मुद्दे पर पीठ ने कहा सीबीआई जांच कर रही है। सीबीआई ने हमें जो बताया है अगर उसका खुलासा कर दिया जाता है तो इससे जांच पर असर पड़ेगा। उच्चतम न्यायालय 40 से अधिक याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है।

# मकान खरीदारों को सुप्रीम राहत

नई दिल्ली, एजेंसी

● सुप्रीम कोर्ट ने बैंक और बिल्डर को एनसीआर में जबरिया कार्रवाई नहीं करने का दिया निर्देश

उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में अपने फ्लैट का कब्जा न मिलने से परेशान घर खरीदारों को बड़ी राहत देते हुए निर्देश दिया है कि मासिक किस्त (ईएमआई) भुगतान को लेकर बैंक, वित्तीय संस्थान या बिल्डर उनके खिलाफ कोई जबरिया कार्रवाई नहीं करेंगे।

उनके खिलाफ चेक बाउंस का भी कोई मामला नहीं चलेगा। शीर्ष अदालत दिल्ली उच्च न्यायालय के एक आदेश के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें कई मकान खरीदारों की याचिकाओं को खारिज कर दिया गया था।



याचिकाओं में अनुरोध किया गया था कि बैंकों तथा वित्तीय संस्थानों को निर्देश दिया जाए कि वे रियल एस्टेट डेवलपर द्वारा उनके फ्लैट का कब्जा दिए जाने तक ईएमआई न लें। उच्च न्यायालय के याचिकाएं खारिज करने के बाद मकान खरीदारों ने शीर्ष अदालत का रुख किया था। शीर्ष अदालत ने इस मुद्दे की जांच करने पर सहमति व्यक्त की तथा संबंधित पक्षों से जवाब मांगा है।

### अगली सुनवाई की तारीख 27 सितंबर तय की

शीर्ष अदालत ने मामले की अगली सुनवाई की तारीख 27 सितंबर तय की है। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में इस आधार पर रिट याचिकाओं पर विचार करने से इनकार कर दिया था कि याचिकाकर्ताओं के पास उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता तथा रियल एस्टेट विनियमन व विकास अधिनियम जैसे विभिन्न कानूनों के तहत वैकल्पिक उपाय मौजूद हैं।

## उप्र के कासगंज में ताजिया दफनाने के दौरान बवाल

**संवाददाता, गंजडुण्डवारा (कासगंज)।** मुहर्रम पर बुधवार की रात गंजडुंडवारा में ताजिया दफनाने के दौरान बवाल हो गया। पुलिस के लाठीचार्ज करने पर भड़के ताजियेदारों ने जाम लगा दिया और कई घंटे प्रदर्शन व हंगामा करते रहे।

गंगडुंडवारा में बुधवार की रात करीब तीन बजे ताजिया दफनाने के लिए कर्बला ले जाया जा रहा था। इस दौरान वहां सैकड़ों लोग मौजूद थे। कोतवाली पुलिस ने ताजिया जल्द दफनाने को कहा। अचानक दो पुलिस कर्मियों ने लाठी चार्ज कर दिया। लाठीचार्ज से भगदड़ मच गई जिससे ताजिया टूट गया और कई लोग घायल हो गए। सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी पहुंच गए। उन्होंने सीओ विजय कुमार राना एवं कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार से लाठी चार्ज को लेकर तीखी नाराजगी जाहिर की।

> लाठीचार्ज को लेकर विवाद हुआ था। लाठीचार्ज का क्या कारण रहा है इसकी जांच की जा रही है। दो पुलिस कर्मियों के विरुद्ध तहरीर प्राप्त हुई है। **– विजय कुमार राणा**, सीओ पटियाली

# महीने भर में सड़कें होंगी गड्ढा मुक्त : धामी

ब्यूरो, देहरादून

● मुख्यमंत्री ने कहा- मानसून के बाद निर्माण कार्यों में तेजी लाएं

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि एक माह के भीतर प्रदेश की सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त कर दिया जाए। उन्होंने मानसून अवधि के बाद सभी निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास में उच्चाधिकारियों के साथ बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने आगामी कांवड़ मेले के दृष्टिगत सुरक्षात्मक रूप से सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सफाई, पेयजल, स्वास्थ्य सबंधी सभी सुविधाओं को बेहतर रखा जाए। पर्वतीय क्षेत्रों में धारण क्षमता के अनुसार ही निर्माण कार्य किए जाएं। पर्यटन स्थलों पर पार्किंग व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए रिक्त स्थानों को चिन्हित कर पर्याप्त पार्किंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाए।



मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन सरकारी गेस्ट हाउस की स्थिति सही नहीं है, उनकी सही तरीके से मेंटिनेंस कराई जाए। अतिथि गृह में ठहरने वालों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। मुख्यमंत्री ने जीएसटी कलेक्शन बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। यह सुनिश्चित किया जाए कि राज्य में किसी तरह की जीएसटी चोरी न हो। जरूरत पड़ने पर इसके लिए अभियान चलाया जाए। जीएसटी पंजीकरण के लिए व्यावसायिक गतिविधियों से जुड़े लोगों को जागरूक किया जाए। डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा दिया जाए। बैठक में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, सचिव शैलेश बगोली, विनय शंकर पाण्डेय, एडीजीपी एपी अंशुमन एवं आईजी कृष्ण कुमार वीके उपस्थित थे।

# कार खाई में गिरी, दो की मौत, चार घायल

ब्यूरो देहरादून

**रुद्रप्रयाग में हादसा**

**अमृत विचार :** रुद्रप्रयाग जिले में डूंगरी मोटर मार्ग पर एक कार खाई में गिर गई। इसमें एक ही परिवार के दो लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम डुंगरी से गुरुवार सुबह एक परिवार कार से रुद्रप्रयाग के लिए रवाना हुआ था। सुबह छह बजे चोपड़ा-डुंगरी मार्ग पर कार असंतुलित होकर खाई में गिर गई। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीआरएफ टीम मौके पर पहुंच गई। एसडीआरएफ जवानों ने रेस्क्यू शुरू किया लेकिन तब तक दो लोगों की मौत हो चुकी थी। स्थानीय लोग भी बचाव में जुट गए। घायलों को ऊपर लाकर निजी वाहनों ने अस्पताल भिजवाया। हादसे में कलपेश्वरी (58) पत्नी बुद्धि लाल और आरती (24) पुत्री जितपाल की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, जितपाल (50) पुत्र बुद्धि लाल, बुद्धि लाल (70) पुत्र हीरु लाल, देवेश्वरी देवी (45) पत्नी जितपाल व पूजा (27) पुत्री जितपाल घायल हो गई। इसमें देवेश्वरी देवी की हालत गंभीर बनी है।

## विंडस्क्रीन पर फास्टैग नहीं, तो भी लगेगा दोगुना टोल टैक्स

**नई दिल्ली।** सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर जानबूझकर वाहन के अगले शीशे पर फास्टैग नहीं लगाने वालों के लिए कड़ा रुख अपनाते हुए सभी टोल प्लाजा को दिशानिर्देश जारी करके कहा है कि शीशे पर अंदर से फास्टैग चिपकाए बिना टोल प्लाजा की लेन में आने वाले वाहनों से दोगुना टोल टैक्स वसूला जाएगा। सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि कुछ लोग जानबूझकर विंडस्क्रीन पर फास्टैग नहीं लगाते हैं और टोल प्लाजा की लेन में आ जाते हैं जिससे अनावश्यक देरी होती है।

# चारधाम के नाम पर नहीं बनेगा कोई भी ट्रस्ट



ब्यूरो, देहरादून

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक में कई अहम फैसलों पर लगी मुहर

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की कैबिनेट ने बड़ा फैसला लिया है। अब चारधाम के नाम पर कोई भी ट्रस्ट नहीं बन सकेगा। कोई व्यक्ति या संस्था बदरीनाथ, केदारनाथ धाम के नाम अथवा मिलते-जुलते नामों से कोई ट्रस्ट आदि न बना सके इसके लिए कड़े कानूनी प्रावधान किए जाएंगे। दिल्ली में केदारनाथ धाम के प्रतीकात्मक मंदिर को लेकर हो रहे विवाद के चलते कैबिनेट ने यह निर्णय लिया है।

मुख्यमंत्री धामी की अध्यक्षता में गुरुवार को सचिवालय के एपीजे अब्दुल कलाम भवन सभागार में कैबिनेट बैठक हुई। सर्वप्रथम दिवंगत विधायक शैला रानी रावत के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद बैठक शुरू हुई।

इसमें स्वास्थ्य विभाग में एक समान यूजर चार्ज वसूलने, पिथौरागढ़ व हरिद्वार मेडिकल कॉलेज में आउटसोर्स के बजाय 240-240 नियमित नर्सिंग स्टाफ की नियुक्ति, किसानों के 5 लाख तक के ऋण में स्टांप ड्यूटी की छूट देने, स्टांप नियमावली में संशोधन, महंगाई भत्ते को लेकर ग्रेच्युटी की सीमा 20 से 25 लाख करने, पांच करोड़ से अधिक के विचलन पर वित्त सचिव के परीक्षण के बद हाईपावर कमेटी में प्रस्तावन देने, वन विभाग के उत्तराखंड काष्ठ आधारित उद्योग नियमावली को मंजूरी, ग्रह विभाग में दूरसंचार पुलिस के राजपात्रित अधिकारियों के पदों की नियमावली को मंजूरी, लावारिस शवों को मेडिकल कॉलेजों में देने से पूर्व डीएनए सैंपल लेकर प्रचार करने, ओपीडी-आईपीडी समेत कई चिकित्सकीय रजिस्ट्रेशन शुल्क कम करने, सरकारी अस्पतालो में किसी की मृत्यु होने पर एंबुलेंस से पार्थिव शरीर घर तक पहुंचाने समेत कई प्रस्तावों पर मुहर लगी।

### इन प्रस्तावों को भी मिली मंजूरी

- चम्पावत में एनसीसी की स्वतंत्र कंपनी को दोबारा शुरू होगा।
- उरेडा में 119 से बढ़ाकर 148 पद किए।
- सतर्कता विभाग में रिवोलविंग फंड बनेगा।
- सरकारी सेवा ज्येष्ठता में अब एक चयन वर्ष को माना जाएगा।
- नैनी सैनी एयरपोर्ट राज्य सरकार संचालित करेगी।
- हाउस ऑफ हिमालय कंपनी को लेकर प्रशासनिक और वित्तीय नियम को लेकर फैसला।
- सेंटर फॉर हिन्दू स्टडीज किसी विश्वविद्यालय में शुरू करने को लेकर हुआ फैसला।
- 5 लाख तक के टेंडर स्थानीय ठेकेदारों को मिलेंगे, राज्य के ठेकेदारों की क्षमता विकास होगा।

## सार-संक्षेप

### उपजिलाधिकारी ने गौनियारो का निरीक्षण किया

**भीमताल :** गौनियारो में बादल फटने की सूचना मिलने पर उपजिलाधिकारी धारी केएन गोसवामी के निर्देश के तहत राजस्व विभाग, उद्यान विभाग, कृषि विभाग और पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से गौनियारों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद पतलोट पहुंचे नायब तहसीलदार राजेन्द्र सनवाल ने बताया कि बादल फटने की कोई घटना के चिन्ह वहां नहीं मिले, हालांकि लोगों के खेत भारी मात्रा में मलबे से पट गये। वहीं कोई जनहानि और पशुहानि भी नहीं थी। अवगत कराया कि रिपोर्ट तैयार कर ली गई है, जिसको उच्च अधिकारियों को भेजा जा रहा है। निरीक्षण के दौरान राजस्व निरीक्षक कानूनगो कुंदन पुरी, पटवारी हेमंत बर्मा समेत उद्यान, कृषि पशुपालन विभाग के अधिकारी भी साथ थे।

### तीन सड़कें बाधित होने से लोगों की फजीहत

**नैनीताल :** तेज बारिश के बाद कई सड़कें बाधित हो गई, जिसके चलते लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं अभी भी सूखा घोडियाटापू मार्ग, जौना चन्द्रकोट मार्ग और हैड़ाखान मोटर मार्ग बाधित हो गया है। जिसके बाद शुक्रवार सुबह लोनिवि ने सभी बाधित मार्गों को सुचारु करने के लिए जेसीबी मशीनें लगाई हैं। लेनिवि के सहायक अभियंता जीएस जनौटी ने बताया कि तेज बारिश के कारण लगभग तीन मार्ग बाधित हुए हैं। बाधित मार्गों को शाम तक सुचारू कर दिया जाएगा।

### स्पोर्ट्स की दुकान में चोरी के मामले में युवक गिरफ्तार

**नैनीताल :** मल्लीताल गाड़ी पड़ाव क्षेत्र में स्पोर्ट्स की दुकान में चोरी मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। जिसे न्यायालय पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। बुधवार को शहर निवासी पवन साह ने कोतवाली में तहरीर देते हुए कहा था कि अज्ञात व्यक्ति ने उनकी दुकान के शटर का ताला तोड़ अंदर गल्ले में रखी 20 हजार की नगदी और क्रिकेट बैट चोरी कर लिये। शिकायत के बाद कोतवाली पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

### लखनपुर में हाईटेक शौचालय बनाने पर बनी सहमति

**रामनगर :** लखनपुर में हाईटेक शौचालय के निर्माण को लेकर नगर पालिका एवं वन विभाग के मध्य बनी सहमति के बाद शौचालय निर्माण में आ रहा गतिरोध खत्म हो गया। अब हाईटेक शौचालय बनाने पर सहमति बन गयी है। अड़चनों का समाधान होने के बाद शौचालय निर्माण का मार्ग प्रशस्त होने पर सामाजिक, राजनीतिक, जन संगठनों सहित लखनपुर निवासियों ने खुशी जाहिर की। हाईटेक शौचालय के निर्माण को लेकर सामाजिक संगठन काफी समय से मांग करते आ रहे थे। उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के प्रधान महासचिव राज्य आंदोलनकारी प्रभात ध्यानी, इंकलाबी मजदूर केंद्र के रोहित रुहेला, देवभूमि व्यापार मंडल के संरक्षक मनमोहन अग्रवाल, समाजवादी लोकमंच के मुनीश कुमार, प्रगतिशील महिला एकता केंद्र की तुलसी छिम्बाल, महिला एकता मंच की ललिता रावत, संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक ललित उप्रेती ने हाईटेक शौचालय बनाये जाने की सहमति पर प्रशासन व वन विभाग का आभार जताया है।



नैनीताल में सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते एनएसयूआई के कार्यकर्ता।

### नीट मामले में एनएसयूआई ने किया पुतला दहन

**नैनीताल :** नीट पेपर लीक मामले को लेकर गुरुवार को एनएसयूआई नगर अध्यक्ष आयुष आर्या के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने डीएसबी परिसर के समीप केंद्र सरकार का पुतला दहन किया। इस दौरान भाजपा सरकार होश में आओ एन टी ए को बैन करो , छात्रों के भविष्य के साथ खेलना बंद करो आदि नारे लगाए गये।इस दौरान करन कुमार, आयुष मेहरा,प्रियांशु बेलवाल ,अभिषेक चंद्र आर्या ,आरती रावत, आइशा मठपाल, रोहित जोशी ,मो .अमन आदि मौजूद रहे।

### क्षेत्र की विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन दिया

**भीमताल :** केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा के भीमताल आगमन पर बेरोजगार संघ के अध्यक्ष पूरन बृजवासी ने क्षेत्र की विभिन्न मांगों को लेकर उनको ज्ञापन दिया। इस दौरान विधानसभा की 16 छोटी बड़ी सड़कों के निर्माण के लिए केंद्रीय सड़क निधि से स्वीकृति दिलाने, विधानसभा अंतर्गत नगर क्षेत्र भीमताल कुमाऊं राज मार्ग को चौड़ा करने, ओखलकाण्डा ब्लॉक में अटका हुआ कार्य लिंक मोटर मार्ग का' ग्राम गलनी के तोक जामनी का दीवार निर्माण सहित मरम्मत निर्माण कार्य करने समेत कई अन्य मांगों को प्राथमिकता से रखा।

### करकोटक में पौधरोपण कर लिया संरक्षण का संकल्प

**भीमताल :** भीमताल के पांडे गांव के करकोटक पहाड़ी पर भीमेश्वर महादेव सेवा समिति के तत्वावधान में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान समिति ने उतीश, जंगली इमली आदि के दो सौ पौधे लगाए और लगाए गए पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में संरक्षक अखिलेश सेमवाल, अध्यक्ष शरद पांडे, सचिव सुनीता पांडे, उपाध्यक्ष ईशु राठौर, त्रिलोक बोहरा, नैना ज्योति शर्मा, कोषाध्यक्ष ज्योति पूरी, सदस्य निर्मलाक्षेत्री, रेखा गुणवंत, कृतिका पोखरिया, सौरभ जोशी आदि मौजूद थे।



बैठक करतीं लेक सिटी की महिलाएं। ● अमृत विचार

### हरेला महोत्सव को भव्य रूप से मनाने का निर्णय

**नैनीताल :** गुरुवार को लेक सिटी वेलफेयर क्लब की बैठक अध्यक्ष ज्योति घड़ियाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में तय किया गया कि 20 व 21 जुलाई को होने वाले हरेला महोत्सव को दिव्य व भव्य रूप से बनाया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक प्रगति जैन ने बताया कि क्लब के सभी सदस्यों को हरेला महोत्सव की तैयारी को लेकर जिम्मेदारियां दी गई हैं। क्लब की सचिव दीपा पांडे ने बताया कि हरेला महोत्सव में 20 जुलाई को गोवर्धन हाल से शोभायात्रा प्रारंभ की जाएगी जो मस्जिद चौराहे से बाजार होते हुए चेतराम शाह इंटर कॉलेज में प्रवेश करेगी। महोत्सव का उद्घाटन विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूरी करेंगी। अध्यक्षता विधायक सरिता आर्या तथा महोत्सव में विशिष्ट अतिथि उप जिलाधिकारी प्रमोद कुमार सिंह होंगे। बैठक में रानी शाह, गीता शाह, अमिता शाह, प्रेमा अधिकारी आदि मौजूद रहे।



सुभाष चन्द्र जोशी का जन्मदिन मनाते विभिन्न संगठन के लोग। ● अमृत विचार

### पेंशनर्स वेलफेयर के संस्थापक का जन्मदिन मनाया

**भीमताल :** भीमताल पेंशनर्स वेलफेयर के संस्थापक रहे सेवानिवृत्त जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़ उत्तर प्रदेश सुभाष चन्द्र जोशी के 91वें जन्मदिन पर पेंसनर वेलफेयर, पूर्व सैनिक संगठन, व्यापार मंडल, उ .ख .आन्दोलन पदाधिकारी सदस्यों सहित क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोगों ने अपने वरिष्ठ, समाजसेवी, सम्मानित मार्गदर्शक रहे जोशी के निवास में जाकर उनका आशीर्वाद लिया। वहीं उन्हें अंगवस्त्र से सम्मानित कर पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके दीर्घायु और स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इस दौरान बीडी पलडिया, पूर्व सैनिक संगठन के नन्द किशोर, लवेन्द्र रौतेला, उ .ख .आन्दोलन के चन्दन बिष्ट सहित तमाम कार्यकर्ताओं ने सहभागिता कर उनके द्वारा किए गए समाज के प्रति सहयोग को याद कर उन्हें जन्मदिन पर बधाई दी।

# माल रोड के स्थायी उपचार के लिए नहीं मिल रहा ठेकेदार , सातवीं बार टेंडर जारी

## वर्ष 2018 में क्षतिग्रस्त हुई थी लोअर मालरोड , ज्यादा लागत के डर से ठेकेदार हट रहे पीछे

संवाददाता, नैनीताल



लोअर माल रोड में उभरी दरारें। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** वर्ष 2018 में क्षतिग्रस्त लोअर मालरोड को अब भी स्थायी उपचार नहीं मिल पाया। सड़क की स्थायी मरम्मत के लिए लोनिवि ने सातवीं बार निविदा निकाली है। पूर्व में छह बार निकाली गई निविदा के बाद भी लोनिवि को कोई ठेकेदार नहीं मिल पाया। बताया जा रहा कि कार्य में मशीनों में ज्यादा लागत लगने के डर से कोई भी ठेकेदार निविदा नहीं डाल रहा। अब विभाग ने सातवीं बार निविदा निकाली है।

विभागीय अधिकारियों का दावा है कि इस साल सड़क का स्थायी उपचार कर दिया जाएगा। बता दें कि वर्ष 2018 में लोअर मालरोड का लगभग 25 मीटर हिस्सा टूट कर झील में समा गया था। लगभग एक माह बाद सड़क का जियो बैग व जीआई पाइपों की मदद से अस्थाई ट्रीटमेंट किया गया। इस बीच लगभग एक माह तक सड़क पर यातायात भी ठप रहा था, जिसके बाद सड़क को स्थाई ट्रीटमेंट दिये जाने के लिए कई विशेषज्ञों ने अध्ययन किये। शासन की ओर से अस्थाई उपचार के लिए 82 लाख का बजट भी जारी किया गया, लेकिन सड़क के अस्थाई उपचार के लिए ठेकेदार नहीं मिल पाया, जिसके बाद लोनिवि ने टीएचडीसी को नये सिरे से सड़क का स्थाई ट्रीटमेंट करने का प्रस्ताव दिया। बीते वर्ष टीएचडीसी के विशेषज्ञों के अध्ययनों के बाद लगभग चार करोड़ की डीपीआर बनाकर शासन को भेजी, जिसको देखते हुए शासन की ओर से 3.48 करोड़ का बजट स्वीकृत कर दिया था, लेकिन लोनिवि की ओर से छह निविदा निकालने के बाद भी कोई ठेकेदार काम के लिए सामने नहीं आया, जिसके चलते अब तक सड़क का स्थाई उपचार नहीं हो पाया है। अब सातवीं बार की निविदा में सड़क के स्थायी उपचार की उम्मीद लगाई जा रही है।

### माल रोड के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा

स्थायी ट्रीटमेंट के आभाव में माल रोड में एक बार फिर दरार दिखने लगी हैं, 6 साल बीत जाने के बावजूद भी नैनीताल की ऐतिहासिक माल रोड का स्थायी ट्रीटमेंट ना होने से अब एक बार फिर से सड़क पर दरार पड़ने लगी हैं, जिससे माल रोड के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा है।

> लोअर मालरोड के स्थायी उपचार के लिए छह बार निविदा निकाली जा चुकी है लेकिन कोई ठेकेदार नहीं मिल पाया है। बताया कि अब पुन: सातवीं बार निविदा निकाली गई है ठेकेदार मिलने पर काम शुरू कर दिया जाएगा। **-रत्नेश सक्सेना**, अधिशासी अभियंता, लोनिवि



विधायक के साथ मुख्यमंत्री से मिलते छात्र नेता। ● अमृत विचार

# डिग्री कालेज को कैम्पस का दर्जा दिलाने की मांग

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** विधायक दीवान सिंह बिष्ट, भाजपा नगर अध्यक्ष मदन जोशी एवं युवा मोर्चा के शिखर भट्ट के नेतृत्व में छात्र नेताओं ने मुख्यमन्त्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की।

रामनगर महाविद्यालय को कैम्पस का दर्जा दिए जाने की मांग की। छात्र नेताओं ने कहा कि रामनगर कुमाऊं गढ़वाल का प्रवेश द्वार है। यहां कुमाऊं और गढ़वाल के विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने आते हैं। अतः रामनगर डिग्री कालेज को कैंपस के दर्जा दिया जाना जरूरी है। छात्र नेताओं ने संस्कृत संगीत गृह विज्ञान, बीएससी में विषय माइक्रोबायोलॉजी, फॉरेस्ट्री व साथ ही बीबीए व एमबीए को सम्मिलित करने की भी मांग रखी। सीएम धामी को उनकी घोषणा का भी स्मरण कराया गया जिसमें उनके द्वारा डिग्री कालेज के क्रीड़ा स्थल को मिनी स्टेडियम बनाने की घोषणा की गई थी।

इस दौरान युवा मोर्चा के शिखर भट्ट, छात्र महासंघ कुमाऊं पीयूष जोशी, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष गुरकीरत सिंह भुल्लर, छात्र महासंघ कोषाध्यक्ष अभिषेक चंद्रा, नीरज कंडारी, बलजीत मौजूद रहे।

# पर्यटन मंत्री से की फीस कम करने की मांग

संवाददाता, रामनगर



पर्यटन मंत्री से मुलाकात करते भाजपा नेता गणेश रावत। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के प्रबुद्ध वर्ग प्रकोष्ठ के जिला संयोजक गणेश रावत ने पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज से भेंट करके स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट के डिग्री पाठ्यक्रम की फीस कम करने की मांग की है।

इसके अलावा सांवल्दे में साढ़े पांच करोड़ की लागत से बनाए गए कन्वेंशन सेंटर को पर्यटन और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए खोले जाने की मांग उठाई। मंत्री ने दोनों ही विषयों को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। बता दें कि सावल्दे में इस वर्ष से शुरू हो रहे राजकीय होटल प्रबंधन संस्थान में तीन वर्षीय पाठ्यक्रम की फीस तीन लाख रुपये से अधिक है। भाजपा नेता रावत ने इसे उत्तराखंड के आम गरीब और निम्न मध्यमवर्गीय छात्रों के बस से बाहर का बताते हुए फीस में कटौती का अनुरोध किया।

मंत्री सतपाल महाराज ने मामले का संज्ञान लेकर अधिकारियों को इस पर विचार करने को निर्देशित किया।

# राज्य मेले का दर्जा दिलवाने का प्रयास करूंगा

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** भीमताल के हरेला मेले में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा ने किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि उनके संज्ञान में आया है कि स्थानीय जनता की मांग है कि हरेला मेले को राज्य मेला घोषित किया जाए, इसके लिए वह शीघ्र ही मुख्यमंत्री से वार्ता करेंगे।

उनका प्रयास रहेगा कि जनता की मांग को पूरा किया जाए। वहीं बताया कि गत दिनों बारिश से प्रदेश की कुछ सड़कें बंद हो गई थीं जिसकों तीव्र गति से कार्य कर खोला जा रहा है।

वहीं बताया कि नैनीताल की विधायक सरिता आर्य ने 40 सड़कों का और भीमताल के विधायक ने 30 सड़कों का प्रस्ताव भेजा है जिसका आगणन बनाया जा रहा है। सभी मार्गों को ठीक कराया जाएगा। इस दौरान नैनीताल विधायक सरिता आर्या, ब्लाक प्रमुख ओखलकांडा कमलेश कैड़ा, मंडल अध्यक्ष कमला आर्या, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज भट्ट, भाजपा नेता अखिलेश सेमवाल, नितेश बिष्ट, गौतम मटियाली, योगेश तिवारी, आशा आर्या समेत कई जन मौजूद थे।



भीमताल में हरेला मेले के दौरान केन्द्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा व अन्य। ● अमृत विचार

### मेले में बने मंच पर धरने पर बैठे कांग्रेस कार्यकर्ता

मेले में बने मंच पर धरने पर बैठे कांग्रेस कार्यकर्ता कांग्रेसियों ने मेले में भाजपाइयों, प्रशासनिक अधिकारियों और नगर पालिका के अधिकारियों पर राजनीति करने का आरोप लगाया। इस दौरान वह मेले में बने मंच में धरने पर बैठ गए। कांग्रेसियों ने बताया कि मेले की परंपरा रही है कि मेले में सत्तारुढ़ और विपक्ष के नेताओं को समान रूप से बुलाया जाता है। पर इस बार आयोजकों के द्वारा केवल भाजपा के नेताओं को ही मंच के उद्घाटन में बुलाया जा रहा है। कांग्रेसियों ने मेले के समापन में इस बार नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्या को बुलाने की मांग की। इस दौरान मंच में कांग्रेसियों को समझान के लिए उपजिलाधिकारी नैनताल प्रमोद कुमार पहुंचे और उन्होंने मांग पर सकारात्मक कार्यवाही का आशवासन दिया।

# मोटर मार्ग की गुणवत्ता जांची

संवाददाता, भीमताल



मोटर मार्ग में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण करतीं अधिशासी अभियंता।

**अमृत विचार :** भीड़ापानी-महतोली-नाई मोटर मार्ग पर चल रहे कार्य का निरीक्षण पीएमजी की अधिशासी अभियंता मीना भट्ट एवं कनिष्ठ अभियंता ने किया। ग्राम प्रधान भूमका मुकेश चंद्र बौद्ध ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत किए जा रहे निर्माण कार्य में काफी अनियमितता पायी गयी।

गांव के लोगों ने भी इस अनियमितता के लिए आक्रोश जताया, निरीक्षण के दौरान नाई चकदलार, बरमधार, भुमका एवं कई ग्राम प्रधान उपस्थित रहे। वहीं बताया कि विगत कई वर्षों से ग्रामीण इस टूटी-फूटी सड़क में चलते हैं। ग्रामीणों की मांग पर सरकार ने इस सड़क को ठीक करने के लिए बजट आवंटित किया परंतु ठेकेदार ने सही से कार्य नहीं किया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता से ग्रामीणों ने कार्य की गुणवत्ता की जांच कर ठेकेदार के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की। पर्यावरण प्रेमी चंदन सिंह नयाल ने कहा यदि उचित कार्रवाई नहीं होती है तो सभी ग्रामीण कुमाऊं कमिश्नर को मिलकर उन्हें ज्ञापन देंगे एवं धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। ग्रामीणों ने इस सड़क निर्माण में कनिष्ठ अभियंता की हमेशा कार्यदिवस में उपस्थिति को अनिवार्य बताया। निरीक्षण के दौरान कुन्दन सिंह नयाल, भवान चौहान, अर्जुन सिंह, महेन्द्र धौनी, संजय सिंह, चन्दन सिंह, उमेद बर्गली, नरेश नयाल, शिवराज सिंह, पूरन सिंह, किशन नयाल, हरीश बिष्ट, हीरा नयाल, सुरेश आर्या, जय राम, प्रकाश चंद्र, हरीश चंद्र, आदि मौजूद रहे।

### दुकान में काम करने वाले युवक और युवती लापता

**नैनीताल :** शहर के मल्लीताल क्षेत्र स्थित दो अलग-अलग प्रतिष्ठानों में काम करने वाले युवक और युवती फरार हो गए। मल्लीताल निवासी युवती और सात नंबर निवासी युवक मल्लीताल स्थित एक प्रतिष्ठान में कार्य करते थे। इस बीच दोनों के बीच प्रेम प्रसंग हो गया। दोनों अलग-अलग सम्प्रदाय से जुड़े होने के कारण स्वजनों की सहमति नहीं मिली तो गुरुवार सुबह युवती बिना बताए घर से कहीं चले गयी। घर पर वह एक नोट भी छोड़ गई। स्वजनों ने उसकी काफी तलाश की मगर कुछ पता नहीं चला। इधर युवक भी दुकान पर काम करने नहीं पहुंचा तो स्वजनों और लोगों को दोनों के साथ मे भाग जाने का शक हुआ। युवती के स्वजनों ने कोतवाली पहुंचे।

# सीएचसी के उच्चीकरण के लिए दिया ज्ञापन



विधायक बंशीधर भगत को ज्ञापन देते भाजपा नेता गोपाल बुधला कोठी। ● अमृत विचार

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार :** सीएचसी के उच्चीकरण के लिए भाजपा के वरिष्ठ नेता गोपाल बुढलाकोटी व राजेन्द्र जलाल ने विधायक बंशीधर के माध्यम से मुख्यमंत्री धामी को ज्ञापन भेजा। गोपाल बुढलाकोटी ने विधायक को अवगत कराते हुए बताया कि सीएचसी रेफर सेंटर.बन गया है। आये दिन दुघटनाओं में चिकित्सा के अभाव में लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ती है। कालाढूंगी, चकलुवा क्षेत्र की गर्भवती, गंभीर बीमार मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

# एसपी सिटी ने किया कोतवाली का निरीक्षण

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** एसपी हरबंश सिंह ने कोतवाली का औचक निरीक्षण किया। इस बीच उन्होंने मालखाना, कोतवाली दस्तावेजों के साथ ही मैस व शौचालय में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कोतवाल को ऑनलाइन जीडी में सभी सूचनाएं अंकित करने व कार्यालयी दस्तावेजों को दुरुस्त करने के साथ लंबित वादों के तेजी से निस्तारण के निर्देश दिये।

गुरुवार को एसपी हरबंश सिंह मल्लीताल कोतवाली का औचक निरीक्षण करने पहुंचे, जहां उन्होंने मालखाने में रखे माल के बारे में जानकारी ली। साथ ही बीते समय में कोतवाली स्तर पर दर्ज किये गए मामलों के साथ ही अन्य वादों के निस्तारण संबंधित दस्तावेजों की सघनता से जांच की। जिसके बाद उन्होंने मैस का निरीक्षण कर कर्मियों को गुणवत्तापरक भोजन परोसने व मानसून के दौरान साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये। कोतवाली स्तर पर महिलाओं की शिकायतों का प्रमुखता से निस्तारण करने को कहा। एसपी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान कोई खामी नहीं मिली है। सभी दस्तावेज पुख्ता पाए गए है। लंबित वादों को शीघ्र निस्तारित करने व ऑनलाइन जीडी में हर एंट्री चढ़ाने के निर्देश दिये हैं।

▶▶ **मालखाना, कोतवाली दस्तावेजों के साथ ही मैस व शौचालय में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया**

### लगातार बढ़ रही बिजली की मांग

**नैनीताल :** शहर में बिजली की मांग में लगातार वृद्धि हो रही है, जिसके चलते ऊर्जा निगम के आंकड़े बताते हैं कि अंतिम चार महीनों में बिजली की खपत में भारी वृद्धि दर्ज की गई है।

ऊर्जा निगम के अनुसार मार्च से जून इन चार महीनों में नौ लाख यूनिट अतिरिक्त बिजली खपत की गई है। आंकड़ों के अनुसार, नैनीताल शहर में मार्च 1 करोड़ 23 लाख 90 हजार, अप्रैल 1 करोड़ 10 लाख 50 हजार, मई 1 करोड़ 15 लाख 80 हजारऔर जून में 1 करोड़ 4 लाख 90 हजार यूनिट बिजली की खपत दर्ज की गई है। इसमें शहर में स्थापित 2919 व्यावसायिक और 7087 घरेलू कनेक्शन शामिल हैं। ऊर्जा निगम के सहायक अभियंता आरएस बिष्ट ने बताया कि इस साल गर्मी अधिक होने के कारण बिजली की मांग में इस तरह की वृद्धि देखने को मिली है।

# पालिका में रिक्त पदों के चलते काम प्रभावित

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** प्रदेश की ऐतिहासिक नगर पालिका में बीते लंबे समय से आधे दर्जन से अधिक पद रिक्त पड़े हैं जिसके चलते काम काफी प्रभावित हो रहा है, जिससे कर्मचारियों सहित स्थानीय लोगों की भी फजीहत हो रही है।

पर्यटन नगरी होने के चलते नगर में सफाई व्यवस्था सबसे जरूरी है, लेकिन बीते कई माह से पालिका में एसआई का पद रिक्त पड़ा है जिससे सफाई व्यवस्था काफी प्रभावित हो रही है, हालांकि एसआई के पद पर पालिका कर्मचारी हिमांशु को अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है, लेकिन दो दो पदों की जिम्मेदारी के चलते काम अक्सर प्रभावित हो रहा है। वहीं मानसून का सीजन शुरू हो चुका है ऐसे में आपदा की घटनाएं बढ़ रही हैं। ऐसे में पालिका से जेई के सेवानिवृत्त होने के बाद से ये पद भी रिक्त पड़ा है, जबकि मानसून सीजन के दौरान जेई की सख्त जरूरत होती है।

### जल्द ही जेई की नियुक्ति की जा सकती है

अधिशासी अधिकारी पूजा आर्य ने बताया कि पालिका में वैसे तो काफी रिक्त पद है लेकिन सफाई व्यवस्था को दुरस्त बनाये रखने के लिए एसआई की काफी जरूरत है। वहीं आपदा का मौसम है ऐसे में जेई के रिक्त पद को भरे जाने के लिए जिलाधिकारी को पत्र भेजा है। उम्मीद है कि जल्द ही जेई की नियुक्ति की जा सकती है।

### बीडीसी बैठक कल

**भीमताल :** भीमताल क्षेत्र पंचायत की बैठक 20 जुलाई को प्रात 11 : 00 बजे से विकास खंड सभागार में आयोजित होगी। इस बात की जानकारी देते हुए ब्लॉक प्रमुख डॉ . हरीश सिंह बिष्ट ने विकास खंड के सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों, ग्राम प्रधान और विभागीय अधिकारियों को संपूर्ण जानकारी के साथ उपस्थित रहने को कहा।

**पाठकों हेतु सूचना**

प्रिय पाठको,

हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

## आज का मौसम

खिलेगी धूप, छाएंगे बादल, होगी बारिश

| 31.0⁰ | 27.0⁰ |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05.25 | सूर्यास्त 07.11 |

## नियमों का उल्लंघन

ऑनलाइन तो क्या ऑफलाइन चालान भी कोई काट नहीं सकता...कानून केवल उनके लिए है जो नियम का पालन करता है...नियम तोड़ने वालों को छूट है... शहर में पुलिस, सीपीयू और आरटीओ के चालान से बचना है तो इन तस्वीरों को देख लीजिए, किस तरह से लोग नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए बच निकलते हैं। ऐसी स्थिति में ऑनलाइन चालान काटने वाले कैमरों से इन्हें पकड़ना नामुमकिन है। वहीं ऑफलाइन चेकिंग में भी ये लोग पुलिस जवानों को चकमा देकर आसानी से निकल जाते हैं।

फोटो एवं विवरण ● भूपेश कन्नौजिया



नक्काशीदार नंबर प्लेट, खास सांचे में ढाल कर बनाया है, बोरिंग हाईसिक्योरिटी नंबर प्लेट को कहें बाय


नंबर प्लेट को कवर पहना दें, बारिश और धूप से फुल प्रोटेक्शन.. साथ ही चालान से भी, ध्यान रहे हवा से सरके न..


हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट की धज्जियां उड़ा सकते हैं..पहले अपना तकनीकि जुगाड़ देखना है, तीसरी आंख को धोखा देने का जबरदस्त तोड़...


गाड़ी में नंबर प्लेट ऐसे लगाएं ताकि कैमरे क्या आदमी भी सही से देख न पाएं, जरूरत पड़े तो दो चार लाइट और स्टीकर भी लगाएं।



हेलमेट से पिछली नंबर प्लेट ढक सकते हैं ऐसा करने से कैमरे फोकस नहीं कर पाएंगे और चालान से बच जाएंगे, हेलमेट सिर की अपेझा इधर ज्यादा सुरक्षित है।



वाहन सरकारी है थोड़ी अकड़ तो बनती है, पीछे की नंबर प्लेट गायब है तो क्या.. आगे से देख लो, सरकारी महकमा कभी कोई गलती नहीं कर सकता, समझे..!


वाहन कितना भी पुराना क्यों न हो जाए आपके अंदर दम है तो कभी भी नंबर प्लेट पर नंबर मत गुदवाओ, यही है असली मर्दों की पहचान...

## एक नजर

### यूओयू में आज से शुरू होंगी परीक्षाएं

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड मुक्त विवि (यूओयू) में शुक्रवार से परीक्षाएं प्रारंभ हो जाएंगी जो 12 सितंबर तक चलेंगी। परीक्षाओं के लिए प्रदेश में 71 सेंटर बनाए गए हैं। परीक्षा तीन पाली में होगी। सहायक परीक्षा प्रभारी यूओयू नवनीत मेहरा के अनुसार शुक्रवार सुबह 9 बजे से 11 बजे, दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक और अपरान्ह में 3 बजे से शाम 5 बजे तक तीन पालियों में मुख्य, बैक और सुधार परीक्षा होगी। करीब 70 हजार से अधिक परीक्षार्थी परीक्षा में प्रतिभाग करेंगे।

### दिशा की बैठक आज सर्किट हाउस में

**हल्द्वानी :** मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पांडे ने बताया कि सांसद अजय भट्ट की अध्यक्षता में 19 जुलाई को जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सर्किट हाउस काठगोदाम में सुबह 10 :30 बजे होगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को विभिन्न कार्यक्रमों की अध्यावधिक प्रगति की सूचनाओं सहित बैठक में पहुंचने के निर्देश दिए हैं।

### आज रामपुर रोड पर गुल रहेगी बिजली

**हल्द्वानी :** बिजली विभाग के ईई प्रदीप कुमार ने बताया कि नैनीताल रोड का चौड़ीकरण किया जा रहा है। इसी क्रम में 19 जुलाई को सरस मार्केट के समीप पेड़ों की लॉपिंग व कटान प्रस्तावित है। अब यह काम 20 जुलाई को होगा। बताया कि 20 जुलाई को रामपुर रोड पर शटडाउन दिया जाना था, जिसे बदलकर 19 जुलाई कर दिया है। वहीं शनिवार को फूलचौड़ फीडर से बजरंग एसोसिएट के पास 11 केवी का तार खोलना है। इस दौरान सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक शटडाउन होगा।

# स्मैक के लिए पैसे नहीं दिए तो बड़े ने छोटे भाई को उतारा मौत के घाट

## घर के बाहर सिर पर बल्ली मारकर की हत्या, मुखानी पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** स्मैक खरीदने के लिए पैसे नहीं दिए तो बड़े भाई ने छोटे भाई को मौत के घाट उतार दिया। घर के बाहर ही हत्यारे ने सिर पर बल्ली मारकर घटना को अंजाम दिया। इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। पीड़ित परिवार की तहरीर पर मुखानी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।


सूरज। (फाइल फोटो)

बच्चीनगर एक लामाचौड़ मुखानी निवासी सूरज चंद्र जोशी (28 वर्ष) पुत्र स्व. गिरीश चंद्र जोशी बेरोजगार था। वह यहां मां मोहिनी के साथ रहता था। उसकी छह बहनें हैं, वह पांच भाइयों में सबसे छोटा था। पिता सेना से सेवानिवृत्त थे और तीसरे नंबर का भाई मनोज स्मैक का लती है। बीती 14 जुलाई की रात करीब 9 बजे सूरज और मनोज घर के बाहर मौजूद थे। तभी मनोज ने सूरज से स्मैक के लिए पैसे मांगे। सूरज के पास पैसे नहीं थे और उसने इंकार कर दिया। इस पर मनोज ने झगड़ा शुरू कर दिया और पास ही पड़ी बल्ली उठा कर सूरज के सिर पर मार दी। जोरदार वार से सूरज लहूलुहान होकर वहीं गिर गया। परिजनों ने आनन-फानन में मुखानी पुलिस को सूचना दी और सूरज को एक निजी अस्पताल लेकर गए। हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने सूरज को बरेली स्थित राम मूर्ति अस्पताल रेफर कर दिया। यहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूरज की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

परिजन उसी दिन सूरज के शव को लेकर घर पहुंचे। सूरज के भाई हरीश चंद्र जोशी ने अपने बड़े भाई मनोज के खिलाफ मुखानी पुलिस को तहरीर सौंपी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष पंकज जोशी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। घटना के पीछे स्मैक के लिए पैसों की मांग की बात सामने आ रही है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 105 (गैर इरादतन हत्या) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

### एक भाई सेना में तो दूसरा सेना से है सेवानिवृत्त

**हल्द्वानी :** सूरज भले ही बेरोजगार था, लेकिन उसके पांच भाइयों में दूसरे नंबर का भाई सेना से सेवानिवृत्त है और चौथे नंबर का हरीश चंद्र जोशी सेना में सिपाही के पद पर तैनात है। जबकि पिता गिरीश चंद्र जोशी भी सेना से सेवानिवृत्त थे। सूरज की पांच बहनें है और सभी की शादी हो चुकी थी। इसमें से तीसरे नंबर का भाई मनोज जिस पर हत्या का आरोप है वह गलत संगत में पड़ कर स्मैक का लती हो गया।

### घरवालों ने ही पकड़ कर पुलिस को सौंपा

**हल्द्वानी :** मामले में 18 जुलाई को तहरीर मिली और उसी दोपहर मनोज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया। इधर, घटना को अंजाम देने के बाद मनोज भाग पाता, इससे पहले ही घरवालों ने उसे पकड़ लिया। उसने भागने की कोशिश भी की, लेकिन भाग नहीं सका। जब राममूर्ति में चिकित्सकों ने सूरज को मृत घोषित कर दिया तो घरवालों ने खुद ही मनोज को पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

### बड़ा भाई बोला...मनोज से मोहल्ले में दहशत

**हल्द्वानी :** मनोज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने वाले हरीश चंद्र जोशी ने पुलिस को दी तहरीर में मनोज के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करने और कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। बताया जाता है कि स्मैक के लती मनोज से सिर्फ घरवाले ही परेशान नहीं थे, बल्कि आसपास के लोग भी परेशान थे। अपने ही भाई की हत्या करने के बाद पूरे मोहल्ला दहशत में है।

## जिले में आज भी बारिश के आसार

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** बुधवार की रात शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में मूसलाधार बारिश हुई। गुरुवार की सुबह बारिश रुक गई और दिन के समय बादल छाए रहे। सांय पांच बजे शहर और आसपास के क्षेत्रों में हल्की बूंदाबांदी हुई। इसके बाद फिर धूप निकल आई। उमस भरी गर्मी से लोग परेशान रहे। बारिश के बाद भी गर्मी कम नहीं हो रही है। पिछले सात दिनों से अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक चल रहा है।

दिन के समय उमस भरी गर्मी पड़ रही और रात को भी न्यूनतम तापमान सामान्य से ज्यादा है। हल्द्वानी में बुधवार की रात दो घंटे तक बारिश होती रही। रात के समय हल्द्वानी में 62 मिमी पानी बरसा। गुरुवार को दिन के समय उमस भरी गर्मी रही। शहर में अधिकतम तापमान 35.7 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26.4 डिग्री सेल्सियस रहा। अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस ज्यादा था। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार शुक्रवार को भी नैनीताल जिले में बारिश होने के आसार हैं।

# पतलोट सड़क हादसे के मृतकों के परिजनों को दिए चेक बाउंस

**आरोप**

- कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री हरीश पनेरू का दावा
- प्रशासन पर लगाया परिजनों से क्रूर मजाक करने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिला प्रशासन पर पतलोट हादसे के मृतकों के परिजनों के साथ क्रूर मजाक करने का आरोप लगा है। प्रशासन की ओर से मृतकों के परिजनों को मुआवजा के लिए दिए गए सभी चेक बाउंस हो गए हैं।

कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री हरीश पनेरू ने गुरुवार को लोनिवि विश्राम गृह में प्रेस वार्ता कर बताया कि बीती 5 जून को हल्द्वानी से पुटपुड़ी जा रही मैक्स पतलोट मोटर मार्ग से दो किलोमीटर पहले अनरबन के पास बेकाबू होकर खाई में गिर गई थी। हादसे में सात लोगों की मौत हो गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि मृतकों के परिजनों को जिला प्रशासन की ओर से दो-दो लाख रुपये के आर्थिक सहायता के चेक दिए थे, ये चेक बाउंस हो गए। आरोप लगाया कि एक नहीं तीन-तीन बार चेक बाउंस हुए। कहा कि प्रशासन ने मृतकों के परिजनों के जख्मों पर नमक छिड़कने का काम किया है। इसको लेकर ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश है। इधर, जिला प्रशासन ने इसको लेकर स्पष्टीकरण दिया है। अधिकारियों का दावा है कि तकनीकी वजहों से चेक बाउंए हुए हैं।


प्रेसवार्ता करते हरीश पनेरू।

> विभागीय बैंक खाते में पर्याप्त धनराशि है, बैंक से चेक बाउंस को लेकर वार्ता की गई तो सामने आया कि मामला चेक बाउंस का नहीं है। बैंक की स्थानीय शाखा ने उपरोक्त चेक क्लियरिंग को दिए थे। सेंट्रलाइज्ड सर्वर से हस्ताक्षर भिन्नता की आपत्ति लगने पर चेक वापस हुए हैं। प्रभावितों के खातों में धनराशि आरटीजीएस के माध्यम से भेजी जा रही है। भविष्य में आर्थिक सहायता के चेक न देकर सीधे खाते में आरटीजीएस से हस्तांतरित करने के निर्देश दिए हैं।
> –**फिंचाराम चौहान**, एडीएम, नैनीताल

# शादी का निमंत्रण देकर पुजारी की सोने की अंगूठी ले गया ठग

**प्रकरण**

- घर से टहलने निकले बुजुर्ग पुजारी बने ठग का शिकार
- बातों से किया सम्मोहित, घटना का सीसीटीवी फुटेज वायरल

कार्यालय संवाददाता हल्द्वानी

**अमृत विचार :** घर से टहलने निकले बुजुर्ग पुजारी बातों के सम्मोहन में फंस गए। ठग ने उन्हें बेटे की शादी का निमंत्रण देने की बात कही और बातों-बातों में उनका हितैशी बन बैठा। बातों के सम्मोहन में फंसे पुजारी ने अपनी अंगूठी उतारी और जेब से नगदी निकाल कर ठग को सौंप दी। माल मिलते ही आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।


पुजारी को अपनी बातों में उलझाता सीसीटीवी में कैद हुआ ठग। ● अमृत विचार

दमुवाढूंगा निवासी पूरन चंद्र तिवारी ने बताया कि वह पुरोहित हैं। गुरुवार की सुबह वह टहलते हुए घर से पनचक्की की ओर जा रहे थे। रास्ते में अचानक एक व्यक्ति उनसे टकरा गया। वह कुछ समझते युवक ने उन्हें नमस्कार किया और बोला, पहचाना नहीं। उन्होंने इंकार किया तो ठग बोला कि उसके बेटे की शादी होनी है। वह निमंत्रण देने उनके घर जा रहा था, लेकिन आप रास्ते में ही मिल गए। कार्ड के बहाने वह उन्हें सुनसान स्थान पर ले गया। तभी एक और शातिर वहां पहुंच गया, जिसे ठग ने अपना बेटा बताया। उसने पुजारी की अंगूठी की तारीफ की और बोला, उसे भी ऐसी ही अंगूठी बनानी है। शातिरों ने उनके हाथ से अंगूठी उतरवा ली और 500 रुपये भी ले लिए। इसके बाद दोनों बाइक पर सवार होकर फरार हो गए। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज से आरोपियों की शिनाख्त की जा रही है।

# नाबालिग से दुष्कर्म, दोस्त से संबंध बनाने का बनाया दबाव

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**शर्मनाक**

- अश्लील फोटो खींच कर आरोपी कर रहा था डेढ़ साल से दुष्कर्म
- तबीयत बिगड़ी तो लड़की ने मां को बताई बात, दर्ज हुआ मुकदमा

**अमृत विचार :** नाबालिग छात्रा को प्यार के जाल में फंसा कर युवक ने उससे शारीरिक संबंध बनाए और फिर अश्लील फोटो खींच ली। जिसके बाद वह लड़की पर उसके दोस्त के साथ भी शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाने लगा। लड़की की तबीयत बिगड़ी तो उसने मां को सारी बता बताई। मुखानी पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पीड़िता की मां ने पुलिस को बताया कि उसकी 17 वर्षीय बेटी 12वीं की छात्रा है। करीब डेढ़ साल पहले वह लालडांठ निवासी अमित कुमार के संपर्क में आई। अमित ने उसे अपने प्यार के जाल में फंसा लिया। अमित उनकी गैर मौजूदगी में उनके घर आने लगा। उसने बेटी से न सिर्फ शारीरिक संबंध बनाए, बल्कि उसकी अश्लील फोटो भी खींच ली। इन फोटो को वायरल करने की धमकी देकर वह डेढ़ साल तक लड़की का शारीरिक शोषण करता रहा। मनोज लड़की पर उसके दोस्त लालडांठ निवासी नीरज टाकुली से भी शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाने लगा।

इधर, एक रोज लड़की की तबीयत बिगड़ी तो मां ने वजह पूछी। जिसके बाद लड़की ने मनोज की सारी करतूत बता दी। बताया कि दोनों लगातार उसे वीडियो कॉल करके भी परेशान कर रहे हैं। मुखानी थानाध्यक्ष पंकज जोशी ने बताया कि दोनों आरोपियों की तलाश की जा रही है और जल्द ही आरोपी गिरफ्तार कर लिए जाएंगे।

# बिना डिग्री के पैथोलॉजी लैब में सैंपल लेते कर्मचारी पकड़ा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गुरुवार को शहर में संचालित कई पैथोलॉजी लैबों पर छापा मारा। इस दौरान दो पैथोलॉजी लैबों के अभिलेखों में गड़बड़ी मिलने पर चालान की कार्रवाई की गई। साथ ही एक लैब में कर्मचारी को बिना डिग्री के मरीज का ब्लड सैंपल लेते पकड़ा गया।

एसीएमओ डॉ. राहुल लसपाल के नेतृत्व में विभागीय टीम ने सर्वप्रथम राजकीय महिला अस्पताल के सामने एक पैथोलॉजी लैब में छापा मारा। जांच के दौरान लैब संचालन के संबंध में कोई भी अभिलेख नहीं मिले। इस पर लैब संचालक को समय पर अभिलेख उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही लैब का चालान किया गया। इसके बाद टीम डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल के पास एक पैथोलॉजी लैब में पहुंची। यहां एक कर्मचारी एक मरीज का ब्लड सैंपल ले रहा था।

जब टीम ने कर्मचारी से डिग्री मांगी गई तो वह डिग्री दिखाने में असमर्थ रहा। जांच के दौरान लैब के अभिलेख सही नहीं पाए गए। जिस पर एसीएमओ डॉ. लसपाल ने उक्त लैब का भी चालान किया। उन्होंने सभी लैब संचालकों को लैब में रेट लिस्ट चिपकाने के निर्देश दिये। इसके बाद टीम ने नीलकंठ अस्पताल, बालाजी अस्पताल, अग्रवाल पैथोलॉजी लैब में भी छापा मारा। जहां सभी व्यवस्थाएं ठीक मिलीं। इस दौरान कनिष्ठ सहायक अभिषेक सौदे मौजूद रहे।


पैथोलॉजी लैब की जांच करते एसीएमओ डॉ. राहुल लसपाल। ● अमृत विचार

**कार्रवाई**

- स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पैथोलॉजी लैबों पर मारा छापा
- अभिलेखों में गड़बड़ी पर दो लैबों का किया चालान

**बारिश से आफत** — पुलिस के रोकने के बावजूद नहीं माना युवक, बहाव में फंसा, बमुश्किल उफान से बाहर निकला और पैदल गया घर

# देवखड़ी नाले में फिर बहा बाइक सवार, रेलिंग से बची जान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** हाईडिल से कॉलटैक्स के बीच कैनाल रोड पर देवखड़ी नाला एक बार फिर उफान पर आ गया। रात करीब ढाई बजे एक बाइक सवार तेज बहाव में फंस कर बह गया। सड़क किनारे लगे रेलिंग से युवक और बाइक दोनों बच गए। किसी तरह युवक पानी से बाहर निकला और पैदल ही घर को चला गया।


देवखड़ी नाले में रेलिंग में फंसी युवक की बाइक। ● अमृत विचार

बुधवार की देर रात हुई भारी बारिश से देवखड़ी से होकर बहने वाला नाला उफान पर आ गया। पुलिस के मुताबिक रात करीब ढाई बजे एक युवक हाईडिल से कॉलटैक्स की ओर जा रहा था। नाले के दूसरी ओर पुलिस की गाड़ी खड़ी थी। बाइक सवार को आता देख पुलिस ने लाउडस्पीकर से कई बार रुकने को कहा, लेकिन वह नहीं माना।

वह जैसे ही आगे बढ़ा तो नाले के तेज बहाव से बाइक का संतुलन बिगड़ा और वह गिर गया। युवक और बाइक दोनों बहाव में बहने लगे। गनीमत रही कि कुछ दूरी पर हाल में लोहे की रेलिंग लगाई गई और युवक व बाइक दोनों रेलिंग में अटक गए।

बमुश्किल युवक रेलिंग के सहारे पानी से बाहर निकला। कुछ देर रुकने के बाद वह पैदल घर चला गया। काठगोदाम थानाध्यक्ष विशाल मिश्रा ने बताया कि हाईडिल की ओर बेरिकेडिंग भी लगाई गई है। इसके बावजूद दोपहिया सवार यहां से आ रहे हैं।

### ग्यारह दिन बाद खुला हरीशताल मार्ग

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** लंबे समय से बंद हरीशताल मार्ग खुल गया है। जिससे ग्रामीणों को काफी राहत मिली है। वहीं बारिश और भूस्खलन की वजह से जिले में चार मार्ग अभी भी बंद हैं। हरीशताल से कौंता मार्ग छह जुलाई को भूस्खलन की वजह से बंद हो गया था। इस मार्ग को खोलने में पीएमजीएसवाई काठगोदाम के पसीने छूट गए थे। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया था। आखिरकार 11 दिन बाद गुरुवार को मार्ग खोल दिया गया। पीएमजीएसवाई काठगोदाम खंड की अधिशासी अभियंता मीना भट्ट ने बताया कि मार्ग में अभी भी कई जगह खतरा बना हुआ है। फिलहाल आवाजाही शुरू करवा दी गई है। बारिश रुकने के बाद मार्ग को पूरी तरह से ठीक किया जाएगा। वहीं देवीपुरा से सौड मार्ग छह जुलाई से बंद है। इस मार्ग को 20 जुलाई तक खोला जा सकता है। जैना से चंद्रकोट, ढोलीगांव से धैना और पदमपुरी से सुवाकोट मार्ग अभी भी बंद हैं।

## कृषि नीतियों में बदलाव की आवश्यकता

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** संयुक्त किसान मोर्चा ने सांसद अजय भट्ट को ज्ञापन भेजकर क्षेत्र के किसानों की समस्याओं से अवगत कराया।

अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष बहादुर सिंह जंगी ने बताया कि संयुक्त किसान मोर्चा की बीती 10 जुलाई को नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय परिषद की बैठक में चुनाव के बाद के परिदृश्य का आकलन किया था। केंद्र सरकार को यह समझना चाहिए कि सत्तारूढ़ गठबंधन को पांच राज्यों में 38 ग्रामीण लोक सभा सीटों पर हार का सामना करना पड़ा है, जहां किसान आंदोलन मजबूत था। पूरे ग्रामीण भारत में सत्तारूढ़ गठबंधन ने 159 सीटें खो दी हैं। यह लंबे समय से चले आ रहे कृषि संकट का परिणाम है। यह भविष्य में कृषि नीतियों में बड़े बदलाव की आवश्यकता को रेखांकित करता है।

# नहीं पकड़ी गई महिला चरस तस्कर, 20 दिन से है फरार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भोटियापड़ाव चौकी क्षेत्र में कॉस्मेटिक की दुकान में चरस रख कर फरार हुई महिला 20 दिन बाद भी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ी है। इस मामले में दुकान स्वामी ने उत्तराखंड क्रांति दल के पदाधिकारियों के साथ एसपी सिटी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

नवाबी रोड गली नंबर आठ निवासी पूनम देवी पत्नी सूरज टम्टा ने एसपी सिटी प्रकाश चंद्र को बताया कि घर के पास उनकी कॉस्मेटिक और परचून की दुकान है। बीती 28 जून को एक महिला लिपस्टिक लेने के बहाने दुकान में 965 ग्राम चरस रखकर फरार हो गई। महिला के चरस रखते ही पीछे से कुछ लोग खुद को नारकोटिक्स विभाग का बता कर पहुंचे और सूरज को साथ ले जाने लगे। जबकि सीसीटीवी में चरस रखती महिला साफ दिख रही थी। कथित नारकोटिक्स अधिकारियों को रोकने के लिए पूनम को पुलिस बुलानी पड़ी। आरोप है कि 21 मई को उनका पड़ोस में रहने वाले भाइयों से विवाद हुआ था और उन्हें शक है कि उक्त दोनों भाइयों ने उन्हें फंसाने के लिए दुकान में चरस रखवाई। एसपी सिटी ने उन्हें मामले में उचित कार्रवाई का भरोसा दिया। इस दौरान यूकेडी के केंद्रीय महामंत्री सुशील उनियाल, अधिवक्ता प्रकाश जोशी, रवि वाल्मीकि, मोहन कांडपाल, सूरज टम्टा, जीवंती देवी, अक्षय टम्टा थे।

## एक नजर

### समर्थ पोर्टल की त्रुटियों का समाधान करवाएंगे

**हल्द्वानी :** एमबीपीजी कॉलेज में समर्थ पोर्टल से संबंधित तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए बैठक हुई। जिसमें पोर्टल में आ रही दिक्कतों के समाधान के लिए सदस्यों को चुना गया। प्रभारी प्राचार्य बीआर पंत ने कहा कि महाविद्यालय के करियर काउंसलिंग हाल कक्ष संख्या 66 में नामित प्राध्यापक छात्र-छात्राओं को बताएंगे की त्रुटि को किस तरह से सही किया जाए। बैठक में मुख्य रूप से प्रवेश प्रभारी प्रोफेसर अमित कुमार, विभागअध्यक्ष वाणिज्य विभाग प्रोफेसर सीएस जोशी, तकनीकी संयोजक डॉ. नवल किशोर लोहनी और परीक्षा सहायक नवीन शर्मा थे।

### टिकट काउंटर का समय रात 8 बजे तक करने से इंकार

**हल्द्वानी :** रेलवे ने टिकट बुकिंग काउंटर का समय शाम 5 बजे से तीन घंटे बढ़ाकर रात 8 बजे तक करने से इंकार किया है। रेलवे का दावा है कि ऑनलाइन बुकिंग होने की वजह से काउंटर पर बुकिंग के लिए आने वाले यात्रियों की संख्या घटी है। इज्जतनगर मंडल के जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि व्यापारियों ने टिकट बुकिंग काउंटर का समय तीन घंटा बढ़ाकर सुबह 8 से रात 8 बजे तक करने की मांग की है। यह मांग मानी नहीं जा सकती है। रेलवे स्टेशन पर टिकट बुकिंग काउंटर में 1700 लोगों का मानक है, जबकि 1100 ही बुकिंग के लिए पहुंच रहे हैं। टिकट बुकिंग की ऑनलाइन सुविधा होने के बाद यात्रियों ने काउंटर पर आना कम कर दिया है।

### पौधरोपण कार्यक्रम को समृद्ध बनाने का संकल्प

**लालकुआं :** जैव विविधता प्रबंध समिति द्वारा बिन्दुखत्ता में पौधरोपण पखवाड़े के तहत क्षेत्र के गणमान्य लोगों में जन जागरूकता के साथ ही पौधरोपण कार्यक्रम को समृद्ध बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम प्रभागीय वनाधिकारी तराई पूर्वी वन प्रभाग हल्द्वानी के सहयोग से चलाया जा रहा। जैव विविधता प्रबंधन समिति की ओर से बिंदुखत्ता क्षेत्र में फलदार औषधि गुण वाले पौधों का वितरण कर यह भी सुनिश्चित किया गया कि उक्त पौधों को सुरक्षित रखने व पौधे की देखरेख की जिम्मेदारी भी सौंपी गयी।जैव विविधता प्रबंध समिति के सदस्य रमेश गिरी गोस्वामी, शंकर राम आर्या, हेमा कांडपाल, पूरन सिंह परिहार, गोपाल सिंह परिहार, गजेंद्र सिंह रावत, ईश्वर सिंह नेगी, दीपक बिष्ट, हिमांशु पाठक व दीपा भट्ट, सचिव भुवन चंद्र भट्ट के अलावा भूतपूर्व सैनिक संगठन से कैप्टन चंचल सिंह कोरंगा, सूबेदार रंजीत सिंह गड़िया, वनाधिकार समिति के सदस्य आदि उपस्थित रहे।

# एथेनॉल प्लांट के विरोध में तहसील में डटे ग्रामीण

## प्लांट का निर्माण कार्य बंद करने पर शांत हुए गुस्साए लोग, सुरक्षा की दृष्टि से छावनी में तब्दील रहा तहसील परिसर

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार :** चकलुवा सुरपुर गांव में बन रही एथेनॉल प्लांट का निमार्ण बंद न होने पर ग्रामीणों के सब्र का बांध टूट गया। गांव बचाओ संघर्ष समिति के तत्वावधान में चकलुवा, कोटाबाग, बैलपड़ाव व कालाढूंगी क्षेत्र के ग्रामीणों ने तहसील परिसर पहुंचकर एसडीएम कार्यलाय के सामने धरने पर बैठकर अधिकारियों, विधायक, सांसद व सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। एसडीएम की ओर से 12 बिन्दुओं पर जिलाधिकारी से वार्ता कर जांच व अग्रिम आदेश तक प्लांट का निर्माण बंद रखने के लिखित आदेश के बाद ही ग्रामीण माने। वहीं ग्रामीणों की ओर से निर्माण कार्य बंद न होने व मानकों की जांच न करने पर सामूहिक आत्मदाह की चेतावनी से शासन-प्रशासन के हाथ पांव फूल गये।

गुरुवार को गांव बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले सुबह 10 बजे ही चकलुवा, कोटाबाग, कालाढूंगी व बैलपड़ाव के ग्रामीण तहसील में पहुंचने लगे। वहीं प्रशासन की ओर से तहसील परिसर में ताले लगाकर ग्रामीणों को रोका गया। जिस पर समिति के लोग एसडीएम रेखा कोहली से तहसील में अंदर बैठने की परमिशन लेकर बैठने लगे। देखते ही देखते तहसील में 300 से अधिक ग्रामीणों ने पहुंचकर एसडीएम, तहसील प्रशासन, सरकार, विधायक सांसद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीण दीपक जलाल ने कहा कि प्रशासन के मिली भगत से मानकों को ताक में रखकर एथेनॉल प्लांट का निर्माण हो रहा है। भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम जंतवाल ने कहा कि प्रदूषण बोर्ड, रोड, प्राधिकरण बोर्ड सहित अनेक मानकों के एनओसी नहीं है। महिला ज्योति चूफाल ने कहा कि प्लांट से निकलने वाले धुएं से क्षेत्र में बच्चे, बूढ़े. बीमार होंगे। उनके भविष्य के लिए हमें यह लड़ाई लड़ रहे हैं। महिला आशा देवी ने कहा एथेनॉल प्लांट से हमारे बाग-बगीचे, फसलें चौपट हो जायेगी। हमारी प्रशासन से मांग है प्लांट बंद हो। प्रधान मिनाक्षी आर्या ने कहा कि एथेनॉल प्लांट के लिए सभी ग्रामीण विरोध कर रहे हैं। हमारी मांगें नहीं मांगी गयी तो भूख हड़ताड़ के साथ आत्मदाह के लिए मजबूर होंगे। कनिष्ठ प्रमुख कुलदीप तड़ियाल ने कहा कि सरकार, शासन व प्रशासन ने ग्रामीणों के लिए अपनी आंखें बंद व कान बंद किये हुए हैं सरकार व अधिकारियों की तानाशाही नहीं चलेगी। ग्रामीणों ने बताया कि बीते ढाई साल से राज्य के मुख्या सीएम, डीएम, सांसद, विधायक व अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाकर थक गये हैं। ऐसे पूंजीपतियों के आगे सरकार, अधिकारी नमनस्त क्यों है क्यों मानकों की जांच नहीं हो रही है। इस दौरान ग्रामीणों ने कालाढूंगी प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाये। कालाढूंगी पहुंचे एडीएम शिवचरण द्विवेदी ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीण अपनी जिद पर अडे. रहे। एसडीएम रेखा कोहली ने द्वारा उच्चअधिकारीयों से वार्ता कर सुरक्षा के मध्यनजर अग्रिम आदेशों तक प्लांट का निमार्ण कार्य बंद करने के लिखित आश्वासन दिया। तब ग्रामीण शांत हुए। इस दौरान हरीश मेहरा, कुंदन बसेड़ा, क्षेपंस विरेन्द्र कुमार, विनोद बुढलाकोटी, इन्द्र अटवाल, गोपाल बुढलाकोटी, अनिल वालिया, दीपक जलाल, पप्पू कन्याल, दीवान सिंह बिष्ट, गोविन्द चौहान, जगतार सिंह, परविन्दर सिंह, लक्ष्मण सिंह देउपा, मोहन सिंह खोलिया, कमल जंतवाल, कमलेश देउपा, भगवान कुमटीया, तारा चंद्र, राहुल पंत, भगवान सिंह रौतेला, राजकुमार पांडे, अरविन्द कुमार सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।



एथेनॉल प्लांट के विरोध में तहसील परिसर में धरने पर बैठे ग्रामीण। ● अमृत विचार

### छावनी में बदली तहसील

**कालाढूंगी :** ग्रामीणों के एक सप्ताह पहले सामूहिक आत्मदाह की चेतावनी पर कालाढूंगी व जिला प्रशासन हरकरत में आ गया। सुबह से ही जिले भर की पुलिस, आईआरबी प्रथम बैलपड़ाव के जवान, एलआईयू तहसील के आस-पास तैनात रही। इस दौरान आय-जाति व अन्य प्रमाण पत्रों के साथ अभिलेखों का कार्य नहीं हो पाया जिसे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

## छात्रवृत्ति के लिए हुए ट्रायल में लिया हिस्सा

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन छात्रवृत्ति योजना के तहत ब्लॉक स्तरीय चयन ट्रायल हुए। ट्रायल में 144 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इनमें से 72 खिलाड़ियों का चयन जिला स्तरीय ट्रायल के लिए होगा। गौलापार अंतर्राष्ट्रीय खेल स्टेडियम में गुरुवार को ब्लॉक स्तरीय ट्रायल हुए। ट्रायल में देवलचौड़, कुंवरपुर, लाखनपुर मंडी, गुनीपुर जीवानंद, लालकुआं के खिलाड़ियों ने भाग लिया। ट्रायल में 72-72 बालक-बालिकाएं शामिल हुए। आठ से 14 वर्ष के 6 आयु वर्ग में ट्रायल हुए। 30 मीटर फ्लाई स्टार्ट, बैंड एंड स्टीच, 6 गुणा 10 मीटर शटल रन, बैटरी टेस्ट में स्टैंडिंग ब्रॉड जंप, 600 मीटर दौड़ में बच्चों ने प्रतिभाग किया। ब्लॉक कोऑर्डिनेटर उपक्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल ने जानकारी दी कि प्रत्येक आयु वर्ग में 6 बालक और 6 बालिकाओं का चयन होगा।

ब्लॉक से 36 बालक और 36 बालिकाओं का चयन होगा। इसके बाद ये खिलाड़ी जिला स्तरीय ट्रायल में हिस्सा लेंगे। शुक्रवार को ट्रायल टेस्ट के बाद मेरिट तैयार की जाएगी और फिर परिणाम घोषित होंगे। इस दौरान शिक्षा विभाग के ब्लॉक खेल समन्वयक हरीश उपाध्याय, खेल विभाग के कोच त्रिलोक जीना, महेश बिष्ट, महेश फर्त्याल, महेश कपिल, पूरन नयाल आदि रहे।



महिला महाविद्यालय में निबंध प्रतियोगिता के दौरान अपने लिखे निबंध दिखातीं छात्राएं।

## निबंध प्रतियोगिता में शिखा प्रथम

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** महिला डिग्री कॉलेज में नमामि गंगे के तहत हरेला पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके तहत गुरुवार को निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। नोडल अधिकारी डॉ. रितुराज पंत ने बताया कि निबंध का विषय द फ्यूचर का एनवायरमेंटल कंजर्वेशन चैलेंजिस एंड ऑपच्यरुनिटी है। वर्तमान में पर्यावरण संरक्षण एक चुनौती बना है, इसमें युवाओं की प्रतिभागिता क्या हो तथा इनके विचारों को जानने के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगता में शिखा प्रथम, नेहा कांडपाल और खुशी बिष्ट द्वितीय व तमन्ना भट्ट तृतीय स्थान रहीं। प्राचार्य प्रो. शशि पुरोहित ने कहा कि निबंध लेखन तार्किक विश्लेषण कर तथ्यों को प्रस्तुत करने का एक सशक्त साधन है। निर्णायक मंडल में डॉ. कुलदीप रस्तोगी, डॉ. प्रभा साह रहे। इस अवसर पर डॉ. गीता पंत, डॉ. रेखा जोशी मौजूद थे।

# चुकुम के विस्थापितों के लिए प्रस्ताव बनाएं

कार्यालय संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** नैनीताल डीएम वंदना सिंह ने गुरुवार को रामनगर कोसी बैराज, भरतपुरी पंपापुरी, बस स्टैंड की प्रस्तावित पार्किंग और आपदा प्रभावित क्षेत्रों सावल्दे, चुकम गांव, पंपापुरी का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण में रामनगर एसडीएम ने बताया कि बीते दिनों हुई भारी बारिश से सावल्दे नदी का बहाव गांव की ओर हो गया था, जिससे यहां के 12 परिवारों की सुरक्षा खतरे में पड़ गई। इसे देखते हुए सिंचाई, वन, आपदा प्रबंधन समेत अन्य संबंधित विभागों ने सुरक्षात्मक काम किए। डीएम ने इन परिवारों से सुरक्षात्मक कामों के लिए विभागों को सहयोग देने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि रामनगर में आपदा के मद्देनजर कई खतरनाक नाले हैं, जिसमें बारिश में दिक्कत होती है। इनमें दो नालों के स्थाई समाधान के लिए पुल बनाने के प्रस्ताव मंजूर हो गए हैं। धनगढ़ी और पनौद में काम शुरु हो गया है। अन्य छोटे नालों का चैनेलाइजेशन किया जा रहा है। तेज बहाव वाले रपटों, नालों, नदी किनारों के पास रहने वालों को नोटिस दिए जा रहे हैं। अति संवेदनशील इलाकों नालों में चेतावनी बोर्ड भी लगाए गए हैं। ज्यादा बहाव वाले नालों के पास रेलिंग, सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई है। इसके बाद डीएम सीधे गर्जिया मंदिर परिसर पहुंचीं और निर्माण का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था सिंचाई विभाग को मंदिर के चारों ओर परिक्रमा पथ-वे बनाने और मंदिर के पद भाग में बने भैरव मंदिर को भी परिक्रमा पथ के अंदर शामिल करने के लिए निर्देशित किया।

डीएम ने डीएफओ दिगंथ नायक और एसडीएम राहुल शाह को मंदिर परिसर में पार्किंग और दुकानों की व्यवस्था बनाने के लिए संयुक्त सर्वे करने को कहा। फिर उन्होंने ढिकुली मार्ग धनगढ़ी पर एनएच की ओर से बनाए जा रहे पुल का निरीक्षण किया, लेकिन मौके पर डीपीआर नहीं होने पर डीएम ने नाराजगी जाहिर की। अंत में डीएम आपदाग्रस्त गांव चुकुम पहुंची और ग्रामीणों से वार्ता की। ग्रामीणों के लिए कोसी नदी पार करने को राफ्टिंग बोट दी गई है। ग्रामीणों को तीन माह का खाद्यान्न, रसोई गैस और आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गई हैं। उन्होंने डीएफओ और एसडीए को ग्रामीणों से बातचीत कर विस्थापन का प्रस्ताव बनाने को कहा।



बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र का दौरा करतीं डीएम वंदना सिंह। ● अमृत विचार

# 23 जुलाई से लेखपाल करेंगे प्रदेश व्यापी हड़ताल : घिल्डियाल

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** तहसील लक्सर जनपद हरिद्वार में तैनात लेखपाल अंजु काम्बोज के साथ ग्राम प्रधान रौनिक व साथियों की ओर से 26 जून को की गयी अभद्रता व मारपीट के प्रकरण पर अभी तक गिरफ्तारी न होने से प्रदेश के लेखपाल भड़क उठे हैं।



तारा चंद्र घिल्डियाल।

उत्तराखण्ड लेखपाल संघ के प्रदेश महामन्त्री, तारा चन्द्र घिल्डियाल ने कहा कि संघ ने शासन को अवगत करा दिया है कि अगर 22 जुलाई तक तहसील लक्सर के ग्राम प्रधान रौनिक व साथियों को गिरफ्तार नहीं किया जाता है तो 23 जुलाई से प्रदेश भर में बेमियादी हड़ताल प्रारम्भ कर दी जायेगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार की होगी। गौरतलब है कि 11 जून 2024 को तहसील लक्सर में तैनात राजस्व उप निरीक्षक अजु काम्बोज अवैध खनन के सम्बन्ध में सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर प्राप्त शिकायत की जाच हेतु गाम प्रतापपुर गये थे एवं स्थल पर प्रार्थना पत्र के सम्बन्ध में ग्राम प्रधान से जानकारी करने पर ग्राम प्रतापपुर तहसील लक्सर के ग्राम प्रधान रौनिक व उनके साथियों के द्वारा सरकारी कार्य में बाधा डालने का प्रयास किया गया है। अंजु काम्बोज के साथ हुई अभद्रता एवं मारपीट के कारण सभी सदस्यों में अत्यधिक रोष व्याप्त है जिस कारण विवश होकर उत्तराखण्ड लेखपाल संघ शाखा जनपद हरिद्वार के सभी सदस्य द्वारा तहसील लक्सर में दिनाक 18 जून से निरन्तर कार्य बहिष्कार किया जा रहा है।

आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर लेखपाल संघ गहरा रोष व्यक्त किया है। कहा मांग नहीं माने जाने पर 23 जुलाई से प्रदेश स्तर पर अनिश्चितकालीन कमलबन्द हडताल प्रारम्भ कर दी जायेगी।



पदकों के साथ विजेता खिलाड़ी। ● अमृत विचार

## ताइक्वांडो में खिलाड़ियों ने जीते पदक

**रामनगर:** गौलापार हल्द्वानी मे 16, 17 जुलाई को हुई जिला स्तरीय प्रतियोगिता में रामनगर ताइक्वांडो एकेडमी की खिलाड़ी साक्षी रावत, सृष्टि गुसाई, यशिका जोशी, नैंसी अरेरा, सोनम बिष्ट, डिंपल कोली, धनमय, शिवम, अजय मेहरा, वत्सल रावत,अनिकेत, मयंक रावत, विराट कोहली,आकाश, मोहित गोला, शिवम वर्मा ने प्रतिभाग किया जिसमें विराट कोहली और सोनम बिष्ट ने स्वर्ण पदक प्राप्त करके आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपना स्थान सुनिश्चित किया। यशिका जोशी, अनिकेत, अजय मेहरा, आकाश कुमार ने रजत पदक और मयंक नैंसी अरेरा, डिंपल कोली, वत्सल रावत, शिवम वर्मा और मोहित गोला ने कांस्य पदक प्राप्त किया।

## नर्सिंग और पैरामेडिकल संस्थानों में मुख्य परीक्षाएं अक्टूबर में होंगी

**लखनऊ, मृत विचार :** नर्सिंग कॉलेज व पैरामेडिकल प्रशिक्षण संस्थानों में अगस्त में प्रस्तावित परीक्षाएं अक्टूबर माह में होंगी। यह सूचना उप्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ.आलोक कुमार ने सभी कॉलेज प्रबन्धकों व प्रधानाचार्यो को प्रेषित की है।

उन्होंने बताया कि, सितंबर माह के प्रथम सप्ताह में स्टेट मेडिकल फैकल्टी द्वारा जीएनएम, एएनएम व समस्त पैरामेडिकल प्रशिक्षणों की मुख्य परिक्षाओं की समय-सारिणी जारी कर दी जाएगी। इसके बाद सितंबर के दूसरे सप्ताह में छात्र-छात्राओं के प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे। सचिव डॉ. आलोक कुमार ने बताया कि अक्टूबर माह के तृतीय सप्ताह में लिखित परीक्षाएं और अंतिम सप्ताह में मौखिक एवं प्रयोगात्मक परीक्षाएं संपन्न् होंगी। दिसम्बर में दूसरे सप्ताह में परीक्षा फल घोषित किए जाएंगे।



धनराशि का चेक प्राप्त करतीं पर्यावरण सखियां। ● अमृत विचार

## पर्यावरण मॉडल के लिए धनराशि आवंटित

**रामनगर :** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व और इको डेवलपमेंट कमेटी के सहयोग से वेस्ट वॉरियर्स पिछले 10 वर्षों से जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क में 23 पर्यावरण सखियों के नेतृत्व में एक समुदाय संचालित, टिकाऊ, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन समाधान बनाने के लिए काम कर रही है। इस साझेदारी ने गति पकड़नी शुरू कर दी है क्योंकि स्थानीय सरकार के साथ व्यापक साझेदारी के परिणामस्वरूप ग्राम पंचायतों में पर्यावरण सखी मॉडल के संचालन के लिए विशिष्ट निर्धारित धनराशि आवंटित की गई है। यह स्थानीय निवासियों और सरकार दोनों को पर्यावरण सखियों का समर्थन करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो रामनगर की आठ पंचायतों में घर-घर जाकर कचरा इकट्ठा करती हैं और गांवों और वन क्षेत्र को साफ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। हाल ही में हिम्मतपुर डोटियाल की पर्यावरण सखियों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के तहत धन आवंटित किया है।

# महिला प्रधान से अभद्रता पर भड़के

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** बनबसा के गुदमी गड़ी गोठ में एसटी महिला ग्राम प्रधान के साथ कुछ आरोपियों ने अभद्रता एवं जातिसूचक शब्द कहने पर अम्बेडकर वेलफेयर फाउंडेशन ने रोष व्यक्त किया।

साथ ही महिला प्रधान को जूते की माला पहनाने के विरोध में आरोपियों के विरुद्ध एससी-एसटी एक्ट की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किए जाने एवं आरोपियों की अबिलंब गिरफ्तारी को लेकर बीआर अम्बेडकर फाउंडेशन के अध्यक्ष गणेश कुमार गगन के नेतृत्व में संस्था के सदस्यों की ओर से उप जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा।

जिसमें मांग की गई कि आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई व उनकी तुरंत गिरफ्तारी किया जाना एससी एसटी एक्ट के प्रावधानों के अंतर्गत है जरूरी है, लेकिन इतने गंभीर मामले में भी गिरफ्तारी न होने व जांच के नाम पर आरोपियों को गिरफ्तार न की जाने से पुलिस की कार्य प्रणाली व शासन प्रशासन छवि पर एससी एसटी समाज में रोष व्याप्त है।

यदि उपरोक्त आरोपियों की अभिलंब गिरफ्तारी नहीं की गई तो इससे समाज में समानता और कानून का भय समाप्त हो जाएगा। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष एडवोकेट गणेश कुमार गगन, शिव राम टम्टा, उमाशंकर एडवोकेट, लालमणि, विनोद अनजान एडवोकेट, भवानी राम, सिद्धार्थ अग्रवाल एडवोकेट, सागीर, भवानी राम, आशीष कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।



एसडीएम को ज्ञापन देते अम्बेडकर फाउंडेशन के सदस्य। ● अमृत विचार


प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)



॥श्री:॥ विश्वप्रांगण महाराष्ट्रीयन आयुर्वेद एवं पंचकर्म चिकित्सालय

Celebrating 10 Years Anniversary 2ND FEB 2023 SVP Ayurveda Clinic

उपलब्ध चिकित्सक

नाड़ी वैद्य राहुल गुप्ता (BAMS, MD)

वैद्य अंकिता गुप्ता (BAMS, MS)

उपलब्ध चिकित्सा

अल्सरेटिव कोलाइटिस, स्ट्रिक्चर यूरेथरा/किडनी रोग, नेत्र रोग, सफेद दाग, स्पाइनल समस्याएँ, बालों की समस्या, पाचन समस्याएँ, पोस्ट कोविड समस्याएँ, सर्दी खाँसी-दमा, सोरायसिस, थाइरायड समस्या, माइग्रेन/मानसिक रोग, स्पोर्ट्स इंजरी, इन्फर्टिलिटी, बच्चों के रोग, गॉल ब्लैडर स्टोन, सौंदर्य समस्याएँ, स्त्री रोग

सुविधायें

पंचकर्म

नाड़ि परीक्षण, गर्भ संस्कार, लीच थैरेपी, नेत्र तर्पण, उत्तर बस्ती, शिरोधारा, स्वर्ण प्राशन, पत्र पोट्टलि, अग्निकर्म

Google TOP RATED

7895372936

05946-222577

शनिवार पूर्ण अवकाश

मुखानी चौराहा, शिव मंदिर के पास, हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)

For Online Consultation @ svpayurvedaclinic.com

## सार-संक्षेप



### गुरुद्वारा गुरुनानकपुरा में हुआ पौधरोपण

**हल्द्वानी :** हरेला पर्व के उपलक्ष्य में गुरुवार को गुरुद्वारा गुरुनानकपुरा कमेटी के पदाधिकारियों व सदस्यों ने पौधरोपण किया। साथ ही सभी से पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। कहा कि खाली स्थानों पर एक पौधा जरूर लगाएं। इस दौरान हेड ग्रंथी ठाकुर सिंह, परमजीत सिंह कोहली, जसपाल सिंह कोहली, दिलप्रीत सिंह मौजूद रहे।

### केंद्रीय सड़क राज्य मंत्री से हैड़ाखान मार्ग निर्माण की मांग



मंत्री टम्टा को ज्ञापन सौंपती ब्लॉक प्रमुख कमलेश कैड़ा।

**हल्द्वानी :** ओखलकांडा की ब्लॉक प्रमुख कमलेश कैड़ा ने केंद्रीय सड़क राज्य मंत्री अजय टम्टा को ज्ञापन सौंपकर कहा कि काठगोदाम-हैड़ाखान-खनस्यूं मोटर मार्ग 3 किमी पर मलबा आने से क्षतिग्रस्त हुआ था, तब से क्षतिग्रस्त ही है। इस मार्ग से ओखलकांडा समेत 120 गांव जुड़े हुए हैं। मार्ग के क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीणों को आवाजाही में भारी परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि भीमताल नगर के अतंर्गत बाइपास नहर कवरिंग नहीं होने से जाम का झाम रहता है, इसलिए उक्त नहर की कवरिंग की जाए। इसके अलावा रानीबाग से भीमताल, धारी, देवीधुरा मोटर मार्ग को टू लेन बनाना अति आवश्यक है। इस पर केंद्रीय राज्य मंत्री टम्टा ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया है।



तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते एनएसयूआई कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### महिला डिग्री कॉलेज को को-एड में शामिल करने का विरोध

**हल्द्वानी :** राजकीय महिला डिग्री कॉलेज को को-एड में शामिल करने के प्रस्ताव का एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने विरोध शुरू कर दिया है। गुरुवार को युवा कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष मीमांशा आर्य के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री धामी को ज्ञापन भेजा। कहा कि हल्द्वानी महिला डिग्री कॉलेज में अन्य महाविद्यालयों की अपेक्षा पढ़ाई का माहौल अच्छा है। इस डिग्री कॉलेज में सुविधाएं बढ़ाने के बजाए सरकार इसे को-एड व्यवस्था में शामिल कर रही है, जो पूरी तरह से गलत है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस फैसले को वापस नहीं लिया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान जूही चुफाल, जिलाध्यक्ष एनएसयूआई भुवन पांडेय, मंजू बिष्ट, ज्योति, विजय सामंत, सुरेश कांडपाल मौजूद थे। वहीं महिला डिग्री कॉलेज की छात्राओं ने भी को-एड के खिलाफ मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा।

### व्यापारियों की हुंकार, सड़क से ठेले नहीं हटे तो होगा आंदोलन

**हल्द्वानी :** सड़कों को ठेलों और अवैध पार्किंग से मुक्त करने के लिए प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल ने मुहिम छेड़ दी है। इस मुहिम की शुरुआत मंडल पदाधिकारियों ने चेतावनी के साथ की है। उन्होंने पुलिस और प्रशासन से सड़कों और मुख्य बाजार को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है। कहा है कि यदि मांग पूरी नहीं हुई तो आंदोलन होगा। संगठन के जिला युवा अध्यक्ष राजीव वर्मा और जिला युवा महामंत्री गौरव अग्रवाल ने कहा कि पटेल चौक, सदर बाजार, कारखाना बाजार और मंगल पड़ाव क्षेत्र की सड़कों पर अनावश्यक वाहन खड़े रहते हैं। ठेलों की अचानक बाढ़ आ गई है, जिस कारण यातायात बाधित रहता है। व्यापारी विरोध करते हैं तो ठेले वाले झगड़े पर उतारू हो जाते हैं। जिस समय बाजार क्षेत्र में भीड़-भाड़ अधिक होती है, उस समय पुलिस-प्रशासन को मुस्तैदी दिखानी चाहिए।



प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि व अन्य। ● अमृत विचार

### पूर्व सैनिकों एवं आश्रितों के लिए कंप्यूटर प्रशिक्षण शुरू

**हल्द्वानी :** तिकोनिया स्थित आईटीडीए कैल्क (हिल्ट्रान) में पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों के लिए एक वर्षीय कंप्यूटर प्रशिक्षण शुरू हो गया है। जिसका उद्घाटन गुरुवार को मुख्य अतिथि जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल रमेश सिंह एवं सहायक जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन पुष्कर भंडारी, केन्द्र की निदेशक प्रतिमा नैनवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। प्रतिमा नैनवाल ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रोजगार व स्वरोजगार है। वर्तमान बैच में डिप्लोमा इन प्रोफेशनल अकाउंटिंग व डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस दौरान कार्यक्रम संचालक इंजीनियर दीपक नैनवाल, संयोजक कैलाश चंद्र तिवारी, नवीन जोशी, सीमा बिष्ट, साहिल मल्होत्रा मौजूद थे।

### शिक्षकों का द्विवार्षिक अधिवेशन 21 को

**हल्द्वानी :** उत्तराचंल पर्वतीय कर्मचारी शिक्षक संगठन की हल्द्वानी शाखा का द्विवार्षिक अधिवेशन 21 जुलाई को होगा। संगठन के मंडलीय अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने बताया कि सेवायोजन निदेशालय के सभागार में सुबह 11 बजे से अधिवेशन शुरू होगा। मंडलीय मंत्री पारेश्वर प्रसाद ने बताया कि अधिवेशन की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को डिप्लोमा इंजीनियर संघ भवन बद्रीपुरा में शाम 5 बजे बैठक होगी।

# देवखड़ी नाले पर तैनात होंगे होमगार्ड

## मंडलायुक्त दीपक रावत ने बारिश में संवेदनशील नालों पर लोगों की सुरक्षा को दिए अहम निर्देश

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



रकसिया नाले का निरीक्षण करते मंडलायुक्त दीपक रावत। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मंडलायुक्त दीपक रावत ने कलसिया, देवखड़ी, कमेटिया, रकसिया बरसाती नालों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने नालों के पानी की निकासी की व्यवस्था देखी और बारिश में संवदेनशील नालों पर सुरक्षा के लिए जरूरी निर्देश दिए।

मंडलायुक्त रावत गुरुवार को सर्वप्रथम तिकोनिया पहुंचे और नहर की मरम्मत का कार्य देखा। सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता संजय शुक्ला ने बताया कि ह्यम पाइप डाल दिए गए है, संभावना है कि एक अगस्त तक सड़क पर आवागमन शुरू हो जाएगा। यहां से मंडलायुक्त का काफिला कलसिया नाला काठगोदाम पहुंचा। जहां नाले से गाद निकाली जा रही थी।

पता चला कि नाले का मलबा बैराज की ओर आ रहा है, जिसे गौला में छोड़ा जाएगा ताकि कलसिया से पानी की निकासी हो सके। इसके बाद वह देवखड़ी नाले के मुहाने पर पहुंचे। यह नाला दो धाराओं के मिलने से बन रहा है। निरीक्षण में सामने आया कि पूर्व में पानी के बहाव को रोकने के लिए वायरक्रेट व अन्य सुरक्षात्मक कार्य हुए थे, लेकिन ये कई वर्ष पुराने थे।

इस वजह से पानी तेज बहाव के साथ नीचे आ रहा है। इस पर मंडलायुक्त ने फिर से वायरक्रेटस वगैरह बनाने के निर्देश दिए। इसके बाद वह कॉलटैक्स के समीप पहुंचे, जहां देवखड़ी नाले के उफान पर आने से पानी के बहाव में वाहन सवार बह जा रहे हैं। यहां नाले के एक ओर प्रशासन ने लोहे की रेलिंग लगा दी है, जिस वजह से कई जानें बच गई हैं। फिर भी यह नाला बहुत संवेदनशील हैं।

इस पर मंडलायुक्त दीपक रावत ने कहा कि बारिश होने पर कॉलटैक्स के पास होमगार्ड तैनात किए जाएं। पानी का तेज बहाव होने पर ये होमगार्ड बैरियर लगाकर ट्रैफिक रोकेंगे। उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी को रोस्टर बनाकर होमगार्ड की ड्यूटी लगाने को कहा। यहां से उनका काफिला दमुवाढूंगा वन चौकी के समीप पहुंचा।

जहां गैर वैशाली क्षेत्रवासियों ने बताया कि कमेटिया बरसाती नाला 15 से अधिक आवासीय कॉलोनियों में जलभराव करता है, इसका समाधान होना चाहिए। इस पर सिंचाई अधिकारियों ने बताया कि नाले को मोड़ कर नालियों के जरिए कठघरिया की ओर भेजा जाएगा। सिर्फ यही उपाय जल निकासी का है। इस पर उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट व एसडीएम परितोष वर्मा को अतिक्रमणकारियों को नोटिस देकर अतिक्रमण ध्वस्त करने को कहा। अंत में वह प्रेमपुर लोश्ज्ञानी पहुंचे, जहां रकसिया नाले के पानी की निकासी के लिए टनल बनाई जा रही है।

एडीबी के प्रोजेक्ट मैनेजर कुलदीप सिंह ने बताया कि रकसिया नाले का आउट फाल प्रेमपुर लोश्ज्ञानी में 30 करोड़ से 3x4 मीटर का भूमिगत नाला बनाया जा रहा है। इसकी क्षमता 850 क्यूसेक डिस्चार्ज है, नाले का पानी भाखड़ा के जंगलों में छोड़ा जाएगा। चार माह में काम पूरा हो जाएगा। इस दौरान एसपी सिटी प्रकाश चन्द्र, उप नगर आयुक्त तुषार सैनी, वन एसडीओ अनिल जोशी, ममता चंद, शशि देव, सिंचाई ईई डीएस रावत आदि मौजूद रहे।

## योगेश जोशी कांग्रेस के प्रदेश सचिव बने



**हल्द्वानी, अमृत विचार :** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने सामाजिक कार्यकर्ता योगेश जोशी को प्रदेश सचिव मनोनीत किया है। उन्होंने संगठन को मजबूत करने और कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की है। लोकसभा चुनाव से पूर्व विधायक सुमित हृदयेश व लोकसभा प्रत्याशी प्रकाश जोशी ने उन्हें कांग्रेस की सदस्यता दिलाई थी। जोशी लंबे समय से राजनीति से जुड़े हुए हैं। वह वर्ष 2011 में युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष भी रह चुके हैं। वर्ष 2016 में भाजपा से जुड़े थे, इस लोकसभा चुनाव में घर वापसी की। जोशी ने प्रदेश नेतृत्व का आभार जताया है। जोशी के मनोनयन पर नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, उप नेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी, विधायक सुमित हृदयेश, प्रदेश प्रवक्ता दीपक बल्यूटिया, जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, गोविंद बिष्ट, मलय बिष्ट, शोभा बिष्ट, राजेंद्र बिष्ट, भोलादत्त भट्ट, भागीरथी बिष्ट, दीपक सती, सुमित्तर भुल्लर, भुवन तिवारी ने शुभकामनाएं दी हैं।

## कौंता गांव में गुलदार का आतंक बैल व बछिया को बनाया निवाला

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



**दहशत**

- 15 जुलाई को मारा बैल और अगले ही दिन उठा ले गया बछिया
- जंगल में मरा मिला बैल, किसान की एक बकरी का पता नहीं

**अमृत विचार :** गुलदार के आतंक से ग्राम पंचायत कौंता के लोग डरे हुए हैं। दो दिन में ही गुलदार ने बैल, बकरी और एक बछिया को मार डाला है। ग्रामीणों ने वन विभाग से गुलदार को पकड़ने और पीड़ित किसान को मुआवजा देने की मांग की है।

कौंता गांव की पूर्व ग्राम प्रधान अंजू बिष्ट ने बताया कि बढ़ौन रेंज में आने वाली ग्राम सभा में गुलदार ने आतंक मचा रखा है। बीती 15 जुलाई की शाम कौंता निवासी जीवन सिंह बिष्ट पुत्र जगत सिंह बिष्ट के एक बैल और एक बछिया को गुलदार ने शिकार बना लिया। 16 जुलाई को मरा हुआ बैल जंगल में मिला, लेकिन बछिया का पता नहीं चला। सूचना पर ग्रामीण और वन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। इसके अलावा टीकम सिंह पुत्र जय सिंह की एक बकरी को भी गुलदार ने निवाला बना लिया। पूर्व ग्राम प्रधान ने बताया पशु ग्रामीणों की आजीविका का एक अहम हिस्सा हैं। ऐसे में वन विभाग को मुआवजा देना चाहिए। ग्रामीणों ने गुलदार को जल्द पकड़ने की मांग की है।

# कठघरिया की ओर मोड़ा जाएगा बरसाती नाला

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



गैर वैशाली क्षेत्र का निरीक्षण करते विधायक बंशीधर भगत। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भाजपा विधायक बंशीधर भगत ने गैर वैशाली क्षेत्र दमुवाढूंगा में कमेटिया बरसाती नाले से रिहायशी कॉलोनियों में हो रहे जलभराव के निजात को प्रशासन, सिंचाई व वन अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने दमुवाढूंगा वन चौकी के समीप से पानी को कठघरिया की ओर जाने वाले नाले में मोड़ने के लिए नाली निर्माण के निर्देश दिए।

विधायक भगत ने गुरुवार को अधिकारियों व क्षेत्रवासियों के साथ कमेटिया नाले के मुहाने तक निरीक्षण किया। उन्होंने बरसाती नाले के उफान पर आने से हुए भूकटाव एवं पानी के साथ बह कर आए मलबा-कूड़े से काश्तकारों के खेतों को हुए नुकसान का भी जायजा लिया। इस दौरान जलभराव को बिठौरिया और मित्रपुरम मोहल्ले के लोगों ने अपने-अपने पक्ष में सुझाव दिए। अंत में विधायक ने अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श के बाद वन चौकी के समीप से बरसाती नाले को लगभग 250 मीटर लंबी नाली खोद कर चौफुला चौराहे से कठघरिया की ओर बहने वाले नाले से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, प्रशासन को अतिक्रमण चिन्हित कर नोटिस देने और त्वरित कार्रवाई करने को कहा है। इस बीच मित्रपुरम वालों ने जीडीएम पब्लिक स्कूल से दमुवाढूंगा वन चौकी तक बरसाती नाले के दोनों ओर सुरक्षा दीवार बनाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। साथ ही आरोप लगाया कि बरसाती नाले तोड़कर अन्यत्र स्थानों पर मोड़ने की कोशिश की जा रही है, जिससे बड़ी जनहानि हो सकती है। निरीक्षण में जीवंती विहार, तिवारी कॉलोनी, देवकी विहार, कुशल कॉलोनी, रूप वैशाली, महाकाली मंदिर, मित्रपुरम आदि के लोग मौजूद रहे। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी, एसडीओ किरन शाह, रेंजर केआर आर्य, रमेश चंद पांडे, राजेंद्र रौतेला, मन्नू गोस्वामी, राजेंद्र बिष्ट, केएन तिवारी, विजय बोरा, बची वोरा, चंदन वोरा, नरेंद्र कुमार, नंदकिशोर बहुगुणा, विजय कुमार, भोला दत्त तिवारी, किशोरी लाल, रघुवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# नए फिल्टर प्लांट के निर्माण से नलकूपों पर निर्भरता होगी कम

संवाददाता, हल्द्वानी



शीशमहल फिल्टर प्लांट का निरीक्षण करते दिनेश आर्य।

**अमृत विचार :** राज्य स्तरीय पेयजल अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष दिनेश आर्य ने गुरुवार को पेयजल निगम व जल संस्थान के अधिकारियों के साथ शीतलाहाट व शीशमहल फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया।

आर्य सर्वप्रथम शीतलाहाट फिल्टर प्लांट में पहुंचे। यहां पेयजल निगम ईई एके कटारिया ने बताया कि पंप हाउस की क्षमता 3.5 एमएलडी की है। जल निगम इसका पुनर्निर्माण कर दोगुनी क्षमता 7 एमएलडी का बनाएगा। इसका काम अगस्त-सितंबर माह में शुरू होगा। इसके बाद आर्य शीशमहल फिल्टर प्लांट पहुंचे। ईई कटारिया ने बताया कि शीशमहल के चार फिल्टर प्लांट हैं, इनमें 5.75 एमएलडी व 6.25 एमएलडी क्षमता के दो प्लांट पुराने हैं। जिनको ध्वस्त कर 12.50 एमएलडी क्षमता का एक नया फिल्टर प्लांट प्रस्तावित है। रेलवे लाइन के पार कुमाऊं मंडल विकास निगम की भूमि पर एक नया 26 एमएलडी की क्षमता का फिल्टर प्लांट बनाया जाएगा। उपाध्यक्ष आर्य ने कहा कि नई क्षमता के साथ फिल्टर प्लांट बनने से नलकूपों पर पेयजल आपूर्ति की निर्भरता कम होगी। गौला नदी के पानी का अधिकतम प्रयोग किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को पेयजल समस्याओं के निस्तारण व शीतलाहाट पंप हाउस का काम हर हाल में अगस्त माह में शुरू करने के निर्देश दिए। इस दौरान जल संस्थान के ईई रविशंकर लोशाली, एई नीरज तिवारी आदि मौजूद रहे।

## पुनिया ने की हार के कारणों की समीक्षा

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** उत्तराखंड में कांग्रेस पांचों लोकसभा सीट हार गई। पार्टी के बुरे प्रदर्शन की समीक्षा करने के लिए देहरादून में कांग्रेस आलाकमान ने पूर्व सांसद पीएल पुनिया और सांसद रजनी पाटिल को उत्तराखंड का फैक्ट फाइंडिंग कमेटी का सदस्य चुना है। दोनों ने जिलास्तर से लेकर ब्लॉकस्तर के कांग्रेस संगठन के नेताओं के साथ वार्ता की। पहले दिन शुक्रवार को कमेटी ने सुबह अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ और शाम को नैनीताल-ऊधमसिंह नगर संसदीय सीट के पूर्व सांसदों, सांसद प्रत्याशियों, विधायकों, पूर्व विधायकों और विधायक प्रत्याशियों, अल्मोड़ा पिथौरागढ़ संसदीय क्षेत्र के एआईसीसी और पीसीसी सदस्यों, जिला, ब्लॉक और नगर अध्यक्षों के साथ भी समीक्षा बैठक की। हल्द्वानी महानगर अध्यक्ष गोविंद बिष्ट ने बताया कि पीएल पुनिया ने कहा कि फैक्ट फाइंडिंग करने के लिए समीक्षा बैठकें की जाएंगी।



बीएसए धीरज सिंह को विदाई देते विभागीय कर्मचारी व किसान। ● अमृत विचार

## स्थानांतरण पर बीएसए धीरज सिंह को दी विदाई

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी हल्द्वानी (बीएसए) धीरज सिंह का स्थानांतरण सहायक निदेशक मृदा परीक्षण केंद्र रुद्रपुर में हो गया है।

गुरुवार को हल्द्वानी स्थित कार्यालय में अधिकारियों व कर्मचारियों ने उन्हें विदाई दी। साथ ही उनके कार्यकाल की जमकर सराहना की। वक्ताओं कहा कि धीरज सिंह ने हमेशा किसानों को जागरूक करते हुए विभाग में चल रहे समस्त कार्यों के बारे में बताया। इस मौके पर मुख्य कृषि अधिकारी वीके सिंह, नव नियुक्त कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी पूजा पुनेरा, ऋतु कुकरेती, अफरोज अहमद, किसान मोहन लोशाली, नरेंद्र सिंह मेहरा, हेमंत तडागी, जैविक प्रशिक्षक अनिल पांडे, सामाजिक कार्यकर्ता अमित त्यागी, प्रधान सहायक सुनील बिष्ट मौजूद रहे।

**दिक्कत** गौला नदी में सिल्ट आने से बढ़ रही समस्या, तीन क्षेत्रों में फुंके नलकूप, गहराया पेयजल संकट

# क्षमता से कम पानी हो रहा फिल्टर, आधा शहर रह गया प्यासा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बारिश के कारण गौला नदी में सिल्ट की मात्रा बढ़ने से प्लांट में क्षमता से कम पानी फिल्टर हो रहा है। जिस वजह से हजारों लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है। कई क्षेत्रों में लगातार दूसरे दिन भी पानी की आपूर्ति ठप रही।

शीतलाहाट और शीशमहल फिल्टर प्लांट से पानी की आपूर्ति की जाती है। मगर सिल्ट आने की वजह से क्षमता से केवल 60 प्रतिशत पानी ही फिल्टर हो पा रहा है। गुरुवार को दमुवाढूंगा, बिठौरिया, मल्ली बमौरी, तल्ली बमौरी आदि क्षेत्रों में पानी नहीं पहुंचा। लगातार दूसरे दिन पानी नहीं आने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। इसके अलावा आवास विकास, साह फार्म और दमुवाढूंगा के नलकूप फुंक गए हैं। इन इलाकों में पेयजल किल्लत शुरू हो गई है। जल संस्थान के अधिकारियों का कहना है कि नलकूपों को शीघ्र सही कराने का प्रयास किया जा रहा है। नलकूप खराब होने से करीब 15 हजार की आबादी पानी के लिए जूझ रही है। जल संस्थान ने पेयजल किल्लत से प्रभावित क्षेत्रों में सात टैंकर भिजवाए, लेकिन लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पाया। इधर, दमुवाढूंगा के लोगों का कहना है कि जल संस्थान ने क्षेत्र में अब तक टैंकर नहीं भिजवाया है।

### गौला नदी का जलस्तर 1,870 क्यूसेक पहुंचा

**हल्द्वानी :** पहाड़ों में हो रही बारिश से गौला नदी में जलस्तर 1,870 क्यूसेक पहुंच गया है। नदी का जलस्तर 12 हजार क्यूसेक तक पहुंच गया था, जो अब कम होता जा रहा है। वहीं कोसी नदी का जलस्तर 1,412 क्यूसेक और नंधौर नदी का जलस्तर 5,402 क्यूसेक रहा।



दमुवाढूंगा क्षेत्र में टैंकर से पानी भरते लोग। ● अमृत विचार

# हिंदी साहित्य भारती के अध्यक्ष कल हल्द्वानी में

संवाददाता, हल्द्वानी



**कार्यक्रम**

- द्वितीय मंडलीय संगोष्ठी व चिंतन बैठक में लेंगे हिस्सा

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय हिंदी साहित्य भारती के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ. रवींद्र शुक्ल 20 जुलाई को दो दिवसीय उत्तराखंड दौरे पर आ रहे हैं। पहले दिन डॉ. शुक्ल यहां आयोजित द्वितीय मंडलीय संगोष्ठी व चिंतन-बैठक में शिरकत करेंगे। अगले दिन ऋषिकेश में आयोजित गढ़वाल मंडल की संगोष्ठी में हिस्सा लेंगे।

हिंदी साहित्य भारती की द्वितीय मंडलीय संगोष्ठी व चिंतन बैठक 20 जुलाई को पाल कॉलेज में होगी। जिसमें केंद्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश के पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. रवींद्र शुक्ल मुख्य अतिथि रहेंगे। इस संगोष्ठी व चिंतन बैठक में कुमाऊं के सभी जनपदों से पदाधिकारी व सदस्य भागीदारी करेंगे। पूर्व विधायक नारायण पाल कार्यक्रम संयोजक हैं। दो सत्रों में यह कार्यक्रम किया जाएगा। हिंदी साहित्य भारती के जिला महामंत्री डॉ. अनुपम शुक्ल ने बताया कि पहले सत्र में संगोष्ठी और चिंतन बैठक होगी। जिसमें केंद्रीय मंत्री डॉ. मंजू पांडे उदिता विशिष्ट अतिथि रहेंगी। मार्गदर्शक मंडल सदस्य डॉ. प्रभा पंत पहले सत्र की अध्यक्षता करेंगी। द्वितीय सत्र में आशा शैली की अध्यक्षता में कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। कुमाऊं के कवि समसामयिक विषयों पर अपनी रचनाएं प्रस्तुत करेंगे। 21 जुलाई को ऋषिकेश में हिंदी साहित्य भारती का गढ़वाल मंडल की संगोष्ठी प्रस्तावित है। गढ़वाल मंडल में प्रस्तावित संगोष्ठी की संयोजक प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कविता भट्ट शैलपुत्री हैं। ऋषिकेश कार्यक्रम के बाद केंद्रीय अध्यक्ष डॉ. शुक्ल प्रदेश के भाषा एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री डॉ. सुबोध उनियाल और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकातकरेंगे।

# समाज के उत्थान के लिए सरकार कर रही बेहतर कार्य

## विधानसभा अध्यक्ष ने भाजपा नेता चुघ के आवास और राप्रावि खेड़ा में किया पौधरोपण, पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लेने की अपील

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूरी ने ओमेक्स स्थित वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ के आवास पर पहुंची। यहां उन्होंने हरेला के अवसर पर पौधरोपण किया। इसके बाद राजकीय प्राथमिक विद्यालय खेड़ा में भी पौधरोपण किया। इस दौरान उन्होंने सभी से पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लेने की अपील की।

गुरुवार को भाजपा नेता चुघ के आवास पर पौधरोपण के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि समाज के उत्थान के लिए राज्य सरकार बेहतर कार्य कर रही है। जहां समाज के सभी लोगों के विकास के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का चहुंमुखी विकास किया जा रहा है। वहीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य में बेहतर कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के संवर्धन के लिए पौधरोपण बेहद आवश्यक है। जो भी व्यक्ति पौधारोपण करता है वह उसकी देखभाल भी अवश्य करे। इससे पूर्व भाजपा नेता चुघ ने अपने आवास पर विधानसभा अध्यक्ष का बुके देकर स्वागत किया। इस अवसर पर मंडी परिषद के पूर्व अध्यक्ष गजराज सिंह बिष्ट, निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह, अनिल चौहान, जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, अमित नारंग, विकास शर्मा, राम प्रकाश गुप्ता, राकेश सिंह, तरुण दत्ता, धर्म सिंह कोहली, योगेश वर्मा, शैली फुटेला, भूपेंद्र चौधरी, देवेंद्र सिंह, ज्ञान सिंह चौहान, पीके राय, निशांत ढल्ला, अंकित नरूला, अजय लूथरा, अक्षय गाबा, राज कोली मौजूद रहे।


भाजपा नेता चुघ के आवास पर पौधरोपण करतीं विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूरी।



काशीपुर में विधानसभा अध्यक्ष का स्वागत करते भाजपा नेता खिलेंद्र चौधरी व अन्य।

### विधानसभा अध्यक्ष पहली बार पहुंचीं सितारगंज

**सितारगंज :** विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूरी अपने कार्यकाल के दौरान पहली बार सितारगंज पहुंचीं। गुरुवार को सितारगंज के तुर्का तिषोर के कृष्ण प्रणामी महाराजा अग्रसेन गौशाला ट्रस्ट में उन्होंने पौधरोपण किया। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष आदेश चौहान, जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, सतीश उपाध्याय, गोपाल बिष्ट, दयानंद तिवारी, सुखदेव सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।



सितारगंज में विधानसभा अध्यक्ष का स्वागत करतीं भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### पर्यावरण संरक्षण को लेकर दिलाया संकल्प

**काशीपुर :** भविष्य को बचाने के लिए पेड़-पौधों को बचाना होगा। उसके महत्व को अपने बच्चों को भी बताना होगा। यह प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। यह बात काशीपुर पहुंची विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी ने कही। गुरुवार को आवास-विकास एक कार्यक्रम में पहुंचीं उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी का भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस अवसर पर ऋतु खंडूरी ने कहा कि उत्तराखंड में कई लोक पर्व मनाये जाते हैं, जिनमें से एक है हरेला। हरेला की खास बात यह है कि इसे सावन के महीने में मनाया जाता है। इस पर्व में प्रकृति पूजन किया जाता है और पौधे भी रोपे जाते हैं। सरकार द्वारा इस वर्ष हरेला पर अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लिया गया है। इस दौरान विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, गुरविंदर सिंह चंडोक, खिलेंद्र चौधरी, राम मेहरोत्रा, आशीष गुप्ता, दीपक मेंथा आदि मौजूद रहे।

# राशन की दुकान बदले जाने से आक्रोश

**मांग**

- पूर्व सस्ता गल्ला की दुकान से राशन दिलाने की लगायी गुहार
- बोले-दुकान बदलने के बाद से नहीं मिला है राशन

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** सस्ता गल्ला की एक दुकान से दूसरे दुकान में संबद्ध किये जाने से घास मंडी के राशन कार्ड धारकों में आक्रोश है। विरोध में लोगों ने जिला पूर्ति कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। साथ ही उनका राशन पूर्व के सस्ता गल्ला विक्रेता की दुकान से दिलाने की मांग की। लोगों ने जल्द मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

गुरुवार को जिला पूर्ति विभाग कार्यालय पहुंचे घास मंडी के राशन कार्ड धारकों ने कहा कि उनके क्षेत्र के 180 राशन कार्ड धारकों को वहीं स्थित जसपाल सिंह की सस्ता गल्ला की दुकान से राशन मिल रहा था। करीब 20 वर्ष से सभी लोग इसी सस्ता गल्ला विक्रेता की दुकान से राशन ले रहे हैं। इस दौरान किसी को कोई समस्या नहीं आयी। इसी बीच पूर्व में डीएसओ रहे श्याम आर्या ने सस्ता गल्ला दुकानदार जसपाल सिंह के यहां से सभी को आदर्श कॉलोनी स्थित विकास घई की सस्ता गल्ला दुकान में संबद्ध कर दिया है। जुलाई माह के 18 दिन बीत गए हैं लेकिन राशन नहीं मिला है।

राशन कार्ड धारकों का आरोप है कि सस्ता गल्ला विक्रेता विकास घई न तो फोन उठाते हैं और न ही दुकान खोलते हैं। इसको लेकर छह जुलाई को सभी कार्ड धारक डीएम से मिले थे। तब उन्हें राशन दिए जाने का आश्वासन मिला था। लेकिन अभी तक किसी को राशन नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि प्रदेश व केंद्र में भाजपा सरकार है तो गरीबों को राशन समय पर क्यों नहीं मिल रहा है। वहीं डीएसओ विपिन कुमार का कहना है कि सभी कार्ड धारकों को राशन पूर्व की सस्ता गल्ला दुकान घासमंडी से ही दिलाए जाने की व्यवस्था की जाएगी। जो राशन कार्ड दूसरी जगह संबद्ध किये गये हैं उनके द्वारा नहीं किये गये हैं। इस अवसर पर अनुज मजूमदार, शिव प्रसाद, संगीता, अनीता विश्वास, अभिषेक, अशोक नाथ समेत कई राशन कार्ड धारक मौजूद रहे।


जिला पूर्ति कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करते राशन कार्ड धारक। ● अमृत विचार


काशीपुर में पूर्व विधायक से मुलाकात करते राशन डीलर्स। ● अमृत विचार

### राशन डीलर्स ने की पूर्व विधायक से मुलाकात

**काशीपुर :** राशन डीलर्स ने पूर्व विधायक से वार्ता कर उनके सम्मुख प्रमुख मांगें रखीं। गुरुवार को ऑल इंडिया फेयर प्राइज शॉप डीलर्स फेडरेशन के बैनर तले राशन डीलर्स पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा से मिले। इस दौरान उन्होंने पुराने कमीशन दिलाने समेत अन्य मांगें रखीं। इस पर पूर्व विधायक चीमा ने उनकी समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया। मुलाकात करने वालों में तेजवीर चौहान, सार्थक अग्रवाल, विनोद सारस्वत, शिवम शर्मा, पीके अग्रवाल, राजीव त्रिपाठी, ब्रज किशोर सिंह, जगतार सिंह, ब्रज किशोर आदि मौजूद रहे।

# डंपर की टक्कर से बाइक सवार होमगार्ड की मौत

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** अपनी ड्यूटी कर घर वापस जा रहे होमगार्ड की डंपर की चपेट में आकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची आईटीआई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने मौके पर हंगामा भी किया।



गुरुवार को कोतवाली में तैनात होमगार्ड 59 वर्षीय इंद्रपाल निवासी अलीगंज थाना भगतपुर अपनी ड्यूटी समाप्त कर बाइक से घर वापस जा रहे थे। इस बीच नेफा चौकी बॉर्डर के पास उसको सामने से आ रहे एक डंपर ने टक्कर मार दी। इसके चलते उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद आसपास के गांव वालों ने वहां पर हंगामा करना शुरू कर दिया। डंपर चालक मौका पाकर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची आईटीआई थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। डंपर को थाने में खड़ा कर दिया।

**न्यायालय श्रीमान असिस्टेन्ट कलक्टर महोदय धारी जनपद नैनीताल**

राजस्व वाद संख्या 22/117 वर्ष 2024

वादी/प्रार्थी :- जसप्रीत सिंह बिन्द्रा पुत्र गुरमीत सिंह, निवासी ग्राम चौखुटा, पट्टी पूर्वीआगर, तहसील धारी, जिला नैनीताल।

बनाम

प्रतिवादी- सरकार उत्तराखण्ड एवं अन्य

समन बनाम - प्रतिवादीगण खाता संख्याः 124

1. बिशनराम पुत्र दुर्गाराम, 2. विक्रम सिंह पुत्र होशियारसिंह, 3. शारिक राना पुत्र एन.एम. खान, 4. बिशनराम पुत्र दुर्गाराम, 5. रजनीश शर्मा पत्नी विनोद कुमार शर्मा, 6. परवीन भारद्वाज पत्नी एस.एन. भारद्वाज, 7. नरेन्द्र सिंह बिष्ट पुत्र अमरनाथ, 8. कल्पना बिष्ट पुत्री दयाल सिंह।

आपको सूचित किया जाता है कि वादी जसप्रीत सिंह बिन्द्रा पुत्र गुरमीत सिंह, निवासी ग्राम चौखुटा, पट्टी पूर्वीआगर, तहसील धारी, जिला नैनीताल के द्वारा एक वाद इस न्यायालय में धारा 143 ज०वि० एवं भू०सू०अधि० अन्तर्गत वास्ते भूमि अकृषक हेतु दायर किया गया है जिसे इस न्यायालय में दर्ज कर लिया गया है उक्त वाद में आपत्ति हेतु दिनांक 19-07-2024 की तिथि नियत है।

अतः आप उक्त नियत तिथि दिनांक 19-07-2024 को इस न्यायालय में प्रातः 10:00 बजे स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा उक्त मामला एकतरफा सुना व निर्गत किया जायेगा।

दिनांक : 12-07-2024

रीडर
न्यायालय असिस्टेन्ट कलक्टर/
उप जिलधिकारी धारी।

# निर्माणाधीन अवैध कॉलोनी ध्वस्त

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** जिला विकास प्राधिकरण से नक्शा पास नहीं होने पर प्राधिकरण के अधिकारियों की मौजूदगी में थाना ट्रांजिट कैंप स्थित गड्ढा कॉलोनी में कॉलोनी के अर्ध निर्मित मकानों को ध्वस्त किया गया। कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था।

गुरुवार को जिला प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभिषेक रुहेला, सचिव एवं एडीएम पंकज उपाध्याय के साथ नायब तहसीलदार सुरेश बुढलाकोटी, सिंचाई विभाग के एसडीओ विजय पाल सिंह, तहसीलदार दिनेश कुटोला और थाना ट्रांजिट कैंप प्रभारी भारत सिंह भारी पुलिस के साथ गड्ढा कॉलोनी पहुंचे। जहां बैगुल नदी किनारे काटी जा रही अवैध कॉलोनी के खिलाफ कार्रवाई हुई। इस दौरान जेसीबी मशीन ने भूखंड में बने अर्ध निर्मित मकानों को ध्वस्त कर दिया।

इस दौरान जिला प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने बताया कि पिछले कुछ समय पहले नदी किनारे कॉलोनी काटी जाने की शिकायत प्राप्त हुई थी। जिस पर जांच की गई तो पता चला कि कॉलोनी संचालक द्वारा प्राधिकरण से नक्शा पास नहीं कराया था और नियम विरुद्ध कॉलोनी का निर्माण हो रहा है। उन्होंने बताया कि फिलहाल कॉलोनी में चार से पांच अर्ध निर्मित मकान बने हुए थे। जिसे तोड़ दिया गया है। उन्होंने लोगों को सख्त हिदायत दी कि बगैर नक्शा पाए कराए भवन का निर्माण कार्य न कराएं।



गड्ढा कॉलोनी स्थित बैगुल नदी किनारे बने अर्ध निर्मित मकानों को तोड़ती जेसीबी।

# अस्पताल में गैस की दवा नहीं होने से मरीज परेशान

**काशीपुरः** काशीपुर के एलडी भट्ट सरकारी अस्पताल में गैस की दवा खत्म होने से मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दवा नहीं होने से मरीजों को मेडिकल स्टोर से दवा खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है। वहीं अस्पताल प्रशासन ने बताया कि दवाओं के लिए डिमांड भेजी गई है। दरअसल काशीपुर के एलडी भट्ट सरकारी अस्पताल में प्रतिदिन पांच सौ से अधिक ओपीडी होती है। इनमें जसपुर, बाजपुर, काशीपुर, सुल्तानपुर पट्टी, अलीगंज, अफजगढ़, ठाकुरद्वारा, नगीना समेत अन्य स्थानों से लोग इलाज कराने आते हैं। लेकिन बीते एक सप्ताह से अस्पताल में गैस दर्द में काम आने वाला कैप्सूल ओमेप्राजोल तक नहीं है। सीएमएस डॉ. खेमपाल ने बताया कि अस्पताल में गैस के कैप्सूल ओमेप्राजोल समाप्त हो गए हैं। इसके लिए डिमांड भेज दी गई है।

**न्यायालय श्रीमान असिस्टेन्ट कलक्टर महोदय धारी जनपद नैनीताल**

राजस्व वाद संख्या 22/138 वर्ष 2024

वादी / प्रार्थीः- जसविंदर सिंह गंधोक पुत्र तेजेन्द्र सिंह, निवासी ग्राम चौखुटा, पट्टी पूर्वीआगर, तहसील धारी, जिला नैनीताल।

बनाम

प्रतिवादी- सरकार उत्तराखण्ड एवं अन्य

समन बनाम् प्रतिवादीगण खाता संख्याः- 124

1. बिशनराम पुत्र दुर्गाराम, 2. विक्रम सिंह पुत्र होशियारसिंह, 3. शारिक राना पुत्र एन.एम. खान, 4. बिशनराम पुत्र दुर्गाराम, 5. रजनीश शर्मा पत्नी विनोद कुमार शर्मा, 6. परवीन भारद्वाज पत्नी एस.एन. भारद्वाज, 7. नरेन्द्र सिंह बिष्ट पुत्र अमरनाथ, 8. कल्पना बिष्ट पुत्री दयाल सिंह।

आपको सूचित किया जाता है कि वादी जसविंदर सिंह गंधोक पुत्र तेजेन्द्र सिंह, निवासी ग्राम चौखुटा, पट्टी पूर्वीआगर, तहसील धारी, जिला नैनीताल के द्वारा एक वाद इस न्यायालय में धारा 143 ज०वि० एवं भू०सू०अधि० अन्तर्गत वास्ते भूमि अकृषक हेतु दायर किया गया है जिसे इस न्यायालय में दर्ज कर लिया गया है उक्त वाद में आपत्ति हेतु दिनांक 19-07-2024 की तिथि नियत है।

अतः आप उक्त नियत तिथि दिनांक 19-07-2024 को इस न्यायालय में प्रातः 10:00 बजे स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा उक्त मामला एकतरफा सुना व निर्गत किया जायेगा।

दिनांक : 12-07-2024

रीडर
न्यायालय असिस्टेन्ट कलक्टर/
उप जिलधिकारी धारी।

# डेंगू को लेकर नगर निगम अलर्ट

**कार्रवाई**

- सभी वार्डों में शुरू किया नालियों में दवा डालने व फॉगिंग का कार्य
- निगम कर्मियों ने पानी इकट्ठा नहीं करने को लेकर मुनादी की

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** मानसून के मौसम में डेंगू, मलेरिया सहित अन्य बीमारियों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। इसे देखते हुए नगर निगम ने डेंगू व मलेरिया को लेकर अलर्ट जारी कर दिया है। साथ ही डेंगू को लेकर निगम स्तर से तैयारियां शुरू करते हुए सभी वार्डों में फॉगिंग व नालियों में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कार्य शुरू कर दिया है।

ऊधम सिंह नगर जिला डेंगू, मलेरिया की बीमारियों को लेकर अति संवेदनशील माना जाता है। हालांकि जिले में इस साल अब तक डेंगू का कोई मामला सामने नहीं आया है। वहीं मानसून सीजन को देखते हुए नगर निगम ने डेंगू को लेकर अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके तहत नगर निगम कर्मी मुनादी कर लोगों को पानी इकट्ठा न करने की सलाह दे रहे हैं। साथ ही सुबह व शाम नगर निगम के 40 वार्डों में फॉगिंग व नालियों में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव का कार्य किया जा रहा है।

### 14 फॉगिंग मशीनों से किया जा रहा फॉगिंग का कार्य

**काशीपुर :** नगर निगम अधिकारियों के मुताबिक नगर निगम के पास शहर में फॉगिंग के लिए 14 मशीनें हैं। इसमें आठ बड़ी, छह मशीनें छोटी शामिल हैं। इसके साथ ही नगर निगम बड़ी कॉलोनियों में ट्रैक्टर-ट्रॉली की मदद से नालियों में दवाओं का छिड़काव कर रहा है, जबकि छोटी कॉलोनियों में कर्मी पंप की मदद से छिड़काव कर रहे हैं।

> डेंगू को लेकर नगर निगम ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। लोगों को मुनादी कर पानी इकट्ठा न करने को लेकर जागरूक किया जा रहा है।
> -**विवेक राय**, नगर आयुक्त, काशीपुर।

**कार्यालय जिलाधिकारी नैनीताल**

संख्या : 493/14-आर.ए. (नामिका अधि.)/2024 दिनांक : 15 जुलाई, 2024

**विज्ञप्ति**

अपर सचिव, न्याय एवं अपर विधि परामर्शी उत्तराखण्ड शासन, देहरादून के पत्र संख्या 6 चार-L/XXXVI-A-1/2024-03 चार-L/2024 दिनांक 24 जून, 2024 के द्वारा जिला नैनीताल के सिविल न्यायालयों के संचालन हेतु नामिका अधिवक्ता (सिविल) के रिक्त पद पर आबद्धता हेतु विधि परामर्शी निर्देशिका के प्रस्तर-8.02 में उल्लिखित व्यवस्थानुसार जिला न्यायाधीश के अभिमत के साथ नामिका अधिवक्ता (सिविल) नैनीताल के पद के लिये न्यूनतम तीन विधि व्यवसायियों का पैनल शासन को उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

अतः शासन के उक्त पत्र के क्रम में प्रदेश के जनपद नैनीताल में नामिका अधिवक्ता (सिविल) के रिक्त पद पर आबद्धता हेतु इच्छुक एवं योग्य अधिवक्ता, जिनका कम से कम विधि व्यवसाय (सिविल मामलों) में पाँच वर्ष का कार्यकाल पूर्ण हो चुका हो, के आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। इच्छुक एवं योग्य अधिवक्ता अपने आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर सक्षम प्राधिकारी से सत्यापित प्रमाण पत्रों सहित विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तिथि से 15 दिन के अन्दर जिलाधिकारी कार्यालय, नैनीताल में जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र का प्रारूप एवं विज्ञप्ति का पूर्ण विवरण Nainital.nic.in में देखा जा सकता है।

जिलाधिकारी
नैनीताल

**कार्यालय नगरपालिका परिषद, नैनीताल**

पत्रांक : 421/X-6 दिनांक : 28-06-2024

**नोटिस**

1- श्री कैलाश चन्द्र डालाकोटी पु० श्री हीरा बल्लभ डालाकोटी, निवासी ग्राम खेड़ा, तहसील हल्द्वानी नैनीताल।

2- श्री उमेश चन्द्र भटट् पुत्र स्व० श्री नन्दाबल्लभ निवासी धुनी नं० 2, कठघरिया, तहसील हल्द्वानी नैनीताल।

आपको नगर पालिका अधिनियम की धारा 147 की उपधारा (1), (2) व (3) अधीन एतद नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि नगरपालिका परिषद, नैनीताल के भवन और भूमि सम्पत्ति मूल्यांकन एवं कर निर्धारण सूची में क्षेत्र सं० 04 भवन संख्या 84/19 हौर्थडन कम्पा० मल्लीताल नैनीताल में स्थित एक किता भवन के ग्राउण्ड फ्लोर में एक किता निर्मित फ्लैट रकवा 850 वर्गफीट सम्पत्ति जो कि श्रीमती मुन्नी दत भट्ट प० श्री उमेश चन्द्र भटट् के नाम से दर्ज चला आ रहा है के सम्बन्ध में निम्नलिखित संसोधन और परिवर्तन करने का निश्चय किया गया है।

उक्त सम्पत्ति की प्रविष्ट मूल्यांकन एवं कर निर्धारण सूची में की जाये तथा इस सम्पत्ति में आपका नाम स्वामी के रुप में अंकित किया जाए तथा इस सम्पत्ति का वार्षिक मूल्यांकन भवन कर व सफाई कर नियमानुसार निर्धारित किया जाना प्रस्तावित है।

पंजीकृत वसीयत दिनांक 24-03-2022 की प्रमाणित प्रतियों एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र के आधार पर जो कि श्रीमती मुन्नी दत भटट् प० श्री उमेश चन्द्र भटट् के स्थान पर उक्त सम्पत्ति में श्री कैलाश चन्द्र डालाकोटी पु० श्री हीरा बल्लभ डालाकोटी का नाम स्वामी के रुप में अंकित किया जाना प्रस्तावित है।

अतः उपरोक्त प्रस्तावित संशोधन और परिवर्तन या मूल्य निर्धारण के सम्बन्ध में आपको कोई आपत्ति हो जो स्पष्ट तर्क संगत तथ्यों सहित अपनी आपत्ति लिखित रुप में स्वयं या अपने अभिकर्ता द्वारा इस नोटिस की तामील के दिनांक से एक माह के अंदर अधोहस्ताक्षरी को प्रेषित करें अन्यथा निर्धारित अवधि समाप्त होने वाले दिनांक के अगले दिन या उसके बाद संशोधन और परिवर्तन या मूल्य निर्धारण जैसी भी स्थिति हो का अधिप्रमाणिकरण कर दिया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी,
नगरपालिका परिषद, नैनीताल

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE

150 बेड का विश्वस्तरीय कैंसर हॉस्पिटल

RADIOTHERAPY
TRUE BEAM STX LINAC

यह SRS, SBRT, IGRT, IMRT, VMAT और 3D CRT जैसी फोटॉन थेरेपी (6 Mv, 10Mv, 15Mv) पद्धतियाँ प्रदान करने में सक्षम है।




BRACHYTHERAPY

24 Channel



PET CT SCAN

बरेली मंडल की एक मात्र मशीन



FDG -PET CT
PSMA- PET CT (प्रोस्टेट कैंसर)
सोडियम फ्लोराइड बोन पीईटी
DOPA -PET CT (पार्किंसंस आवर्तक ब्रेन ट्यूमर, आदि)

द्वितीय पीढ़ी की मशीन जिससे कैंसर के स्टेज का पता चलता है

Immunotherapy & Chemotherapy

Dedicated Cancer Modular OT's

आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक का इलाज

हमारे विशेषज्ञ

डॉ. अर्जुन अग्रवाल (सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. लक्ष्मण पांडे (रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. आमिर मलिक (हेड एंड नेक कैंसर सर्जन)
डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा (क्लिनिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. संदीप (मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. चीना गर्ग (ऑन्कोपैथोलॉजिस्ट)
डॉ. अंकित कुमार (न्यूक्लियर मेडिसिन ऑन्कोलॉजिस्ट)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 92581 16087, 78912 35003

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल कैम्पस, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

## एक नजर

### युवक को चोर बताकर किया जानलेवा हमला

**बाजपुर :** पड़ोस में आयोजित एक कार्यक्रम में शिरकत करके देर रात घर लौट रहे युवक को चोर बता रास्ते में कुछ लोगों ने घेरकर जानलेवा हमला कर दिया। पीड़ित पक्ष ने पुलिस चौकी सुल्तानपुर पट्टी में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम रामजीवनपुर निवासी ऊषा पत्नी किशनलाल ने पुलिस को बताया कि 15 जुलाई की देर रात करीब 11 बजे उसका बेटा आकाश पड़ोस में हुए कार्यक्रम से घर आ रहा था। आरोप है कि गांव के ही तीन लोगों ने रास्ते में घेर लिया और आकाश को बेवजह चोर बताते हुए मारपीट करने लगे। इसी बीच गांव के और लोग भी वहां पहुंच गए रात दो बजे तक उसके साथ मारपीट की। मारपीट में आकाश गंभीर रूप से घायल हो गया। तहरीर में 9-10 लोगों को नामजद किया है। समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ था। वहीं युवक की पिटाई की वीडियो इंटरनेट मीडिया पर खूब वायरल हो रही है।

### संदिग्ध परिस्थिति में किशोरी लापता

**काशीपुर :** सहेली के घर पार्टी में जाने की बात कहकर निकली एक किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने किशोरी की गुमशुदगी दर्ज कर ली है। सूर्या चौकी अंतर्गत एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि 16 जुलाई की शाम को उसकी 15 वर्षीय पुत्री अपनी सहेली के घर पार्टी में जाने के लिए बोलकर घर से निकली थी। लेकिन वह देर रात तक घर नहीं लौटी। उसकी रिश्तेदारों व संभावित स्थानों पर खोजबीन की। लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं चल सका।

### गुम हुए मोबाइल ढूंढकर मालिकों को सौंपे

**काशीपुर :** थाना आईटीआई पुलिस द्वारा गुम हुए तीन मोबाइल बरामद कर उनके मालिकों को लौटाये गये हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के समस्त थाना प्रभारियों को थाना क्षेत्र में गुम होने वाले मोबाइल को सीईआईआर के माध्यम से बरामद करने संबंधी निर्देश दिए गए थे। बुधवार को संतोष सिंह निवासी राधे हरि डिग्री कॉलेज छात्रवास थाना आईटीआई, काशीपुर का दस हजार कीमत का मोबाइल, नवनीत सिंह निवासी राजाजीपुरम कॉलोनी हेमपुर स्माइल थाना आईटीआई काशीपुर का साढ़े सोलह हजार कीमत का मोबाइल तथा मनीष कुमार निवासी गढ़वाल सभा जसपुर खुर्द थाना आईटीआई का 13 हजार कीमत का मोबाइल बरामद किया।

### कार्यालय में पहुंचकर विधायक अरोरा से की मुलाकात, विधायक ने एसपी यातायात से फोन पर की वार्ता

# सीपीयू की प्रताड़ना से टुकटुक चालकों में आक्रोश

**लामबंद**

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** बार-बार नियम कायदे का हवाला देते हुए यातायात पुलिस और सीपीयू द्वारा प्रताड़ित किए जाने से टुकटुक चालकों में आक्रोश है। इसके विरोध में चालकों ने विधायक कार्यालय का घेराव किया और विधायक शिव अरोरा से मुलाकात कर समस्याओं को बताया। उन्होंने कहा कि चालानी व सीज की कार्रवाई से चालक परेशान हो चुके हैं।

गुरुवार को घेराव करते हुए टुकटुक चालकों ने बताया कि शहर में यातायात पुलिस और सीपीयू द्वारा कभी टुकटुक में जाली नहीं लगी होने, कभी लाइसेंस तो कभी रूट डायवर्ट के नाम पर प्रताड़ित किया जा रहा है। पुलिस टुकटुक को सीज कर देती है या फिर नगद चालानी कार्रवाई करती है। इस कारण चालकों पर आर्थिक बोझ बढ़ता ही जा रहा है, जबकि ज्यादातर चालक सवारियां ढो कर परिवार की आजीविका चलाते हैं। इस पर विधायक शिव अरोरा ने एसपी यातायात चंद्रशेखर घोडके से फोन पर वार्ता की। उन्होंने कहा कि चालकों को नियम-कायदे को पूर्ण करने के लिए समय दिया जाए और यातायात व सीपीयू सामंजस्य बनाकर एक शिविर लगाए। ताकि एक साथ ही टुकटुक चालकों के दस्तावेज, जाली लगाने और लाइसेंस संबंधी समस्या का समाधान हो सके। बावजूद चालकों को बेवजह उत्पीड़न करना न्याय संगत नहीं है।

उन्होंने चालकों से भी नियम के तहत वाहनों का संचालन करने की सलाह दी। इस मौके पर दर्जा मंत्री उत्तम दत्ता, मंडल महामंत्री राधेश शर्मा, निवर्तमान पार्षद बबलू सागर के अलावा बड़ी संख्या में टुकटुक चालक मौजूद रहे।



रुद्रपुर में विधायक कार्यालय का घेराव कर विधायक से मिलते टुकटुक चालक। ● अमृत विचार

# जीजा-साले में चलीं गोलियां, छह घायल

▸▸ सभी घायलों को सुशीला तिवारी अस्पताल किया रेफर

संवाददाता, नानकमत्ता

**अमृत विचार:** जीजा-साले के विवाद के बीच ताबड़तोड़ चली गोलियों में दोनों पक्षों के छह लोग घायल हो गए। डॉक्टरों ने सभी को हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर कर दिया है।

जसविंदर सिंह ने पुलिस को तहरीर सौंपकर बताया कि बुधवार देर रात्रि बलवीर सिंह निवासी घेरा, कुलविंदर सिंह निवासी विचुवा, राजू सिंह निवासी सलबती थाना नानकमत्ता ने विवाद के निपटारे के लिये पंचायत बुलाई थी। लेकिन वहां उक्त लोगों ने जीजा के साथ मिलकर साजिशन हमला कर गोली चला दी। इसमें साला जसविंदर सिंह, सोनू सिंह निवासी कैथुलिया, थाना नानकमत्ता, टीटू सिंह निवासी हरैया गोली लगने से घायल हो गए। इधर कुलविंदर सिंह निवासी विचुवा के परिजनों ने बताया कि उनके परिवार के लोग बाजार जा रहे थे।

उस वक्त जसविंदर सिंह ने घेर कर परिजनों पर हमला कर गोलियां चला दीं। इसमें उनके तीन लोग घायल हो गए। थानाध्यक्ष देवेन्द्र गौरव ने बताया कि साले जीजा के बीच विवाद हुआ है। मामले की जांच की जा रही है। उधर, घायल जसविंदर सिंह ने कहा कि घटना से पहले कुछ दिन पहले पुलिस को तहरीर देकर हमला होने की जानकारी दी गयी थी। लेकिन पुलिस ने मामले को नजरअन्दाज कर दिया। सूचना देने के एक घंटे बाद घटनास्थल पर पुलिस पहुंची।

# बाढ़ में क्षतिग्रस्त सड़कें शीघ्र बनाएं, पुल के लिए आगणन प्रस्तुत करें

### सांसद ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों की जानकारी लेने के साथ की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा, कहा-आपदा और विकास कार्यों के लिए धनराशि की कोई कमी नहीं

**बैठक**

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** नैनीताल-ऊधमसिंह नगर के सांसद अजय भट्ट ने विगत दिनों जनपद में आयी बाढ़, जलभराव से हुई क्षति और आपदा कार्यों की जानकारी ली। साथ ही आपदाओं के निराकरण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आपदा व विकास कार्यों के लिए धनराशि की कोई कमी नहीं है। इसलिए अधिकारी कार्यों को गंभीरता से लें और समय पर पूरा करें। वहीं एनएच हल्द्वानी, ईएसआईसी, रेलवे, आकाशवाणी, इंडियन ऑयल के अधिकारियों के समीक्षा बैठक में अनुपस्थित रहने पर उनके स्पष्टीकरण लेने के निर्देश जिलाधिकारी को दिए।

गुरुवार को नैनीताल-ऊधमसिंह नगर के सांसद भट्ट ने यह निर्देश एपीजे कलाम सभागार में आयोजित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक के दौरान दिए। इस दौरान उन्होंने भारत सरकार की योजनाओं का त्वरित लाभ जनता को देने के निर्देश दिए। साथ ही विकास कार्यों की सूचनाएं जनप्रतिनिधियों को अवश्य देने को कहा। उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की जानकारी लेने के बाद जिलाधिकारी को नौसर में प्रवीण नदी में बाढ़ आने से टूटी सड़क को शीघ्र ठीक करने, नानकमत्ता में कैलास नदी से टुकड़ी- बिछुआ पुल क्षतिग्रस्त होने व एंजीनिया गांव में कई जगह नदी से भू-कटाव का पिचिंग कार्य का आगणन कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

उन्होंने जल जीवन मिशन कार्यों की समीक्षा करते हुए पेयजल लाइन बिछाने के लिए खोदी गयी सड़कों व मार्गों को तुरंत सही करने के निर्देश दिए। कहा कि भविष्य में पेयजल योजना का ओवरहेड टैंक पूर्ण होने के अंतिम चरण में ही पाइप लाइन बिछाने के लिए खुदाई की जाए। उन्होंने निराश्रित गोवंशीय पशुओं के आश्रय के लिए गौशालाओं की समीक्षा की जिस पर जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में 6 गौशालाओं के लिए भूमि चयनित कर डीपीआर बनाकर शासन को भेज दी गयी है। सर्किट हाउस काशीपुर का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने संजय वन में विद्युतीकरण, एनएचएआई द्वारा काशीपुर रामनगर फोरलेन की समीक्षा की। इसके अलावा अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की। इससे पूर्व सांसद ने कलेक्ट्रेट परिसर में पौधरोपण किया।



रुद्रपुर में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते सांसद अजय भट्ट। ● अमृत विचार

### 15242 आपदा प्रभावितों को वितरित हुई 7.83 करोड़ की राशि

**रुद्रपुर :** जनपद में बाढ़ व जलप्रभावित क्षेत्रों में हुई क्षति एवं आपदा राहत कार्यों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने बताया कि 15242 आपदा प्रभावितों को 7.83 करोड़ अहैतुक धनराशि वितरित कर दी गई है। प्रथम सर्वे के अनुसार 60 करोड़ की विभागीय परिसम्पत्तियां क्षतिग्रस्त हुई हैं, 8 जनहानि हुई है, जिसमें से 5 मृतकों व 1 घायल को सहायता राशि वितरित कर दी गई हैं, जबकि 2 लापता हैं। प्रभावितों को 2.5 हजार राशन किट वितरित की गई हैं। दाह ढाकी में अभी भी राहत कैंप संचालित हैं। यहां सात परिवारों को भोजन कराया जा रहा है। व्यापारियों के दुकानों व सामानों को हुई क्षति का आंकलन करने के लिए चार टीमें लगायी गयी हैं। उन्होंने बताया कि बाजपुर लेवड़ा नदी की 9 किमी लंबाई की डिसिल्टिंग व सफाई करायी गयी थी, जिससे बाजपुर में जलभराव की स्थिति नहीं हुई है, जबकि लेवड़ा नदी में सिल्ट आई व कई जगह टूट-फूट हुई है जिसकी मरम्मत कराई जा रही है।

### एयरपोर्ट विस्तारीकरण में तेजी लाने के निर्देश

**रुद्रपुर :** समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि एयरपोर्ट विस्तारीकरण के लिए 524 एकड़ भूमि एयरपोर्ट अथॉरिटी को भूमि हस्तांरित कर दी गयी है। साथ ही 108 एकड़ भूमि व 188 करोड़ धनराशि एनएचएआई को सड़क विस्थापन के लिए आवंटित कर दी गयी है। जिस पर सांसद ने एयरपोर्ट विस्तारीकरण कार्य में तेजी लाने के निर्देश एयरपोर्ट अथॉरिटी व एनएचएआई को दिए।

### बैठक में ये लोग रहे मौजूद

विधायक शिव अरोरा, दर्जा मंत्री उत्तम दत्ता, जिलाध्यक्ष भाजपा कमल जिंदल, गुंजन सुखीजा, निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, पीडी अजय सिंह, एपीडी संगीता आर्या, डीडीओ सुशील मोहन डोभाल, उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट, गौरव पांडे, मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. एके वर्मा, मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी, अधिशासी अभियंता सिंचाई पीसी पांडे, लोनिवि ओपी सिंह, यूपीसीएल विजय सकारिया समेत जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### केंद्रीय विद्यालय समेत कई विकास कार्यों की मांग उठाई

**रुद्रपुर :** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में विधायक शिव अरोरा ने सांसद अजय भट्ट के समक्ष रुद्रपुर विधानसभा से जुड़े मुद्दों को उठाया। इस दौरान विधायक अरोरा ने रुद्रपुर क्षेत्र में प्रस्तावित केंद्रीय विद्यालय खोलने की प्रक्रिया में तेजी लाने की मांग की। ताकि रुद्रपुर व आसपास के लोगों इसका लाभ मिल सके। इसके अलावा रुद्रपुर में इंटर कॉलेज स्कूल की स्थापना गंगापुर रोड स्थित शैलजा फार्म की भूमि पर किये जाने, किच्छा रोड स्थित रामबाग श्मशान घाट के सौंदर्यीकरण, फॉरेंसिक यूनिवर्सिटी परिसर की स्थापना की मांग रखी। इसके अलावा राज्य योजना के तहत रुद्रपुर एनएच 87 से अटरिया मंदिर होते हुए सिडकुल मोड़ तक जाने वाली रोड का निर्माण शीघ्र कराए जाने, ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में झील से रोड का निर्माण जल्द कराए जाने, एनएच 74 बिगवाड़ा से तीन पानी डेम तक मार्ग के पुन निर्माण कार्य के जल्द शुरू कराने की मांग उठाई। इसके अलावा मेडिकल कॉलेज के निर्माण में तेजी लाने की बात कही।

# कर्मी ने लगाया ट्रांसपोर्टर को 52.40 लाख का चूना

**धोखाधड़ी**

▸▸ फर्जी व नकली भुगतान रसीद भेजते रहे कर्मी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** नामी ट्रांसपोर्ट कंपनी में कार्यरत कर्मी ने साथियों के साथ मिलकर ट्रांसपोर्टर को लाखों रुपये का चूना लगा दिया। गबन पकड़े जाने के बाद कारोबारी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आरएस लॉजिस्टिक के चेयरमैन हरीश मुंजाल ने बताया कि उनका ट्रांसपोर्ट का कार्यालय रुद्रपुर में स्थित है। कंपनी द्वारा अशोक लीलैंड कंपनी सिडकुल से नये ट्रक व चेसिस संपूर्ण भारत वर्ष में भेजने का टेंडर मिला था। इसके लिए कंपनी द्वारा चेन्नई स्थित आरएस लॉजिस्टिक की शाखा कार्यालय में सभी कार्य देखने के लिए महुलानी बर्डपुर-तीन विर्दपुर सिद्धार्थनगर यूपी निवासी भास्कर प्रताप पांडेय को नियुक्ति दी थी।

उन्होंने बताया कि फर्म के तमिलनाडू स्थित कार्यालय से नये चेसिस भेजने का रोड टैक्स जमा करने के लिए प्रति सप्ताह पांच लाख रुपये का भुगतान किया जाता रहा है। फर्म कर्मी भास्कर ही पहले भी कंपनी के सारे लेनदेन का कार्य देखता था और कंपनी को लगातार भुगतान की रसीद भेजता रहता था। ऐसे में कंपनी का आरोपी पर विश्वास बन चुका था। आरोप था कि कंपनी के कर्मचारी ने विश्वासघात करते हुए अपने साथी मोहम्मद मुनीम खां निवासी नगला जमालगढ़ मेवात हरियाणा, फारूख निवासी महमूद लक्ष्मणगढ़ खेड़ा अलवर राजस्थान सहित अन्य साथियों के साथ मिलकर कुटरचित तरीके से नकली व फर्जी भुगतान बनाकर कंपनी को गुमराह करते रहे और रोड टैक्स के रूप में जमा 52.40 लाख रुपये की धनराशि का गबन कर दिया।

आरोप था कि जब आरोपियों से इस संबंध में जानकारी मांगी तो आरोपी अभद्रता व जान से मारने और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने लगे। ट्रांसपोर्ट कारोबारी हरीश मुंजाल ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। सीओ सदर निहारिका तोमर ने बताया कि पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है और विवेचक नियुक्त कर दिया है।

### विदेश में नौकरी के नाम पर दो भाइयों से 23.20 लाख की ठगी

**काशीपुर :** विदेश में नौकरी लगवाने का लालच देकर दो भाइयों से एक आरोपी ने ट्रैवल एजेंट बनकर 23.20 लाख की धोखाधड़ी कर ली। रुपये वापस मांगने पर आरोपी जान से मारने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्राम अजीतपुर दभौरा मुस्तकम निवासी प्रभजोत सिंह ने आईटीआई थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी मुलाकात अगस्त 2023 में गुरसेवक सिंह निवासी बसवंत कॉलोनी, बिलासपुर जिला रामपुर से हुई। गुरसेवक ने उसे बताया कि वह ट्रैवल एजेंट है और लोगों को विदेश भेजने व नौकरी लगवाने का कार्य करता है। उसने बताया कि उसका बेटा में अमेरिका में है जहां वह 4-5 लाख रुपये कमा लेता है। तुम भी अमेरिका चले जाओ तो मैं तुम्हारी बढ़िया नौकरी लगवा दूंगा। जिससे तुम कम से कम 5 लाख प्रतिमाह कमाओगे। बताया कि वह व उसका सगा भाई सर्वजीत सिंह बेरोजगार थे। उन्होंने गुरसेवक सिंह की बातों से प्रेरित होकर 50 लाख रुपये में बात तय की। जिसमें से 24 लाख रुपये भारत में ही देने थे, शेष 26 लाख रुपये अमेरिका जाकर कमा कर देने थे। गुरसेवक सिंह ने उन्हें बताया कि उनका एक पार्टनर सुप्रीत सिंह लुधियाना में है, जो आप लोगों के टिकट, बीजा आदि की व्यवस्था करेगा। तुम उसके खाते में 7 लाख रुपये डाल दो। गुरसेवक के कहने पर उन्होंने 29 सितंबर 2023 को सुप्रीत सिंह के बैंक खाते में 7 लाख रुपये ट्रांसफर किये। इसके बाद बीती 3 मार्च को उसने 16 लाख 20 हजार रुपये नगद गुरसेवक को दे दिए। उसके बाद से लगातार गुरसेवक सिंह से फोन पर बात करने की कोशिश की गई, लेकिन गुरसेवक सिंह ने फोन नहीं उठाया।

### घायल सेवानिवृत्त कर्मी की मौत

**रुद्रपुर:** पंतनगर क्षेत्र के सेवानिवृत्त कर्मी को हालत बिगड़ने पर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पंतनगर टा कॉलोनी निवासी 60 वर्षीय ओमप्रकाश जीबी पंत विश्वविद्यालय के पीसीटी वर्कशॉप में तैनात थे। दो माह पहले ही सेवानिवृत हुए थे। बताया जा रहा है कि बुधवार की रात अचानक उनकी तबीयत खराब होने लगी तो परिवार के लोग आनन-फानन में जिला अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर सिडकुल चौकी पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर, मृतक के बेटे अमित ने बताया कि कुछ दिन पहले पिता सड़क हादसे में घायल हो गए थे। उपचार कराने के बाद वह घर पर ही थे।

# युवक को बंधक बनाकर पीटा, वीडियो भी बनाई

▸▸ 16 जुलाई की रात्रि खेड़ा बस्ती की है घटना, वीडियो वायरल करने की भी दी धमकी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** रंपुरा चौकी इलाके की खेड़ा बस्ती में विशेष समुदाय के युवकों ने राह चलते एक युवक को बंधक बनाकर पीटा। आरोप है कि हमलावरों ने पीटने के बाद उसकी नग्न वीडियो बनाई और पुलिस से शिकायत करने पर वायरल करने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

शहर में पिछले कुछ दिनों में खाकी का खौफ फीका पड़ता जा रहा है। जहां 17 जुलाई की रात्रि दबंगों ने एक युवक पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दहशत का माहौल बना दिया। वहीं खेड़ा बस्ती में विशेष समुदाय के युवकों ने राह चलते युवक का अपहरण कर उसे बंधक बना लिया और जमकर पीटा। पीड़ित युवक मनोज कुमार का कहना था कि 16 जुलाई की रात्रि साढ़े 9 बजे वह धार्मिक स्थल से पूजा अर्चना कर घर लौट रहा था। इस बीच अचानक खेड़ा पुलिस चौकी के समीप विशेष समुदाय के युवक आए और अभद्रता करने लगे। साथ ही कहने लगे कि उनका त्यौहार है और तू कैसे घूम रहा है। इसी दौरान युवक जबरन उसे उठाकर एक कमरे में ले गए। जहां हमलावरों ने उसको बेरहमी पीटा और जबरदस्ती कपड़े उतारकर नग्न वीडियो बनाई।



बाजपुर में उपखंड कार्यालय में ज्ञापन देते मोहल्लेवासी व कांग्रेस कार्यकर्ता।

### बिजली व्यवस्था ठीक करने की कांग्रेसियों ने उठाई मांग

**बाजपुर :** मोहल्ला मुड़िया पिस्तौर में लो वोल्टेज व अत्यधिक लोड की वजह से विद्युत लाइन बार-बार ट्रिप होने के साथ ही आए दिन ट्रांसफार्मर फुंक जा रहा है। परेशान मोहल्लेवासियों की समस्या के निदान के लिए विद्युत विभाग के कार्यालय पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपा। गुरुवार को काफी संख्या में मोहल्लेवासी व कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित होकर दोराहा स्थित विद्युत वितरण खंड कार्यालय जा पहुंचे और वहां मौजूद अधिकारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपते हुए समस्या से अवगत कराया। उनका कहना था कि मोहल्ला मुड़िया पिस्तौर वार्ड नंबर-5 में ज्यादा लोड होने के कारण आए दिन ट्रांसफार्मर खराब हो जाता है, जिससे वार्डवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ज्यादातर समय लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है। ज्ञापन में लोड बढ़ाते हुए नया ट्रांसफार्मर लगवाने, लो वोल्टेज की समस्या से निजात दिलाने के लिए खराब व पुरानी हो चुकी लाइनों को सही करवाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में युवा कांग्रेसी नेता अभिषेक तिवारी, सभादस पति निसार अहमद, अमीन, जावेद, मो.यासीन, बिलाल, तालिब, अकील, राशिद, याकूब, सुलेमान आदि मौजूद रहे।

**मुखर** बुक्सा समाज के लोगों ने तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

# ग्राम प्रधान के साथ अभद्र व्यवहार से रोष

संवाददाता, गदरपुर

**अमृत विचार:** बुक्सा आदिम जनजाति उत्थान समिति के कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि ग्राम प्रधान विनीता राणा के साथ अभद्र व्यवहार करने वालों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए नहीं तो बुक्सा समाज सड़कों पर उतरेगा।

गुरुवार को बुक्सा आदिम जनजाति उत्थान समिति उत्तराखंड के अध्यक्ष गोविंद सिंह के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता तहसील पहुंचे। जहां उन्होंने तहसीलदार लीना चंद्रा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा, ज्ञापन में कहा गया कि 10 जुलाई को ग्राम गुदमी जिला चंपावत की ग्राम प्रधान विनीता राणा शासन के निर्देश पर आपदा प्रभावित क्षेत्र का जायजा लेने एवं राहत सामग्री वितरित करने हेतु ग्राम सभा के सीवित क्षेत्र में गई थी। इस दौरान कुछ लोगों ने ग्राम प्रधान के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए जाति सूचक शब्दों के प्रयोग के अलावा जूतों की माला पहनाकर उन्हें अपमानित किया। बुक्सा आदिम जनजाति उत्थान समिति के अध्यक्ष गोविंद सिंह ने कहा कि ग्राम प्रधान विनीता राणा के साथ किए गए अमानवीय कृत्य से संपूर्ण जनजाति समाज अत्यधिक आहत है। उन्होंने शासन प्रशासन से दोषियों के खिलाफ कठोर से कठोर दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में पूर्व दर्जा राज्य मंत्री प्रेम सिंह, प्रधान सोमल सिंह,नरेश सिंह, वीर सिंह, कर्म सिंह, वीर सिंह, कुंवर सिंह, विजय कुमार, कैलाश, आनंद सिंह, हरि सिंह, नरेश कुमार आदि मौजूद रहे।



गदरपुर तहसील में तहसीलदार लीना चंद्रा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देते बुक्सा समाज के लोग। ● अमृत विचार

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202)
श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404)
योगेन्द्र सिंह (9760578366)

न हि कश्चित्क्षणमपि जातु तिष्ठत्यकर्मकृत् ।
कार्यते ह्यवशः कर्म सर्वः प्रकृतिजैर्गुणैः ॥

निःसंदेह कोई भी मनुष्य किसी भी काल में क्षणमात्र भी बिना कर्म किए नहीं रहता, क्योंकि सारा मनुष्य समुदाय प्रकृति जनित गुणों द्वारा परवश हुआ कर्म करने के लिए बाध्य किया जाता है।


## संपादकीय

# रेल हादसों के पीछे

देश में लगातार बढ़ रहे रेल हादसों के क्रम में गोंडा जिले में हुई रेल दुर्घटना बेहद दुखद है। गुरुवार को जिले में चंडीगढ़ से डिब्रूगढ़ जा रही ट्रेन के आठ डिब्बे मोतीगंज तथा झिलाही रेलवे स्टेशनों के बीच पटरी से उतर गए। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई तथा 20 घायल हो गए। हादसे के कारण कई गाड़ियों को रद किया गया तथा 10 रेलगाड़ियों को मार्ग बदलकर संचालित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रशासन को प्रभावित यात्रियों को सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया है। भारतीय रेलवे विश्व के सबसे बड़े रेलवे नेटवर्क में से एक है, जहां लाखों लोग प्रतिदिन परिवहन के लिए इस पर निर्भर हैं। आंकड़े बताते हैं कि पिछले दो दशकों में पटरी से गाड़ी उतरने के मामले अधिकांश दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। साथ ही रेलवे से जुड़ी त्रासदियों के पीछे दोषपूर्ण सिग्नलिंग प्रणाली से लेकर मानवीय त्रुटि तक कई कारण होते हैं। मानवीय त्रुटियों के परिणामस्वरूप गलत सिग्नलिंग, दोषपूर्ण संचार, अत्यधिक गति अथवा दोषों या खतरों को अनदेखा करने की स्थिति बन जाती है। पिछले माह 17 जून को सिलीगुड़ी के न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन से 30 किलोमीटर दूर रंगपानी के पास एक मालगाड़ी खड़ी सियालदह जाने वाली कंचनजंगा एक्सप्रेस से टकरा गई। ट्रेन दुर्घटना में मालगाड़ी के लोको पायलट सहित 10 लोगों की मौत हो गई। बाद में रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने कहा कि स्वचालित सिग्नल क्षेत्रों में ट्रेन संचालन के प्रबंधन में कई स्तरों पर खामियां हुईं।

विश्व के सबसे बड़े और व्यस्ततम रेल नेटवर्क में से एक भारतीय रेलवे के लिए सुरक्षा एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। परंतु रेलवे तंत्र धन की कमी, भ्रष्टाचार और अक्षमता से भी ग्रस्त है जो इसके विकास एवं रखरखाव को प्रभावित करती है। कई रूट 100 प्रतिशत से अधिक क्षमता पर संचालित हैं, जिससे भीड़भाड़ और ओवरलोडिंग के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। हालांकि गुरुवार को हुए रेल हादसे की जांच के बाद ही इस बात की पुष्टि हो पाएगी कि क्या ट्रेन या पटरी के नियमित निरीक्षणों में चूक हुई थी। अनियमित रखरखाव के कारण खराबी हुई और ट्रेन पटरी से उतर गई। फिलहाल देश में सुरक्षा की स्थिति और बेहतर सुरक्षा उपायों एवं अवसंरचना की आवश्यकता के संबंध में रेलवे कर्मचारियों को सुरक्षा नियमों एवं प्रक्रियाओं के अनुपालन के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। साथ ही भारत में रेल दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों के समाधान के लिए सरकार व रेलवे प्रशासन को कड़े कदम उठाने होंगे।

# अनुशासित जीवनचर्या और पर्यावरण संतुलन


डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

क्या हमने कभी विचार किया है कि हम दैनिक जरूरतों के रूप में जिन वस्तुओं का उपयोग करते हैं उनमें से कौन-कौन सी प्राकृतिक संसाधनों से प्राप्त होती हैं? इनमें से कौन सी ऐसी वस्तुएं हैं, जिनका इस्तेमाल गैर जरूरी है?

पर्यावरण संरक्षण हेतु सराहनीय योगदान दे रहे व्यक्तियों को विद्यालय व समुदाय के स्तर पर पर्यावरण प्रहरी, पर्यावरण मित्र, पर्यावरण संगी के रूप में चिह्नित कर सम्मानित किए जाने से समुदाय में सार्थक संदेश जाएगा। विद्यालय स्तर पर बच्चों के संज्ञानात्मक तथा संज्ञान सहगामी पक्षों का सतत आकलन व मूल्यांकन किया जाता है।

इस बार जून में सप्ताह-सप्ताह भर के लिए हिमाचल और उत्तराखंड के अलग-अलग पर्वतीय क्षेत्रों में जाना हुआ। कारण था तेज गर्मी से निजात पाना, पर वहां के तापमान में भी कोई विशेष अंतर न था। वहां पर भी लोग इसका जिम्मेदार उन्हीं तौर तरीकों को ठहरा रहे थे, जो हर जगह पर्यावरण असंतुलन का कारण बताए जाते हैं। लोगों के अनुसार मानव की पर्यावरण विरोधी गतिविधियों ने प्राकृतिक असंतुलन पैदा कर दिया है, जो तीव्र गर्मी, वर्षा, भूस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाओं के रूप में सामने आ रहा है।

पर्यावरण शिक्षा प्रारंभिक स्तर से ही हर पाठ्यक्रम का अनिवार्य अंग होती है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल तत्संबंधी सैद्धांतिक ज्ञान प्रदान करना ही नहीं है, बल्कि उन्हें आसपास के पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाना होता है, जिससे उनमें पर्यावरण की व्यावहारिक समझ उत्पन्न हो और वे इससे संबंधित समस्याओं को पहचान कर उनके समाधान के प्रति जागरूक हों। वे सिर्फ पर्यावरण की परिभाषा तक ही सीमित न रहें, बल्कि इसके संतुलित-असंतुलित होने के कारण, प्रभाव, दुष्प्रभाव और समाधान के प्रति भी संवेदनशील हों। पर्यावरण शिक्षण में हम प्रमुख रूप से जिस मुद्दे पर बात करते हैं वह है प्रदूषण और प्राकृतिक साधनों जैसे वन संपदा तथा पारिस्थितिकी का संरक्षण। यहां हम इन पर चर्चा करते-करते विज्ञान की प्रगति और विकास को पर्यावरणीय असंतुलन का प्रमुख कारण ठहराने लगते हैं, पर क्या विकास की प्रक्रिया गैर जरूरी है? क्या विकास और पर्यावरण के बीच समुचित संतुलन स्थापित नहीं किया जा सकता? अगर हम इन बिंदुओं पर विचार करें तो पाएंगे कि पर्यावरण संतुलन के आड़े न तो विज्ञान आता है और न ही विकास।

पर्यावरण संतुलन हम सबसे एक अनुशासित जीवनचर्या की मांग भर है। अब क्योंकि पर्यावरण असंतुलन की स्थिति में सर्वाधिक प्रभावित भी मानव ही होता है अतः आवश्यक है कि हम अपनी जरूरतों भर ही प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करें। प्राकृतिक संसाधनों का अनावश्यक और अंधाधुंध दोहन ही क्रमशः असंतुलन की ओर ले जाता है। वैज्ञानिक दृष्टि के चलते नित नए आविष्कारों का होना स्वाभाविक है और उनमें प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग होना भी, पर यदि हम इन संसाधनों के संरक्षण और संवर्धन पर भी संवेदनशील होते हैं तो यह स्थिति संतुलित बनी रहती है। यदि हम आवश्यकता के परिप्रेक्ष्य में किसी वृक्ष पर आरी चलाते हैं तो उसके साथ ही कम से कम दस पौधे रोपने और उनकी परवरिश की जिम्मेदारी भी हमें ही चाहिए और यह बात हर एक प्राकृतिक संसाधन के उपयोग पर समान रूप से लागू होती है।

क्या हमने कभी विचार किया है कि हम दैनिक जरूरतों के रूप में जिन वस्तुओं का उपयोग करते हैं उनमें से कौन-कौन सी प्राकृतिक संसाधनों से प्राप्त होती हैं? इनमें से कौन सी ऐसी वस्तुएं हैं, जिनका इस्तेमाल गैर जरूरी है? या हमारी स्वयं की दिनचर्या में ऐसे कौन-कौन से क्रियाकलाप हैं, जिनमें आंशिक सुधार करके ही हम पर्यावरण संरक्षण में बड़ा योगदान दे सकते हैं? यदि हम इन सवालों पर थोड़ा ठहरकर तथा संवेदनशील होकर विचार करें तो पाएंगे कि हवा, पानी, मिट्टी, वनस्पति, जीव जगत, भूगर्भ तथा खगोल से जुड़ी हमारी तमाम ऐसी गतिविधियां हैं जिनको आवश्यकतानुसार कम करके पर्यावरण को पोषित किया जा सकता है। यहां सवाल यह उठता है कि हम क्या करें कि जिससे हमारा पर्यावरण पोषित और संवर्धित हो? इसके लिए व्यक्तिगत व सामूहिक स्तर पर छोटे-छोटे योजनाबद्ध काम जरूरी होंगे। बच्चों में पर्यावरण जागरूकता हेतु दो स्तरों पर काम करना होगा। पहला-पर्यावरण की गहरी व संवेदनशील समझ पैदा करना, दूसरा-भावी खतरों, संभावनाओं को समझते हुए उनके समाधान में अपनी भूमिका निर्धारित करने का कौशल विकसित करना। इसके लिए प्रार्थना स्थल, कक्षा के अंदर तथा कक्षा के बाहर के क्रियाकलापों को नियोजित क्रम में कराना होगा। प्रार्थना स्थल पर प्रकृति के अनिवार्य घटकों के प्रति आदर व कृतज्ञता प्रदर्शित करने वाली रचनाओं को शामिल करना, पर्यावरण संवेदना से संबधित प्रेरक प्रसंग सुनाना, प्रमुख पर्यावरणीय चिंताओं और उनके समाधान के तरीकों पर चर्चा कराना, दैनिक आधार पर स्वास्थ्य, स्वच्छता तथा पर्यावरणीय जागरूकता से सबंधित क्रियाकलापों का कराया जाना उपयोगी होगा।

कक्षा के अंदर के क्रियाकलापों में पर्यावरण जागरूकता संबंधी पोस्टर बनाना, नारा लेखन, पर्यावरण क्विज, कविता, कहानी व निबंध लेखन, वाद-विवाद प्रतियोगिता, अंत्याक्षरी, रोल-प्ले, पर्यावरण जागरूकता से संबंधित फिल्मों का प्रदर्शन, पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी सफलतामूलक कहानियां जैसे क्रियाकलाप प्रभावी साबित होंगे। कक्षा के बाहर के क्रियाकलापों में परिसर की स्वच्छता, पौधारोपण व संरक्षण, परिसर के जलस्रोतों की स्वच्छता व रखरखाव, सामुदायिक स्तर पर पर्यावरण क्लब की गतिविधियां संचालित करना जैसे कार्य बच्चों को सहज व स्वाभाविक रूप से पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाएंगे। विद्यालय स्तर पर पर्यावरण पत्रिका, पर्यावरण कैलेंडर, दीवार अखबार के जरिए विद्यार्थियों में पर्यावरणीय संवेदना के अंकुर सहज रूप से रोपित किए जा सकते हैं। सामुदायिक स्तर पर पर्यावरणीय यात्राएं, क्रियात्मक शोध, पर्यावरण प्रदर्शनी, पर्यावरण मेले, नुक्कड़ नाटक तथा पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहे व्यक्तित्वों का साक्षात्कार जैसे क्रियाकलाप पर्यावरणीय जागरूकता का सशक्त माध्यम बन सकते हैं।

पर्यावरण संरक्षण हेतु सराहनीय योगदान दे रहे व्यक्तियों को विद्यालय व समुदाय के स्तर पर पर्यावरण प्रहरी, पर्यावरण मित्र, पर्यावरण संगी के रूप में चिह्नित कर सम्मानित किए जाने से समुदाय में सार्थक संदेश जाएगा। विद्यालय स्तर पर बच्चों के संज्ञानात्मक तथा संज्ञान सहगामी पक्षों का सतत आकलन व मूल्यांकन किया जाता है। विद्यार्थियों में पर्यावरणीय संवेदना संबंधी मूल्य विकसित हो रहे हैं अथवा नहीं इसके लिए सैद्धांतिक पक्ष के साथ-साथ व्यवहारगत परिवर्तनों का भी नियमित अंतराल पर मूल्यांकन हो। इसके लिए परंपरागत मूल्यांकन के बजाय व्यावहारिक तरीकों पर काम करना होगा। इनके अंतर्गत बच्चों को दैनंदिनी में दिए गए कार्य का अवलोकन, तत्क्रम में उनकी दिनचर्या का अवलोकन, दैनिक वर्कशीट के आधार पर कार्य का संपादन, समूह व एकल गतिविधियों में सहभागिता, वीडियो /ऑडियो प्रेजेंटेशन के दौरान चर्चा में प्रतिभागिता, केसलेट डिस्कशन, न्यूजबुक बनवाना, पिक्चर शीट बनवाना जैसे तरीके कारगर साबित होंगे। विद्यार्थियों के समक्ष पर्यावरण मैत्रिक विद्यालय की अवधारणा प्रस्तुत कर तथा उनका सहयोग लेकर हम विद्यालयों को यह स्वरूप प्रदान कर सकते हैं।

विद्यालय पुस्तकालय में प्रमुख पर्यावरणविदों से संबंधित संदर्भ सामग्री, पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु दिए जाने वाले प्रमुख राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार तथा सम्मान, प्रमुख संगठन, सरकार द्वारा इस हेतु संचालित प्रमुख योजनाएं तथा प्रमुख कानूनों की जानकारी से संबंधित संदर्भ सामग्री जुटाकर हम विद्यार्थियों में पर्यावरण विषयक गहरी समझ पैदा कर सकते हैं। प्रमुख पर्यावरणीय संगठनों की वेबसाइट्स, ई-बुक्स, जर्नल्स इस क्षेत्र में बच्चों के ज्ञानवर्धन का महत्वपूर्ण स्रोत हो सकते हैं। इन संसाधनों के जरिए विद्यार्थी पर्यावरण के क्षेत्र में मौजूद करियर संभावनाओं से भी परिचित होंगे।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020 पर्यावरण शिक्षा को स्कूली पाठ्यक्रम का अभिन्न अंग बनाने तथा स्कूली पाठ्यक्रम में पर्यावरण जागरूकता और इसके संरक्षण और सतत विकास के प्रति संवेदनशीलता के उचित एकीकरण पर जोर देती है। यह संभव हो इसके लिए आवश्यक होगा कि विद्यार्थियों में प्रारंभिक स्तर से ही पर्यावरणीय संवेदना के मूल्य विकसित किए जाएं ताकि वे भविष्योन्मुखी चिंताओं और चुनौतियों के समुचित समाधान के साथ आगे बढ़ें। स्वाभाविक ही है कि पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन हम सभी का सामूहिक दायित्व भी है और कर्तव्य भी। यह भी, कि यह संतुलित रहे इसकी चिंता हमें आज और अभी से करनी होगी। कल शायद बहुत देर हो जाएगी।

## प्रसंगवश

# हुनर कौन सिखाएगा

भारत ने इस लापरवाही की कीमत चुकाई है। आज भारत में काम करने वाले आबादी दुनिया में सबसे ज्यादा है। इसे डेमोग्राफिक डिविडेंड कहते हैं, पर इन करोड़ों हाथों के लायक हमारे पास कोई काम नहीं है। उधर उद्योगपति शिकायत कर रहे हैं कि हमें प्रशिक्षित कामगार नहीं मिल रहे।

बेटा आप बड़े होकर क्या बनोगे? यह सवाल आमतौर पर हर बच्चे से कभी न कभी पूछा जाता है। आपसे भी पूछा गया होगा और संभव है आपने जवाब में डॉक्टर इंजीनियर शिक्षक या हवाई जहाज का पायलट बनने की इच्छा जताई हो। पर सोचिए यदि आप जवाब में कहते-मैं बड़ा होकर एक कारपेंटर बनना चाहता हूं या मकान बनाने वाला मिस्त्री बनना चाहता हूं तब क्या होता? आपने यह जवाब नहीं देकर अपने बड़ों को एक बड़ी मुसीबत से बचा लिया।

असल में हमारे यहां पूरी शिक्षा व्यवस्था में बढ़ई, लोहार, दर्जी, मिस्त्री जैसे तमाम हुनर सिखाने के लिए किसी स्कूल में कोई व्यवस्था नहीं है। मजे की बात यह है कि बड़े होकर ज्यादातर बच्चे आज भी इन्हीं हुनर के इस्तेमाल से अपनी रोजी-रोटी कमाते हैं। आज भी खेती के बाद ज्यादातर लोग जीवनयापन के लिए इसी तरह के छोटे-मोटे हुनर आधारित रोजगार करते हैं। हैरानी की बात है कि आजादी के 77 साल बाद भी किसी ने नहीं सोचा कि ये तमाम छोटे-मोटे रोजगार करने वाले लोग इसके लिए आवश्यक हुनर कहां से सीखेंगे? पहले हमारे पास इसके लिए वर्ण व्यवस्था थी, हम दावा करते हैं कि हमने उस घृणित वर्ण व्यवस्था को खत्म कर दिया, जो कहती थी सुतार का बेटा सुतार ही बनेगा, मगर सुतार बनने की शिक्षा स्कूलों में नहीं देने का सीधा मतलब उसी वर्ण व्यवस्था का समर्थन करना है, जो कहती है लोहार बनने के लिए आपको लोहार के घर में ही पैदा होना होगा। इस तरह हुनर को स्कूली शिक्षा में शामिल नहीं कर के एक तरफ तो हमने वर्ण व्यवस्था को समर्थन दिया, दूसरी तरफ रोजगार के संभावित अवसर खत्म कर दिए।


संजय वर्मा
इंदौर

भारत ने इस लापरवाही की कीमत चुकाई है। आज भारत में काम करने वाले आबादी दुनिया में सबसे ज्यादा है। इसे डेमोग्राफिक डिविडेंड कहते हैं, पर इन करोड़ों हाथों के लायक हमारे पास कोई काम नहीं है। उधर उद्योगपति शिकायत कर रहे हैं कि हमें प्रशिक्षित कामगार नहीं मिल रहे। भारत जिस जवान आबादी को डेमोग्राफिक डिविडेंड कह रहा है वह बेरोजगारों की एक बड़ी फौज बनकर तबाही भी ला सकती है। चीन की तरह की मैन्युफैक्चरिंग इकोनॉमी बनाने का सपना देखना अच्छी बात है, पर इसके लिए प्रशिक्षित कामगार कौन सा स्कूल बना रहा है, यह भी सोचना चाहिए। सोचना चाहिए कि क्यों हमने हुनर को स्कूली शिक्षा में जगह नहीं दी। शायद यह भी वर्ण व्यवस्था की वजह से हुआ, जिसने हमारे समाज में दिमाग का काम करने वालों को ऊंचे स्थान पर और हाथ का काम करने वालों को सबसे नीचे स्थान पर रखा।

इसका परिणाम यह हुआ कि वे लोग जो हाथ का काम करते हैं वह भी अपने बच्चों को इस रोजगार से दूर रखना चाहते हैं, उन्हें ऑफिस का चपरासी बनना मंजूर है, लेकिन एक सफल टेक्नीशियन बनना नहीं, जिसमें चपरासी की नौकरी के मुकाबले कहीं अधिक पैसा है। किसी खास काम को समाज कितना पारिश्रमिक या कितना सम्मान देगा यह एक जटिल प्रश्न है। कभी-कभी इसके पीछे उस काम को करने में लगने वाली मेहनत या योग्यता के अलावा सामाजिक इतिहास के कारण भी होते हैं। हमारे यहां हाथ के काम करने वालों को ज्यादा मेहनत करने के बावजूद हमेशा से कम पैसा दिया जाता है। तमाम विकसित देशों में दिमाग और हाथ का काम करने वालों के बीच तनख्वाह का फर्क अधिकतम तीन गुना होता है, जबकि हमारे यहां यह हजारों गुना है।

वजह जो भी हो अब समय आ गया है कि भारत के स्कूलों में पढ़ाई जाने वाले निरर्थक सूचनाओं को रटवाने के बजाय बच्चों को हाथ के हुनर सिखाए जाएं ताकि वे कम से कम अपने लिए एक छोटा-मोटा रोजगार ढूंढ सकें। वैसे भी साइन थीटा, कॉस थीटा पढ़कर आपने आखिर इसका क्या इस्तेमाल किया?

# बजट से मध्यम वर्ग की उम्मीदें


रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

साइबर सुरक्षा उपाय-व्यक्तिगत डेटा और ऑनलाइन लेनदेन की सुरक्षा के लिए उन्नत साइबर सुरक्षा उपाय एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय है।

2024 का पूर्ण केंद्रीय बजट 23 जुलाई को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किया जाना है। भारतीय मध्यम वर्ग उन उपायों को देखने के लिए उत्सुक है, जो सीधे उनकी वित्तीय और जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित करेंगे। मध्यम वर्ग अपनी जरूरतों और अपेक्षाओं के बारे में बात कर रहा है। विशेष रूप से कोविड-19 महामारी, बढ़ती मुद्रास्फीति और वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में बदलाव से उत्पन्न आर्थिक चुनौतियों के आलोक में।

आयकर में राहत : टैक्स स्लैब का संशोधन-सबसे महत्वपूर्ण उम्मीदों में से एक आयकर स्लैब में संशोधन है। मध्यम वर्ग उच्च बुनियादी छूट सीमा की तलाश में है, जो वर्तमान में 60 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों के लिए 2.5 लाख रुपये है। 5 लाख रुपये तक की बढ़ोतरी से पर्याप्त राहत मिलेगी, जिससे करदाताओं के हाथों में अधिक प्रयोज्य आय आएगी। स्टैंडर्ड डिडक्शन में बढ़ोतरी-मानक कटौती, जिसे 2018 में फिर से शुरू किया गया था और वर्तमान में 50,000 रुपये है, एक और क्षेत्र है, जहां मध्यम वर्ग वृद्धि चाहता है। इसे बढ़ाकर 1 लाख रुपये करने से जीवनयापन की बढ़ती लागत और चिकित्सा खर्चों की भरपाई करने में मदद मिलेगी। आवास और रियल एस्टेटः गृह ऋण पर ब्याज कटौती- संपत्ति की कीमतें बढ़ने के साथ, मध्यम वर्ग को धारा 24 (बी) के तहत होम लोन के ब्याज पर कटौती की सीमा 2 लाख से बढ़कर 3 लाख रुपये होने की उम्मीद है। इस बदलाव से घर मालिकों पर वित्तीय बोझ काफी कम हो जाएगा और रियल एस्टेट क्षेत्र को प्रोत्साहन मिलेगा। शिक्षा एवं कौशल विकास : शिक्षा ऋण पर कर लाभ- मध्यम वर्ग धारा 80 ई के तहत शिक्षा ऋण पर बेहतर कर लाभ का इच्छुक है। कटौती की अवधि बढ़ाने और कटौती योग्य राशि बढ़ाने से उच्च शिक्षा लागत के वित्तीय तनाव को कम किया जा सकता है।

स्वास्थ्य देखभाल : वर्तमान कटौती सीमा व्यक्तियों के लिए 25,000 रुपये और वरिष्ठ नागरिकों के लिए 50,000 रुपये है। इन सीमाओं को क्रमशः 50,000 और 1 लाख रुपये तक बढ़ाने से मध्यम वर्गीय परिवारों को अपनी स्वास्थ्य देखभाल लागत को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने में मदद मिलेगी। सामाजिक सुरक्षा और सेवानिवृत्तिः राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस)- एनपीएस के तहत कर लाभ बढ़ाने से अधिक मध्यम वर्ग के व्यक्तियों को अपनी सेवानिवृत्ति में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। ईपीएफ और पीपीएफ लाभ-कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) और सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) पर उच्च ब्याज दरें अपेक्षित हैं। इसके अतिरिक्त, मध्यम वर्ग को इन योजनाओं के लिए अधिकतम योगदान सीमा में बढ़ोतरी की उम्मीद है। उपभोक्ता वस्तुएं और सेवाएं : जीएसटी दर का युक्तिकरण- आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों को तर्कसंगत बनाना एक बड़ी उम्मीद है। घरेलू उपकरणों, व्यक्तिगत देखभाल उत्पादों और अन्य दैनिक आवश्यकताओं जैसी वस्तुओं पर जीएसटी कम करने से जीवनयापन की कुल लागत कम हो जाएगी। छोटे व्यवसायों और स्टार्टअप के लिए सहायता : एमएसएमई क्षेत्र का समर्थन- मध्यम वर्ग का एक बड़ा हिस्सा छोटे व्यवसायों और स्टार्टअप में लगा हुआ है। ऋण तक आसान पहुंचकर प्रोत्साहन और सरलीकृत अनुपालन प्रक्रियाओं सहित सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र के लिए बेहतर समर्थन अपेक्षित है। महिला उद्यमियों के लिए सहायता-महिला उद्यमियों के लिए बढ़ा हुआ समर्थन, जिसमें क्रेडिट, मेंटरशिप प्रोग्राम और बिजनेस अनुदान तक पहुंच शामिल है, अधिक मध्यम वर्ग की महिलाओं को अपना व्यवसाय शुरू करने और बढ़ाने के लिए सशक्त बना सकता है। जलवायु परिवर्तन और सतत जीवन। साइबर सुरक्षा उपाय-व्यक्तिगत डेटा और ऑनलाइन लेनदेन की सुरक्षा के लिए उन्नत साइबर सुरक्षा उपाय एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय है। मध्यम वर्ग साइबर खतरों से सुरक्षा के लिए मजबूत नीतियां चाहता है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 2024 के लिए केंद्रीय बजट पेश करने की तैयारी कर रही हैं, मध्यम वर्ग एक ऐसे बजट की प्रतीक्षा कर रहा है, जो उनकी मूल चिंताओं और आकांक्षाओं को संबोधित करता हो। आयकर राहत, किफायती आवास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल में सुधार और मजबूत सामाजिक सुरक्षा उपाय उनकी अपेक्षाओं में सबसे आगे हैं। इन उम्मीदों के अनुरूप बजट न केवल मध्यम वर्ग का उत्थान करेगा, बल्कि राष्ट्र के समग्र विकास में भी योगदान देगा।

## सोशल फोरम

# कवि के घर चोरी का प्रायश्चित

चोर ने लिखा-पता होता, कवि का घर है तो चोरी नहीं करता-इस घटना पर बहुत से मित्र लिख चुके हैं। फिर भी मुझे जरूरी लगा कि कुछ कहा जाए। मराठियों में जातीय चेतना बंगालियों से कम नहीं है। उद्धत भावना कुछ ज्यादा ही है, लेकिन वह तभी आक्रामक होती है जब उसे उकसाया या मर्माहत किया जाता है।

जातीय चेतना का नतीजा है कि मराठी भाषी राजनीतिज्ञ भी भाषा और साहित्य के सम्मेलनों में अवश्य जाते हैं। किसी समय महाराष्ट्र, खासकर मुंबई, फिल्मों का ही नहीं, नाटक, रंगमंच और साहित्य का बड़ा केंद्र था। यह इप्टा (जन नाट्य संघ) और प्रगतिशील लेखक संघ का युग था। इस आंदोलन ने दो महान काम किए। एक, जनजागरण में महती भूमिका निभाई, दो, जाति-धर्म के बंटवारे से परे सभी कलाकारों को समान महत्व और पहचान दी। जिस मराठी कवि नारायण सुर्वे के घर चोरी हुई, वे प्रगतिशील आंदोलन की देन थे। जैसे शंकर शैलेंद्र थे। वे महाराष्ट्र में इतने लोकप्रिय थे कि उनके काव्यपाठ में डेढ़-दो लाख लोग सुनने आते थे। न बताया जाए तो पता ही न चलेगा कि वे अत्यंत निम्न वर्ण से आते थे, लेकिन उनका सामाजिक सम्मान आज भी कितना है, यह इसी से जाहिर है कि जब चोर को मालूम हुआ कि उसने नारायण सुर्वे के घर पर चोरी की है तो वह सामान लौटा गया। रामविलास शर्मा की दोस्ती नारायण सुर्वे से वैसी ही थी जैसी शैलेंद्र से।


अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

स्टालिन के निधन के बाद सोवियत संघ में उनके खिलाफ प्रचार शुरू हुआ। शैलेंद्र आगरा जाकर रामविलास जी से मिले। मुंबई (तब बंबई) की एक जनसभा में रामविलास जी मौजूद थे। नारायण सुर्वे को कविता पढ़नी थी। पार्टी नेताओं को उसके बाद बोलना था। दो लाख श्रोता उपस्थित थे। उनकी आंखों देखी लोकप्रियता का वर्णन रामविलास जी से मैंने एकाधिक बार सुना था। जातीय चेतना और सांस्कृतिक प्रभाव मनुष्य को अंदर से बदल देते हैं। चोरी तो जीवन की विडंबनाओं और विवशताओं का नतीजा है, लेकिन यह नैतिकता सांस्कृतिक प्रभाव की देन है, जिसके चलते चोर अपनी भाषा के एक महान कवि के घर चोरी का प्रायश्चित करता है।

-फेसबुक वॉल से

# निर्णय वापसी से क्या असंतोष मिट गया

उत्तर प्रदेश के प्राथमिक शिक्षकों की स्कूलों में समय से उपस्थिति की अनिवार्यता का आदेश वापस ले लिया गया, क्योंकि यह एक बड़ा राजनैतिक मुद्दा बनने को अग्रसर हो चुका था। समाजवादी पार्टी के मुखिया ने इसका मुखर विरोध करना शुरू कर दिया था। शिक्षकों का एक विशाल वोट बैंक है। सोशल मीडिया पर ऐसी तमाम पोस्ट अपडेट होती रहीं, जिसमें कहीं यह फैसला सरकार वापस न ले ले इसके विरुद्ध वातावरण बनाया जाता रहा। उनका प्रकारांतर से यही मकसद था कि शिक्षकों के असहयोग को निरंतर हवा दी जाए और विधानसभा के आसन्न चुनावों तक मामले को खींचा जाए, जिससे भाजपा को चुनाव में इसकी हानि उठानी पड़े। आखिर उनके मन की नहीं हुई और फिलहाल सरकार को इस निर्णय से पीछे हटना पड़ा, किंतु क्या सरकार के इस निर्णय के वापस ले लेने से भाजपा को जो संभावित हानि होती वह दुर्संभावना टल गई? मेरी और मेरी तरह की सोच रखने वाले बहुत से लोग इस निर्णय से निराश हुए हैं।


डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

दरअसल राजनीति में समझौतावादी रवैया या तुष्टिकरण के हानि लाभ दोनों रहे हैं। मगर कभी-कभी ये नुस्खे बैकफायर भी करते हैं और लाभ के बजाय नुकसान कर जाते हैं। भाजपा अपने दृढ़ निश्चयों के कारण जानी जाती रही है। खासकर उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी की उनके कठिन निर्णयों के चलते एक बड़ी फैन फॉलोविंग है। चाहे वह शाहीन बाग पर भाजपा के अनिर्णय का ढुलमुल रवैया रहा हो या किसानों से संबंधित एक प्रगतिगामी अधिनियम को दबाव में आकर वापस लेने का, एक बड़े जन समुदाय (किसान समाहित) को यह रास नहीं आया था। फैसले वापस ही क्यों लिए जाएं यदि वे सोच समझ कर लिए जाएं। एक बार कोई निर्णय लेकर मुकरना तो कमजोरी ही दर्शाता है। भाजपा प्रशंसक इससे निराश ही होते हैं। उन्हें तो एक ऐसे राजनीतिक दल में अपना आदर्श दिखता है, जो आक्रामकता के साथ जनहित और राष्ट्रहित के मुद्दों को अमली जामा पहनाए। ढुलमुल नीति से तो नुकसान ही होता लगता है।

शिक्षकों की समय से डिजिटल उपस्थिति का निर्णय यदि सुचिंतित था तो उसे वापस लेने का क्या औचित्य था? क्या इससे शिक्षकों का नाजायज असंतोष मिट गया? नहीं, वे अब भी इस निर्णय को सरकार की मजबूरी समझकर पूरी उग्रता से राजधानी लखनऊ में इकट्ठा होने को लामबंद हो रहे हैं। भाजपा नीत सरकार ने उनकी समय से उपस्थिति को सुनिश्चित करने की दिशा में एक दृढ़ निश्चय का जो उपक्रम किया था तमाम अभिभावक, आमजन इससे खुश था और यह एक सही कदम था। सही निर्णय था। इसे वापस लेने से सरकार को झुक जाने का ही प्रतिकूल संदेश गया है। जब सभी लोकसेवकों को समय से उपस्थित रहने की अनिवार्यता है तो क्या प्राथमिक शिक्षक लोकसेवक नहीं हैं? उन्हें अपवाद क्यों माना जाए? आखिर जनता के टैक्स से वे भी एक अच्छी खासी सैलरी पाते हैं। सरकारें ऐसे ही झुकती रहीं तो कितने ही जनहित के सही दिशा में लिए गए फैसले खटाई में पड़ते जाएंगे।

# रावण का यह रूप भी

लंकापति रावण का सीता हरण वाल रूप ही बहु प्रचलित है और इसके परिणामस्वरूप प्रतिवर्ष उनकी प्रतिमा बनाकर जलाने की परंपरा चल पड़ी है। यह मात्र एक नकारात्मक पहलू है। दरअसल रावण में अनेक गुण भी थे और उन्होंने संसार को काफी कुछ दिया भी है, किंतु इन सकारात्मक पहलुओं को लोग विस्मृत किए हुए हैं। रावण परम विद्वान, उत्तम कुल के ब्राह्मण और पुलस्त्य ऋषि के नाती थे। वे परम शिव भक्त थे, अपने समय के सर्वश्रेष्ठ शैव थे वे। वे चार वेद और छह शास्त्र के ज्ञाता थे, इसीलिए उन्हें दशानन कहा गया। उनका विग्रह बनाते समय दश शीशों के ऊपर एक गधे का शिर भी बनाया जाता है। इसका अर्थ है कि वे पांचवें वेद मान्य आयुर्वेद में भी पारंगत थे। गद का अर्थ है रोग और 'हा' से अभिप्राय है "हरण करने वाला" यानी वैद्य! गदहा का मतलब चिकित्सक से है और इसी को विकृत करके गधे का शिर उनके ऊपर लगा दिया जाता है।


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

रावण ने प्रसिद्ध "शिव तांडव" स्तोत्र लिखा, जो शिव जी की दो प्रसिद्ध स्तुतियों में से एक है। दूसरी स्तुति है "शिव महिम्न" जिसे आचार्य पुष्पदंत ने प्रणीत किया। रावण ज्योतिष के प्रकांड विद्वान थे और उनकी "रावण संहिता" ज्योतिष, हस्तरेखा आदि पर संसार का मार्गदर्शन कर रही है। उन्होंने 'नाड़ी परीक्षा', 'कुमार तंत्र', 'दस पटलात्मक' आदि आयुर्वेद ग्रंथ लिखे, जैसा कि ऊपर बताया गया है। उनका 'दस शतात्मक अर्क प्रकाश' ग्रंथ चिकित्सा और तंत्र दोनों पर है। वे महान तांत्रिक भी थे। कुल मिलाकर उन्होंने 13 ग्रंथ सृजित किए। शिव जी के द्वादश ज्योतिर्लिंगों में प्रसिद्ध "वैद्यनाथ धाम" के स्थापक रावण ही हैं, जो देवघर झारखंड में विराजमान हैं। इन्हें रावणेश्वर भी कहते हैं।

कंबन रामायण (इरामावतारम्) के अनुसार श्रीराम द्वारा 'रामेश्वरम्' ज्योतिर्लिंग की स्थापना के समय पौरोहित्य कर्म रावण ने ही किया था और यजमान राम को "विजयी भव" का आशीर्वाद भी दिया था। राम ने जामवंत को भेजकर उन्हें पुरोहित बनने का सादर आमंत्रण भेजा था, क्योंकि उन्हें स्थापना सबसे बड़े शिव भक्त पंडित से ही करवानी थी और यह शर्त रावण ही पूरी करते थे। मध्य प्रदेश के विदिशा के रावण ग्राम व कानपुर के शिवाला, राजस्थान के कोटा में रावण के मंदिर और मूर्तियां हैं, जिनकी यथा समय पूजा होती है। कानपुर के शिवाला में सैकड़ों साल पहले महाराज गुरु प्रसाद शुक्ल ने रावण की मूर्ति स्थापना करवाई थी, जिसकी पूजा वर्ष में एक बार दशहरे के दिन ही होती है। मान्यता है कि रावण ने देवी छिन्नमस्ता को प्रसन्न कर लिया था और उन्होंने वरदान दिया था कि 'मेरी पूजा तभी पूर्ण होगी, जब रावण की भी पूजा की जाएगी'।

### चक्कीमोड़ में गौरव सेनानी वीरनारी उत्थान समिति व जनप्रतिनिधियों ने किया शोक सभा का आयोजन

# शहीद चार जवानों को कैंडल जलाकर दी श्रद्धांजलि

संवाददाता, दिनेशपुर



दिनेशपुर के चक्कीमोड़ में शहीद वीर जवानों को कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि देते पूर्व सैनिक व जनप्रतिनिधि। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** गौरव सेनानी वीरनारी उत्थान समिति गदरपुर व जनप्रतिनिधि झंडा तिराहा चक्कीमोड़ में एकत्र हुए। यहां से डोडा के शहीदों की याद में कैंडल मार्च निकालकर मुख्य बाजार होते हुए रामलीला मैदान चक्कीमोड़ पहुंचे। इस दौरान भारत माता की जय, वीर जवान अमर रहे के नारे लगाए। तत्पश्चात शोक सभा आयोजित कर दो मिनट का मौन रखकर शहीद अमर जवानों को श्रद्धांजलि दी।

गुरुवार शाम झंडा तिराहा चक्कीमोड़ पर गौरव सेनानी वीरनारी उत्थान समिति गदरपुर अध्यक्ष कै. धनसिंह कोरंगा के नेतृत्व में पूर्व सैनिक व जनप्रतिनिधि एकत्र हुए। जहां पूर्व सैनिकों ने जम्मू कश्मीर के डोडा में आतंकवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में भारतीय सेना के अमर जवान कैप्टन बृजेश थापा, नायक डी राजेश, सिपाही विजेंद्र व अजय की याद में मोमबत्ती जलाकर दो मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान लोगों ने भारत माता की जय, वीर जवान अमर रहे के नारे लगाए। इस मौके पर पूर्व सैनिक सेवा परिषद ब्लॉक अध्यक्ष सूबेदार मेजर हिम्मत सिंह कुंवर, जिलाध्यक्ष सूबेदार मेजर नंदन सिंह कोश्यारी, सूबेदार भगत सिंह धर्मशक्तू व दुर्गा सिंह राणा, सेना मेडल गोविंद सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष राजेंद्र सिंह कोरंगा, सूबेदार भगवत सिंह पांगती, देव सिंह धर्मशक्तू, उप प्रधान गोपाल सिंह ठठोला, राजेंद्र सिंह रावत, कैलाश पाठक, योगेश पानू, विक्रम सिंह रावत, राजेंद्र सिंह मेहरा, दान सिंह बड़ती, राजेंद्र सिंह पानू, महेश बुधौरी, देवेंद्र सिंह धर्मशक्तू , महेंद्र सिंह पपोला, भुपाल सिंह कोरंगा, गुलशन कुमार, संजय भंडारी, गोविंद गड़िया, दरवान सिंह कोरंगा, कुंवर सिंह कोश्यारी, मोहित सिंह चौहान, अमित दहूजा, राजेंद्र उपाध्याय, चंचल सिंह दानू, त्रिलोक सिंह राणा, ईश्वर सिंह, लोकपाल शाही, सचिन राणा, हीरा सिंह पानू, जगदीश मेहता आदि मौजूद रहे।

# आरएसएस के एकल अभियान का चार दिवसीय प्रभाग वर्ग शुरू

संवाददाता, खटीमा



खटीमा में अयोजित आरएसएस के प्रभाग वर्ग के शुभारंभ अवसर पर मौजूद लोग।

**अमृत विचार :** एकल अभियान प्रभाग पी-5 का चार दिवसीय प्रभाग योजना वर्ग का शुभारंभ मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नैनीताल विभाग के विभाग प्रचारक इंद्रमोहन, शगुन मंडप के निदेशक मुकेश गुप्ता, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक स्नेहपाल सिंह, केन्द्रीय सह अभियान प्रमुख दीप कुमार, वर्गाधिकारी जगदीश चन्द्र पाण्डेय ने मां भारती के चरणों में दीप प्रज्ज्वलित करते हुए किया।

शगुन मंडप में आयोजित वर्ग में सम्भाग उत्तराखंड, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, ब्रजमंडल से 53 सेवार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रभाग अध्यक्ष गार्गी चौहान, प्रभाग उपाध्यक्ष शांति पाण्डेय, केन्द्रीय कार्यकारिणी सदस्य भुवन चंद्र पांडेय, सम्भाग सचिव लाल सिंह, सम्भाग महिला समिति सचिव इन्द्रा चन्द, अंचल संरक्षक सुनील रैदानी, उपाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह, समाज सेवी विष्णु शर्मा, अंचल हरि कथा योजना अध्यक्ष भुवन चंद्र जोशी, संस्कार शिक्षा प्रभारी वन्दना गौड़, प्राथमिक शिक्षा प्रभारी संतोष मिश्रा, सचिन अग्रवाल, नवीन बोरा, रोशन रावत, देव शर्मा, प्रभाग प्रमुख आशुतोष आदि उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### कीटनाशक अवशेष प्रयोगशाला को एनएबीएल से मान्यता

**पंतनगर :** विवि के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान के नेतृत्व में विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग को राष्ट्रीय परीक्षण और अंशशोधन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) भारत सरकार की ओर से कृषि रसायन अवशेष प्रयोगशाला में कीटनाशक अवशेषों के परीक्षण के लिए मान्यता प्रदान की गई है। यह प्रयोगशाला पूरे उत्तराखंड में पहली एनएबीएल मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला है। विवि में इसकी स्थापना से खाद्य, पेय पदार्थ और उद्योगों/किसानों के किसी भी कृषि उत्पाद में कीटनाशक अवशेषों का परीक्षण करने में सुलभता होगी। जिससे विवि को राजस्व प्राप्त होगा और साथ ही प्रमाण पत्र जारी करने का भी अधिकार होगा।

### अभिषेक को आईआईटी-बीएचआईयू में मिला प्रवेश



अभिषेक कुमार चौबे।

**पंतनगर।** विवि परिसर स्थित कैंपस स्कूल के छात्र अभिषेक कुमार चौबे को जेईई एडवांस-2024 परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद आईआईटी, बीएचआईयू में प्रवेश मिला है। इससे उनके परिजनों और परिचितों सहित पूरा विद्यालय परिवार गौरवान्वित है। अभिषेक के पिता पुनीत चौबे पंतनगर विवि के विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में कार्यरत हैं। अभिषेक ने इसके अलावा भारत के दो अन्य श्रेष्ठ संस्थानों आईआईएसईआर और एनआईएसईआर की भी प्रवेश परीक्षा में उत्तम स्थान हासिल किया है।

### आयकर विभाग ने हटाए छापामार स्थल से चस्पा नोटिस

**रुद्रपुर :** जून माह में रुद्रपुर में हुई छापेमारी के दौरान लगाए गए नोटिस को आयकर विभाग ने हटा दिया है। इसके बाद संदेह के घेरे में आए कारोबारियों ने राहत की सांस ली। जून में आयकर विभाग ने कारोबारी गुलशन नारंग और उनके बेटे रानिक नारंग व उनके पार्टनर सौरभ गावा के प्रतिष्ठान और घरों में छापामार कार्रवाई की थी। चार दिन तक हुई कार्रवाई के बाद आयकर विभाग की टीम जांच के लिए आवश्यक दस्तावेज ले गए थे। साथ ही सौरभ गावा के आवास और रानिक नारंग के घर के एक कमरे की अलमारी में नोटिस चस्पा कर सील कर गए थे। इधर, गुरुवार को चस्पा किए गए नोटिस और सील को हटाने के लिए आयकर विभाग की टीम रुद्रपुर पहुंची। तीन वाहनों में सवार होकर पहुंची आयकर विभाग की टीम की जानकारी मिलते ही व्यापारियों में हड़कंप मच गया। बाद में आयकर विभाग की टीम सौरभ गावा के एलाइंस कालोनी स्थित आवास पर पहुंची और चस्पा नोटिस हटाने की कार्रवाई की। इसके अलावा सीज की गई अलमारी को भी खोल दिया गया।

### कृषि वानिकी अनुसंधान केंद्र में किया वृहद पौधरोपण

**पंतनगर।** जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय के कृषि वानिकी अनुसंधान केंद्र में बृहस्पतिवार को वृहद पौधरोपण किया गया। इसमें निदेशक शोध डॉ. अजीत सिंह नैन ने सहजन का पौधा रोपकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद विवि के विभिन्न अनुसंधान केंद्रों के संयुक्त निदेशक, सहायक निदेशक एवं प्रभारी अधिकारियों ने अन्य वृक्षों के पौधे रोपे। कार्यक्रम का आयोजन केंद्र के संयुक्त निदेशक डॉ. आशुतोष दुबे ने किया। इस दौरान कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान, सुभाष चंद्रा, एसबी भारद्वाज, अनिल यादव, एके सिंह, एसके वर्मा, ललित भट्ट, एएस जीना, एसके मिश्रा, वीपी सिंह आदि मौजूद थे।



सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में प्रशिक्षण का शुभारंभ करते अतिथि।

### सिलाई-कढ़ाई व ब्यूटीशियन का प्रशिक्षण दिया

**गदरपुर :** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बालिकाओं के लिए स्वरोजगारोन्मुख निशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम (उड़ान) आयोजित किया गया। इसमें बालिकाओं को सिलाई-कढ़ाई व ब्यूटीशियन कोर्स का प्रशिक्षण दिया जाएगा। गुरुवार को सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में प्रशिक्षण का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख मुख्य अतिथि अल्लिका गुप्ता सुधा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसमें सर्व समाज की बालिकाएं व महिलाओं को निशुल्क सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षक उमा चौहान व ब्यूटीशियन प्रशिक्षक उर्मि पाल ने दिया। विद्यालय के कोषाध्यक्ष दीपक सुधा, विद्यालय अध्यक्ष अजय फोगाट, व्यवस्थापक मनोज डाबर मौजूद रहे।

# ज्ञापन देने के लिए प्रवेश की अनुमति नहीं मिलने पर भड़क उठे किसान

### मांग पत्र की प्रतियां जलाईं, संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले पहुंचे थे किसान नेता

- किसानों की समस्याओं को लेकर सांसद अजय भट्ट को देना चाहते थे ज्ञापन

संवाददाता, रुद्रपुर



कलेक्ट्रेट परिसर में ज्ञापन की प्रतियां जलाते किसान नेता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट परिसर स्थित एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में दिशा की बैठक के दौरान संयुक्त किसान मोर्चा के पदाधिकारी सांसद अजय भट्ट को ज्ञापन देने पहुंचे थे। सभागार में प्रवेश करने को लेकर जब सुरक्षाकर्मियों ने रोका तो पदाधिकारी आक्रोशित हो गये और ज्ञापन देने की जिद पर अड़ गये। सूचना पर पहुंचे एसडीएम ने उन्हें समझाने का प्रयास किया और पदाधिकारी ज्ञापन देने का इंतजार करते रहे। काफी इंतजार के बाद भी जब उन्हें मिलने नहीं दिया गया तो पदाधिकारियों ने बाहर आकर मांग पत्र की प्रतियां जला दीं।

गुरुवार को संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले तराई किसान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष तजिंदर सिंह विर्क, जगतार सिंह बाजवा, बल्ली सिंह चीमा व जगीर सिंह पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत कलेक्ट्रेट में पहुंचे। इस दौरान सभागार में सांसद अजय भट्ट अधिकारियों के साथ जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक ले रहे थे। इस बीच पदाधिकारियों को सभागार में प्रवेश करने से सुरक्षाकर्मियों ने रोका तो वे आक्रोशित हो गये। सूचना पर मौके पर पहुंचे एसडीएम मनीष बिष्ट और तहसीलदार दिनेश कुटौला मौके पर पहुंचे। इस दौरान एसडीएम ने पदाधिकारियों को समझाया कि बैठक के बीच में वह ज्ञापन देने के लिए अनुमति नहीं दे सकते और न ही सांसद से कह सकते हैं। इसलिए वह दो बजे तक इंतजार कर लें। इस दौरान संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों ने मांगों को लेकर ज्ञापन देने की बात कही। उन्होंने कहा कि पूरे देश में आज किसान संगठन जिलों में ज्ञापन दे रहे हैं। केंद्र सरकार की तरफ से जो आश्वासन मिला था वह आज तक पूरा नहीं किया गया है। इसके अलावा अन्य मांगे भी हैं जो जिले से संबंधित हैं। एसडीएम के काफी समझाने के बाद भी किसान नेता तजिंदर सिंह विर्क आक्रोशित हो गये और कहा कि जब उनकी बात नहीं सुनी जा रही तो वह यहीं पर ज्ञापन जला देंगे। इसका एसडीएम ने कड़ा विरोध किया।

साथ ही कहा कि वह इस तरह की भाषा न बोलें जो कानून के खिलाफ हो। तय समय तक इंतजार के बाद भी जब संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों को ज्ञापन देने की अनुमति नहीं मिली तो भड़क उठे और बाहर आकर मांग पत्र की प्रतियां जलाकर विरोध दर्ज किया।

# पंतनगर विवि के पूर्व छात्र हैं अमेरिका के भावी राजदूत

संवाददाता, पंतनगर



विनय मोहन क्वात्रा।

**अमृत विचार :** भारत ने अपने अगले अमेरिकी राजदूत के रूप में सेवानिवृत्त राजनयिक विनय मोहन क्वात्रा को नामित किया है। क्वात्रा ने जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय से विज्ञान में स्नातकोत्तर व स्नातक कृषि सहित पशुपालन ऑनर्स की डिग्री हासिल की है। साथ ही उन्होंने अंतरराष्ट्रीय संबंधों में डिप्लोमा भी प्राप्त किया है। एल्युमिनी एसोसिएशन (4ए) के सचिव और निदेशक संचार डॉ. जेपी जायसवाल क्वात्रा के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि विवि के सभी एल्युमिनाई के लिए क्वात्रा की उपलब्धि गौरवान्वित करने वाली है। क्वात्रा एक सेवानिवृत्त आईएफएस भारतीय राजनयिक हैं।

उन्होंने 34वें विदेश सचिव के रूप में कार्य किया है। उन्होंने भारत सरकार के विदेश मंत्रालय और पीएमओ में संयुक्त सचिव के रूप में अपनी सेवाएं दी हैं। मई 2010 से जुलाई 2013 तक वाशिंगटन डीसी में भारतीय दूतावास में मंत्री (वाणिज्य) के रूप में अपनी सेवा दी। जुलाई 2013 से अक्टूबर 2015 के बीच उन्होंने विदेश मंत्रालय के नीति नियोजन और अनुसंधान प्रभाग का नेतृत्व किया। बाद में विदेश मंत्रालय में अमेरिका प्रभाग के प्रमुख के रूप में अपनी सेवाएं दीं। उन्होंने फ्रांस और नेपाल में भारत के राजदूत के रूप में भी सेवा दी थीं। विवि के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने क्वात्रा के इस प्रतिष्ठित पद पर आसीन होने के लिए उन्हें बधाई दी है। उन्होंने कहा कि विवि के लिए यह एक गौरव का क्षण है कि क्वात्रा ने यहां से शिक्षा प्राप्त की है।

### एसआईएमटी के छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**काशीपुर।** सत्येंद्र चंद गुड़िया लॉ कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। गुरुवार को कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर रंगनाथ सिंह ने बताया कि बीबीए एलएलबी छठे सेमेस्टर में आकांक्षा रावत ने 83 .89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, राज रुहेला 81 .80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय व आकांक्षा ने 80 .18 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। बताया कि बीबीए एलएलबी 8 वें सेमेस्टर में प्रथम स्थान पर सुमायला परवीन 71 .60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहले स्थान पर रहीं। जबकि तुबा जाहिद ने 70 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा व प्रभा मनराल ने 68 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# नगर पालिका में 30 फीसदी नए मतदाता हुए शामिल

संवाददाता, सितारगंज

**अमृत विचार :** उत्तराखंड निकाय चुनाव की अभी तिथि नहीं घोषित हुई है लेकिन सितारगंज नगर पालिका ने मतदाताओं की सूची तैयार कर ली है।

नगर पालिका के अंतर्गत 13 वार्ड हैं जिसमें 30.95 फीसदी नए मतदाता जुड़े हैं वहीं वर्ष 2018 की बात करें तो निकाय चुनाव में मतदाताओं की संख्या 24,255 थीं, जिसमें से पुरुष 11,641 मतदाता और महिला मतदाता 12,614 शामिल थीं। नगर पालिका की नई सूची में वर्ष 2024 के मुताबिक पालिका के 13 वार्डों में मतदाताओं की संख्या बढ़कर 29,511 हो गई है। इसमें 15,270 पुरुष मतदाता एवं 14,240 महिला मतदाता शामिल हैं। बीएलओ की ओर से 2248 नए मतदाताओं के नाम शामिल किए गए हैं। हालांकि राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से शामिल किए गए 2248 नए मतदाताओं के नाम पर मोहर लगना अभी शेष है। यदि इन नए मतदाताओं के नाम को भी शामिल कर लिया जाए तो नगर पालिका सितारगंज में कुल मतदाताओं की संख्या बढ़कर 31759 हो जाएगी, जो कि पिछले चुनाव के मुकाबले 30 प्रतिशत से अधिक है। ऐसे में आगामी निकाय चुनाव में अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों की किस्मत इन 31759 मतदाताओं की हाथों में होगी।

# शिविर में 188 लोगों ने किया रक्तदान

- केवीएस प्रीमियर ग्रुप और रोटरी क्लब व इनर व्हील क्लब के सहयोग से लगा शिविर

संवाददाता, काशीपुर




काशीपुर में रक्तदान करने वाले लोगों के साथ अतिथि। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** केवीएस प्रीमियर ग्रुप द्वारा रोटरी क्लब ऑफ काशीपुर एवं इनर व्हील क्लब ऑफ काशीपुर के सहयोग से केवीएस परिसर में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

इसमें 188 यूनिट रक्तदान किया गया। गुरुवार को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर आयुक्त विवेक रॉय, उपजिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह, नैनी ग्रुप के एमडी पवन अग्रवाल, पुलिस क्षेत्राधिकारी अनुषा बडोला, केवीएस प्रीमियर ग्रुप के सीएमडी देवेन्द्र कुमार अग्रवाल, केवीएस प्रीमियर फाउंडेशन की अध्यक्षा रेखा अग्रवाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। केवीएस प्रीमियर ग्रुप के सीएमडी देवेन्द्र कुमार अग्रवाल ने कहा कि पिछले 6 वर्षों से केवीएस परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिससे न केवल जरूरतमंदों को रक्त की आवश्यकता की पूर्ति होती है, बल्कि अनेक व्यक्तियों को इस पुनीत कार्य से जीवनदान भी मिला है। रोटरी क्लब काशीपुर के अध्यक्ष डॉ. पुनीत बंसल, सचिव पारस मेहरोत्रा एवं इनरव्हील क्लब ऑफ काशीपुर की अध्यक्षा मोनिका अग्रवाल एवं सचिव रेनू अग्रवाल द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया गया। संचालन दीपक कुमार यादव जीएम (मार्केटिंग) द्वारा किया गया। इस मौके पर केवीएस ग्रुप के एमडी देवेंद्र अग्रवाल, नैनी ग्रुप के एमडी पवन अग्रवाल, रोटरी क्लब काशीपुर के अध्यक्ष डॉ. पुनीत बंसल, अर्पण जिन्दल, रोटेरियन अतुल असावा आदि मौजूद रहे।

**सावधान** — मानसिक व आर्थिक रूप से पहुंचाता है लोगों को नुकसान, हाल ही में सीएम धामी का डीपफेक के माध्यम से बना वीडियो हुआ वायरल

# डीपफेक के माध्यम से आसानी से शिकार बनाए जा रहे लोग

मोहम्मद अर्शी, काशीपुर

**अमृत विचार :** भारत में कई सेलिब्रिटीज की फर्जी फोटो-वीडियो वायरल करने के बाद अब डीपफेक उत्तराखंड में पहुंच चुका है। उत्तराखंड में हाल ही में ऊधमसिंह नगर के काशीपुर में एक डीपफेक का मामला सामने आया है।

जहां एक युवक ने मुख्यमंत्री की डीपफेक वीडियो बनाकर आपत्तिजनक पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल की है। मामले में पुलिस ने आरोपी युवक पर भाजपा नेता की तहरीर पर मुकदमा भी दर्ज किया था। डीपफेक के मामले को लेकर पुलिस प्रशासन ने इस पर कार्रवाई को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। साथ ही लोगों से भी डीपफेक के चक्कर में न पड़ने की सलाह दी है। डीपफेक के माध्यम से लोग आसानी से शिकार बन रहे हैं। जिससे लोगों को आर्थिक व मानसिक रूप से परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

डीपफेक को साइबर ठगी के श्रेणी में रखा गया है। इसका इस्तेमाल कर साइबर ठग लोगों की फर्जी वीडियो बना उनको ब्लैकमेल कर रुपये ऐंठने का काम करते हैं।

वहीं कुछ साइबर ठग डीपफेक के माध्यम से लोगों को फोन कर उनके बच्चों या फिर किसी अपने के साथ कुछ गलत होने की सूचना देकर बात कराते हैं। डरे सहमे परिजन डीपफेक के माध्यम से बने वीडियो को असली मान साइबर ठगों के जाल में फंस जाते हैं और अपनो के खातिर उनके कहे अनुसार अपनी जमा पूंजी को उन ठगों के ऑनलाइन तरीके से सौंप देते हैं।

डीपफेक के बढ़ते इन मामलों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने लोगों से वायरल वीडियो व किसी भी अनजान फोन कॉल की सत्यता की जांच करने की सलाह दी है और कॉलर द्वारा रुपये मांगने पर जल्दबाजी में आकर निर्णय न लेने को भी कहा है। वहीं डीपफेक के शिकार लोग इसकी शिकायत भी संबंधित पुलिस स्टेशन में करा सकते हैं।

### विनाशकारी हो सकता है गलत इस्तेमाल

**काशीपुर।** किसी भी तकनीक का गलत इस्तेमाल विनाशकारी साबित हो सकता है। डीप फेक इसका सटीक उदाहरण हैं। इसका उपयोग कर किसी व्यक्ति का राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक जीवन बर्बाद किया जा सकता है। इसके माध्यम से किसी को बदनाम करने का प्रयास भी किया जा सकता है।

### क्या होता है डीपफेक?

**काशीपुर।** आसान भाषा में कहें तो डीपफेक एक एडिटेड वीडियो होता है। जिसमें किसी अन्य के चेहरे को किसी अन्य के चेहरे से बदल दिया जाता है। डीपफेक वीडियो इतने सटीक होते हैं कि आप इन्हें आसानी से पहचान नहीं सकते। डीपफेक वीडियो बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग की भी मदद ली जाती है।

### डीपफेक वीडियो कैसे पहचानें

**काशीपुर।** इस तरह के फोटो-वीडियो को पहचानना आसान तो नहीं है, लेकिन नामुमकिन भी नहीं है। इन्हें पहचानने के लिए आपको वीडियो को बहुत ही बारीकी से देखना होगा। खासतौर पर चेहरे के एक्सप्रेशन, आंखों की मूवमेंट और बॉडी स्टाइल पर ध्यान देना होगा। इसके अलावा बॉडी कलर से भी आप इन्हें पहचान सकते हैं। आमतौर पर ऐसे वीडियो में चेहरे और बॉडी का कलर मैच नहीं करता है। इसके अलावा लिप सिंकिंग से भी इस तरह के वीडियो की पहचान की जा सकती है। ऐसे वीडियो को आप लोकेशन और एक्स्ट्रा ब्राइटनेस से भी पहचान सकते हैं। इसके अलावा खुद ही समझ से भी आप यह तय कर सकते हैं कि यह वीडियो असली है या नहीं।

> डीपफेक के माध्यम से अपराधी फर्जी वीडियो बनाकर लोगों को ठगने का कार्य कर रहे हैं। जिससे लोगों को मानसिक व आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। साथ ही उन्हें अपनी छवि धूमिल होने का भय भी रहता है। ऐसे अपराध से बचने के लिए लोगों से भी अपील है कि डीपफेक वीडियो की सत्यता की जांच कर निर्णय लें। पुलिस भी लोगों को इसके प्रति सचेत करते हुए मामलों में कानूनी कार्रवाई करती है।
> **-अनुषा बडोला,** सीओ काशीपुर

### वन भूमि पर हो रहे अतिक्रमण को किया असफल

**सितारगंज, अमृत विचार :** रनसाली रेंज में आरक्षित वन क्षेत्र में ट्रैक्टर से जुताई कर अतिक्रमण के प्रयास को वन विभाग की टीम ने असफल कर दिया। रनसाली रेंजर महेंद्र सिंह रैकुनी ने बताया कि गुरुवार को मध्य रात्रि में कलेगा प्रथम बीट कक्ष संख्या एक में वन गुज्जर के आरक्षित वन क्षेत्र में ट्रैक्टर से जुताई करने की जानकारी मिली। विभाग की टीम रात्रि में ही मौके को रवाना हुई। टीम के पहुंचने से पहले वन गुज्जर गुलाम रसूल निवासी कलेगा चोरगलिया हल्द्वानी मौके से फरार हो गया। टीम को मौके से एक बाइक बरामद हुई। रेंजर ने बताया कि वन अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर लिया है। बाइक को भी कब्जे में लिया है। टीम में भूपाल सिंह, जमुना दत्त जोशी, अमन कुमार, जितेंद्र सिंह, नितेश चौहान शामिल रहे।

### जन भावनाओं की अनदेखी भाजपा सरकार को पड़ रही भारी : मेहरोत्रा

**काशीपुर, अमृत विचार :** बद्रीनाथ व मंगलौर विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस की जीत पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष गौतम मेहरोत्रा ने कहा कि जनता भाजपा से परेशान हो चुकी है। सरकार की जन भावनाओं की अनदेखी भाजपा को आगामी निकाय चुनाव में भारी पड़ेगी। कहा कि उत्तराखंड की आम जनता का रुझान कांग्रेस की ओर लगातार बढ़ रहा है। गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष गौतम मेहरोत्रा ने कहा कि हाल ही में हुए उपचुनाव ने सरकार को आइना दिखा दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश की भाजपा सरकार समय से निकाय चुनाव नहीं करा पा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा निकाय क्षेत्रों में जनहितैषी कार्य नहीं किये गये हैं। जनता तमाम मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। आगामी निकाय चुनाव में कांग्रेस का परचम लहराएगा।

## सार-संक्षेप



काशीपुर में कार्यक्रम के दौरान मौजूद अतिथि। ● अमृत विचार

### श्रीराम संस्थान में जॉब फेयर का किया आयोजन

**काशीपुर :** श्रीराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी काशीपुर में आईसीए काशीपुर के सहयोग से जॉब फेयर ( रोजगार मेले ) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम ओपन जॉब फेयर की तर्ज पर किया गया। इसमें संस्थान के अलावा विभिन्न संस्थानों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कैंपस ड्राइव का मुख्य उद्देश्य देश की प्रतिष्ठित कंपनियों को काशीपुर में आमंत्रित कर योग्य छात्र -छात्राओं की प्रतिभा से रूबरू करवाना था। देश की प्रतिष्ठित कंपनियों ने छात्र -छात्राओं का साक्षात्कार किया। चयनित छात्र -छात्राओं को देश की इन प्रतिष्ठित संस्थानों में सेवा का अवसर प्रदान किया जायेगा। कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्थान के अध्यक्ष रवीन्द्र कुमार, निदेशक प्रो. (डॉ.) योगराज सिंह, प्राचार्य डॉ. एसएस कुशवाहा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अरिंदम चटर्जी ( नेशनल हेड आईसीए, अनंदिता शाह नॉर्थ प्लेसमेंट हेड आईसीए तथा सपना अरोरा ( हेड आईसीए काशीपुर ) आदि मौजूद रहे।



राधेहरि महाविद्यालय में हेल्प डेस्क पर छात्रों की मदद करते एबीवीपी कार्यकर्ता।

### छात्रों के प्रवेश को लेकर एबीवीपी ने लगाई हेल्प डेस्क

**काशीपुर :** राधेहरि राजकीय महाविद्यालय में चल रहे छात्र-छात्राओं के प्रवेश सहायता के लिए एबीवीपी पदाधिकारियों ने हेल्प डेस्क शुरू करने का कार्य किया है। गुरुवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने स्नातक एवं परास्नातक वर्ष 2024-25 में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं की सहायता के हेल्प डेस्क बनाई है। इस दौरान एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने कहा कि महाविद्यालय में प्रवेश लेने छात्र-छात्राएं काफी दूरदराज से आते हैं। इन छात्र-छात्राओं की समस्याओं के निवारण के लिए एबीवीपी कार्यकर्ता सभी समस्याओं के हरसंभव निदान के लिए सेवा कार्य में जुटे हैं। इस दौरान करन भारद्वाज, प्राची सारस्वत, हिमांशी, वंश रस्तो आदित्य राज तनेजा, अमन रंधावा, सौरभ सिंह महरा व देव गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### दो चेक मिलने पर एक चेक प्रशासन को लौटाया

**खटीमा :** प्रदेश सरकार द्वारा बीते दिनों आई दैवीय आपदा पीड़ितों को खाद्यान्न किट के साथ ही अहेतुक राशि के रूप में पांच हजार रुपये सहायता राशि दी जा रही है। पिछले दिनों कई परिवारों में दो चेक दिए जाने की खबरें प्रकाशित हुई थीं। इसके बाद उपजिलाधिकारी रविंद्र बिष्ट ने सूचना जारी की थी कि यदि किसी परिवार के पास दो चेक पहुंच गए हैं। वह एक चेक स्वतः ही वापस कर दें। यह भी चेताया था कि जांच के बाद पाए जाने पर आपदा राहत के तहत कार्रवाई की जाएगी। इस पर बृहस्पतिवार को पारुल अग्रवाल के परिवार को त्रुटिवश पांच-पांच हजार के दो चेक आवंटित हो गए थे। पारुल अग्रवाल ने तहसील में पहुंचकर तहसीलदार हिमांशु जोशी को एक चेक वापस कर दिया। प्रशासन ने चेक वापस करने पर पारुल का आभार जताया।

### एसएसबी महानिरीक्षक ने किया सीमा चौकियों का निरीक्षण

**खटीमा :** गत सप्ताह आई भीषण बाढ़ को लेकर सशस्त्र सीमा बल सीमांत मुख्यालय रानीखेत के महानिरीक्षक अमित कुमार ने सीमावर्ती चौकियों का निरीक्षण किया। महानिरीक्षक कुमार ने भारत नेपाल सीमा स्थित मेलाघाट, सिसैया, सुंदर नगर, नारायण नगर सहित विभिन्न चौकियों का निरीक्षण किया। इस दौरान 57वीं वाहिनी एसएसबी के कमांडेंट मनोहर लाल भी मौजूद रहे। उन्होंने पिलर संख्या 796 सहित विभिन्न पिलरों का भी निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने सीमांत क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के लिए जवानों को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने जवानों के साथ बैठक कर बाढ़ आपदा में उत्पन्न संकट के समय सीमावर्ती क्षेत्र के ग्रामीणों की मदद करने हेतु सशस्त्र सीमा बल के जवानों की सराहना की। इस दौरान महानिदेशक अमित कुमार ने सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल के जवानों को बाढ़ आपदा के बाद फैलने वाली बीमारियों तथा उनसे बचाव के बारे में भी अवगत कराया।

### चाकू से किया हमला, युवक को अधमरा कर भागे

**रुद्रपुर :** दोस्त से मिलने जा रहे एक युवक को घेरकर रंपुरा बस्ती के युवकों ने दिनदहाड़े धारदार हथियार से हमला कर दिया और मरणासन्न अवस्था में छोड़कर फरार हो गए। घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। वार्ड-24 रंपुरा बस्ती निवासी पप्पू कोली ने बताया कि 15 जुलाई की दोपहर को वह अपने दोस्त अमन से मिलने घर जा रहा था कि तभी वार्ड के ही रहने वाले आयुष, राहुल, शांति, विशाल एक राय होकर आए और उस पर चाकुओं व कापा से हमला शुरू कर दिया। आरोप था कि हमलावरों ने उस पर कई प्राण घातक प्रहार किया और मरणासन्न अवस्था में छोड़कर फरार हो गए। सूचना मिलने पर घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां युवक की हालत नाजुक बनी हुई है।

### शिक्षिका के गले से सोने की चेन खींचने के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**जसपुर :** मोटरसाइकिल सवार उचक्कों द्वारा स्कूल जाते समय शिक्षिका के गले से सोने की चेन खींचने के मामले में पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। विगत 11 जुलाई को जसपुर की चमन बाग कॉलोनी निवासी शिक्षिका मीनाक्षी पांडे के गले से दिनदहाड़े बाइक सवार दो उचक्के उस समय चेन खींचकर फरार हो गए थे, जब वे अपनी साथी अध्यापिका कुसुम डोबियाल के साथ स्कूटी से राजकीय प्राथमिक विद्यालय कासमपुर जा रही थीं।

# प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के चुनाव में पहले दिन बिके 10 नामांकन पत्र

## अध्यक्ष पर एक, महामंत्री पर पांच व कोषाध्यक्ष पद पर हुई चार नामांकन पत्रों की बिक्री

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल की चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। चुनावी बिगुल बजने के साथ ही संभावित प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीद कर चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है।

नामांकन पत्र बिक्री के प्रथम दिन प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के चुनाव में अध्यक्ष पद पर दानिश रिजवी, महामंत्री पद पर शिवकुमार मित्तल, जगरूप सिंह गोल्डी, इंतजार खान, मोहम्मद अदनान एवं अंकुर शर्मा तथा कोषाध्यक्ष पद पर नीरज बजाज, दलजीत सिंह, जगरूप सिंह गोल्डी एवं इंतजार खान ने 5100 रुपये की धनराशि जमा कर मुख्य चुनाव अधिकारी सतपाल गाबा से नामांकन पत्र खरीदा। नामांकन पत्र बिक्री के प्रथम दिन महामंत्री पद पर पांच, कोषाध्यक्ष पद पर चार तथा अध्यक्ष पद पर एक नामांकन पत्र की बिक्री हुई है। मुख्य चुनाव अधिकारी सतपाल गाबा के मुख्य बाजार स्थित कार्यालय में चुनाव की प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही चुनावी बिगुल बज गया है। जानकारी देते हुए मुख्य चुनाव अधिकारी सतपाल गाबा ने बताया कि 19 जुलाई की सुबह 10 बजे से 12 बजे तक नामांकन पत्र की बिक्री होगी तथा 20 जुलाई की सुबह 10 बजे से 2 बजे तक नामांकन पत्र जमा किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 20 जुलाई की दोपहर 4 बजे से शाम 7 बजे तक नाम वापसी की प्रक्रिया होगी तथा नामांकन पत्र खरीदने वाले प्रत्येक व्यापारी को 5100 की सिक्योरिटी राशि जमा करनी होगी एवं नाम वापसी करने पर जमा की गई धनराशि वापस कर दी जाएगी। चुनाव अधिकारी गाबा ने बताया कि व्यापार मंडल के चुनाव की प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ की जा रही है। इस मौके पर चुनाव संचालन समिति के सदस्य विनोद फुटेला, राजेंद्र अरोड़ा, प्रकाश गोयल, रामबाबू प्रधान, लियाकत अंसारी, महादेव अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



किच्छा में नामांकन पत्र लेते कोषाध्यक्ष पद के प्रत्याशी शिवकुमार मित्तल।

# पेट्रोल पंप से युवक का अपहरण, वीडियो वायरल

- बाइक सवार तीन युवकों ने दिया घटना को अंजाम
- युवक की मां ने सौंपी तहरीर, पुलिस ने शुरू की जांच

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** रंपुरा चौकी इलाके में पेट्रोल पंप पर तेल भरवा रहे एक युवक का बाइक सवार तीन युवकों ने अपहरण कर लिया। पीड़ित युवक की मां का आरोप था कि बेटे का अपहरण कर यातनाएं दी गई हैं।

रंपुरा बस्ती की रहने वाली शांति देवी ने बताया कि 16 जुलाई की दोपहर साढ़े तीन बजे किच्छा हाईवे स्थित पेट्रोल पंप पर बेटा बाइक में तेल भरवाने गया था। इस बीच अचानक बाइक पर सवार तीन युवक आए और हमला कर दिया। आरोप था कि हमलावर बेटे को बेरहमी से पीटते हुए खींचकर सुनसान स्थान पर ले गए। जहां युवकों ने बेटे के साथ अमानवीय व्यवहार भी किया। मुश्किल से चंगुल से छूटकर बेटा घर पहुंचा और घटना को बयां किया।

इसके बाद पीड़ित युवक की मां ने रंपुरा चौकी पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। वहीं पेट्रोल पंप में हुई घटना की वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस में हड़कंप मच गया।

उधर, रंपुरा चौकी प्रभारी नवीन बुधानी का कहना था कि युवक व हमलावर के बीच विवाद चल रहा था। जिसका मुकदमा भी पंजीकृत हुआ है। ऐसे में युवकों ने पेट्रोल पंप पर जाकर युवक से हाथापाई की पुष्टि हुई है और युवक को पकड़कर चौकी ले आए थे। अमानवीय यातनाओं के आरोपों की जांच की जा रही है। जांच के बाद पुलिस आगे की शीघ्र कार्रवाई करेगी।

# आपदा पीड़ितों को 50 हजार मुआवजा मिले

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** विधायक भुवन कापड़ी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र सौंपकर दैवीय आपदा से विधानसभा क्षेत्र में हुए नुकसान में पुनर्निर्माण कार्यों के लिए अतिरिक्त बजट आवंटित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों आई बाढ़ में शायद ही कोई घर बचा हो जिसमें पानी न घुसा हो और काफी लोगों के मकान ढह गए हैं।

देहरादून में मुख्यमंत्री धामी को सौंपे पत्र में विधायक कापड़ी ने व्यापारियों के प्रतिष्ठानों में पानी घुसने से हुए नुकसान का मुआवजा देने, बरसात से जिन किसानों की फैसलें बर्बाद हो गई हैं उन्हें उनकी भूमि के अनुरूप मुआवजा दिया जाए और जिनके जानवर बाढ़ में बह गए हैं उन्हें मुआवजा दिया जाए। उन्होंने तहसील क्षेत्र के अंतर्गत टूटे भवन और छतिग्रस्त मकानों का सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की। विधायक कापड़ी ने मुआवजा बढ़ाकर 50 हजार करने और संबंधित अधिकारियों को स्थलीय जांच कर सभी पीड़ितों को सहायता दिलाना सुनिश्चित करने की बात रखी। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कार्रवाई का आश्वासन दिया।



देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर धामी को पत्र सौंपते विधायक भुवन कापड़ी।

# प्रमाणपत्र बनवाने के लिए लोग परेशान

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** पटवारियों द्वारा अतिरिक्त ग्रामों की जिम्मेदारी निभाने से मना करने की वजह से इन गांवों के लोगों को जाति, स्थायी आदि प्रमाणपत्र बनाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं अतिरिक्त क्षेत्र के कार्य के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग को लेकर युवाओं ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया है।

अखिल भारतीय अनुसूचित जाति एवं शोषित वर्ग उत्थान समिति के प्रदेश सचिव सूरज सागर के नेतृत्व में कुछ युवा एसडीएम कार्यालय पहुंचे और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी को सौंपा। उनका कहना था कि पिछले कई माह से लेखपाल उन्हें सौंपे गए अतिरिक्त ग्रामों के कार्य नहीं कर रहे हैं। ऐसे में इन गांवों के लोगों के जाति, स्थायी, आय आदि प्रमाण पत्र बनाए जाने के लिए तत्काल कोई वैकल्पिक व्यवस्था की जाए, क्योंकि इन प्रमाण पत्रों के न बनने की वजह से आम जनमानस व अनुसूचित जाति, जनजाति के लोगों, विद्यार्थियों एवं प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करने वाले स्थानीय बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस मौके पर ध्यान सिंह, किशोरी लाल, मनोज, विनोद कुमार हांडा, शनू, अभय आदि मौजूद रहे।



बाजपुर में एसडीएम आरसी तिवारी को ज्ञापन सौंपते युवा। ● अमृत विचार

# पौधे रोपकर लोगों को किया जागरूक

संवाददाता, गूलरभोज

**अमृत विचार:** हरेला पर्व पर विधायक अरविंद पांडेय ने आईटीआई परिसर में लोगों को जागरुक करते हुए पौधों का वितरण किया। इस मौके पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिलाध्यक्ष नंदन सिंह कोश्यारी, ईओ आशीष नेगी, नपं अनीता दुबे, भाजपा नेता संजीव भटेजा, तरुण दुबे, अमित कुमार गुप्ता, सतीश चुघ, देवेंद्र सिंह धर्मशक्तू, योगेश पानू, दीपा ठुकराठी, भूपेंद्र आर्या, राजेश कुमार, विजेता पानू आदि मौजूद थे।

**जसपुर:** कृषि उत्पादन मंडी समिति के अधिकारियों व कर्मचारियों ने मंडी समिति परिसर में पौधरोपण किया। इसके अलावा क्षेत्र के ग्राम प्रधानों व जागरूक किसानों को पौधे भेंट किए गए। इस मौके पर कृषि मंडी सचिव शैलेंद्र मेहरा, तहसीलदार शुभांगिनी, मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष प्रेम सिंह सहोता, मंडी समिति के बड़े बाबू ध्यान सिंह जमनाल आदि मौजूद रहे।

**सितारगंज:** एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत वन क्षेत्राधिकारी जीवन चंद्र उप्रेती ने बृहस्पतिवार को ग्राम गोठा में ग्रामीणों के साथ छायादार पौधों का रोपण किया। इस दौरान उन्होंने बाराकोली रेंज के बैरियर पर विभिन्न संस्थाओं को दो हजार छायादार पौधों का वितरण किया। वहां वन दरोगा मुख़्तार अहमद, सुनील कुमार मौजूद थे।

वही, केंद्रीय कारागार सितारगंज में अधीक्षक अनुराग मलिक, प्रभारी जेलर अनिल कुमार यादव ने उद्यान प्रभारी गुंजिता भट्ट के साथ कारागार परिसर में पौधों का रोपण किया। वहां मुनीश कुमार गुप्ता मौजूद थे।



गूलरभोज में लोगों को पौधे बांटते विधायक अरविंद पांडेय व अन्य। ● अमृत विचार



जसपुर कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर में पौधरोपण करते अधिकारी व कर्मचारी।



सितारगंज में हरेला पर्व पर ग्रामीणों के साथ पौधरोपण करते रेंजर। ● अमृत विचार


## वर्ग पहेली-135

**बाएं से दाएं**

3. 1. किसी चीज़ को खाने या चबाने की क्रिया, ग्रसन 2. निगलना।
5. आश्चर्य, विस्मय।
6. विशेष रूप से, विशेषतः, ख़ासतौर से।
8. 1. शक्ति, सामर्थ्य 2. घोड़े की लगाम, वल्गा। [मु.] -बाग होना : बहुत ख़ुश होना। (मु.)-मोड़ना : किसी ओर घुमाना या लगाना।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. किसी वस्तु का टूटकर या कट-छँटकर अलग हुआ कोई हिस्सा।
2. निगाह, दृष्टि।
4. नभ में गमन करने वाला, नभ में विचरने वाला।
5. गर्व से भरी चाल, अकड़ जताने वाली चेष्टा या भाव-भंगिमा, हेकड़ी, गरूर।
6. 1. पति, ख़सम, शौहर 2. स्वामी, मालिक।
7. 1. किसी वस्तु के दस अंग 2. दस प्रकार के सुगंधित द्रव्यों का मिश्रण।



### वर्ग पहेली -134 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 जे | क | | 2 मु | | 3 क |
| | | 4 सो | हा | सि | त |
| 5 ग | ण | | फ़ि | | र |
| प | | | ज़ | | ना |
| 6 क | लं | 7 कि | त | | |
| ना | | रा | | 8 ध | 9 म |
| | 10 पि | या | र | | य |

## सुडोकू -48

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | 7 | | 2 | | | 3 | 6 |
| 2 | 3 | | | 9 | | 1 | | |
| | | 8 | | 3 | | | 5 | |
| | 4 | | 1 | | | | 8 | |
| | 5 | | | | | | 2 | |
| | 7 | | | | 6 | | 4 | |
| | 8 | | | 6 | | 3 | | |
| | | 3 | | 1 | | | 9 | 7 |
| 9 | 2 | | | 5 | | 4 | | 8 |

### सुडोकू -47 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | 3 | 7 | 4 | 9 | 2 | 6 | 5 |
| 9 | 6 | 5 | 1 | 2 | 8 | 3 | 4 | 7 |
| 7 | 2 | 4 | 3 | 6 | 5 | 8 | 9 | 1 |
| 8 | 7 | 6 | 5 | 3 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 3 | 1 | 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 7 | 4 |
| 5 | 4 | 9 | 2 | 1 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 2 | 3 | 7 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 | 6 |
| 4 | 5 | 8 | 6 | 7 | 2 | 1 | 3 | 9 |
| 6 | 9 | 1 | 4 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 जुलाई शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 19.41 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- मूल 20 जुलाई 02.55 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

**मेष:** आज आपके मन में आत्मसंतोष की भावना रहेगी। दूसरों की जिम्मेदारियां भी आपको उठानी पड़ सकती है। आपकी अपेक्षा के अनुसार सभी काम हो जाएंगे। निजी कंपनियों में जॉब कर रहे लोगों को पदोन्नति मिलने के योग बन रहे हैं।

**वृष:** आज हित शत्रु आपकी भावनाओं का नाजायज लाभ उठाने का प्रयास करेंगे। महिलाओं को अपनी सेहत को लेकर जागरूक रहना चाहिए। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव की भावना कम हो सकती है। आवश्यक काम दूसरों के भरोसे कतई न छोड़ें।

**मिथुन:** आज वाद-विवाद और चर्चाओं में आप दूसरों के ऊपर भारी पड़ेंगे। आपके सामाजिक संबंध और प्रगाढ़ होंगे। दांपत्य जीवन काफी रोमांटिक रहेगा। पहले की गई मेहनत का आपको सुखद परिणाम प्राप्त होगा। व्यापार में नए सहयोगी जुड़ सकते हैं।

**कर्क:** आज कानूनी अड़चनों से छुटकारा मिलेगा। बुरी संगत से आपको बचने की आवश्यकता है। अध्यात्मिक चर्चाओं से आपका दृष्टिकोण बदल सकता है। उच्च रक्तचाप के रोगियों को गुस्सा करने से बचना चाहिए। दूसरे लोगों के मामलों को लेकर ज्यादा सोच-विचार न करें।

**सिंह:** आज आप नव समाचारों को लेकर काफी उत्सुक रहेंगे। प्रेम विवाह के मार्ग में बाधा आ सकती है। कटु भाषा का चयन करने से बचें। शोध क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। लोग आपकी कला व योग्यता को सम्मान देंगे।

**कन्या:** आज अधिकारियों का विश्वास आपके ऊपर से कुछ कम हो सकता है। शारीरिक और मानसिक ऊर्जा में थोड़ी कमी रहेगी। व्यर्थ की बातों का तनाव न लें। अपने काम व जिम्मेदारियों से पीछे न हटें। बड़ों के द्वारा दिया गया सुझाव आपके काफी काम आएगा।

**तुला:** आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति से आपको प्रोत्साहन मिलेगा। धार्मिक चर्चाओं के लिए दिन सर्वोत्तम रहेगा। आपकी सलाह से लोगों को लाभ होगा। अपने स्वभाव में सकरात्मकता बनाए रखें। अविवाहित महिला जातक के विवाह की चिंता रहेगी।

**वृश्चिक:** आज जॉब इंटरव्यू में सम्मिलित हो रहे हैं तो सफलता मिल सकती है। जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान रखें। प्रेमी जन से अपने दिल की बातें शेयर करने से मन हल्का होगा। गृह कार्यों में काफी व्यस्त हो सकते हैं। दूरस्थ परिजनों के साथ फोन पर बातें होंगी।

**धनु:** आज किसी महत्वपूर्ण बैठक में सम्मिलित हो सकते हैं। नई संपत्ति खरीदने का विचार बनाएंगे। आप अपने आप में ही व्यस्त रहेंगे। अविवाहितों को प्रेम प्रस्ताव मिल सकता है। प्रेम संबंधों को लेकर काफी उत्सुक रहेंगे। व्यापार में जबरदस्त उन्नति होगी।

**मकर:** आज सेहत के मामले में लापरवाही न करें। पेट में गैस की समस्या हो सकती है। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में नहीं लगेगा। कार्यस्थल में आपका दबदबा घट सकता है। कोई नकारात्मक समाचार मिलने की संभावना है।

**कुंभ:** आज किसी नए काम को लेकर मन में विचार आएंगे। जीवनसाथी के साथ समय बहुत अच्छा रहेगा। संतान के करियर को लेकर समस्या दूर होगी। पुराने अनुभवों का आपको लाभ मिलेगा। व्यवसाय को लेकर नया प्रयोग कर सकते हैं।

**मीन:** आज मार्केटिंग पर आपको काफी ध्यान देने की आवश्यकता है। जॉब में उच्च पद प्राप्त होगा। निर्माण कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन बेहतरीन रहने वाला है। मानसिक रूप से प्रसन्नता रहेंगे। टीमवर्क के माध्यम से उलझे मामलों को संभाल लेंगे।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
देवता — दोपहर : 12.30
परिवार — रात : 07.00

**&pictures**
सीक्रेट सुपरस्टार — सुबह : 10.47
फराज — रात : 08.00

**Sony Pix**
घोस्त राइडर — सुबह : 11.12
अनचार्टेड — रात : 09.00

**Zee Cinema**
मिली — सुबह : 09.35
ऑपरेशन जावा — रात : 08.00

**Colors Cineplex**
कसक — सुबह : 09.36
कभी अलविदा ना कहना — शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम : 05.58 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पप्पू - इतना परेशान क्यों है?
गप्पू - अरे यार, मैंने अपनी गर्लफ्रेंड को दो बड़े-बड़े टेडी बियर गिफ्ट किए थे।
पप्पू - तो इसमें परेशान होने की क्या बात है?
गप्पू - उसकी मम्मी ने दोनों की रुई निकलवाकर दो तकिए भरवा लिए।

भिखारी- कुछ दे दो साहब, लाचार हूं।
सिंटू- हट्टे-कट्टे तो दिख रहे हो। लाचार किस चीज से हो?
भिखारी- अपनी आदत से।

## सार-संक्षेप

### श्रमिक को जान से मारने की धमकी का आरोपी गिरफ्तार

**अल्मोड़ा :** मारपीट और जान से मारने की कोशिश करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने एक बुजुर्ग महिला और एक नेपाली व्यक्ति को जान से मारने की कोशिश की थी। थानाध्यक्ष लमगड़ा राहुल राठी ने बताया कि मूलरूप से नेपाल और वर्तमान में जलना लमगड़ा निवासी ने पुलिस में तहरीर दी थी। कहना था कि सोमवार को पिथौरागढ़ निवासी आरोपित जावेद अख्तर ने उनके साथ मारपीट की। डंडे से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। उन्हें मरा समझ आरोपित मौके से फरार हो गया। जिसके बाद पुलिस ने तहरीर के आधार पर बीएनएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। एसएसपी ने भी आरोपी की शीघ्र गिरफ्तार के निर्देश दिए। इधर पुलिस ने बुधवार को आरोपी जावेद अख्तर को लमगड़ा क्षेत्र के कल्टानी तिराहे से गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई की।

### डोटियालगांव और भैसोड़ी की वन पंचायत में रोपे पौधे

**अल्मोड़ा :** वन विभाग और हंस फाउंडेशन की ओर से ताकुला ब्लाक के डोटियालगांव और भैसोड़ी वन पंचायत में हरेला पर्व महोत्सव के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान च्यूरा, रीठा, तेजपता, हराड़, बाज, फाल्याट के पौधों का रोपण किया। मौके पर वन दरोगा मोहन बिष्ट ने मानव जीवन में पौधों के महत्व की जानकारी दी। यहां हंस फाउंडेशन के अशोक भोज, वन बीट अधिकारी मनोज कांडपाल, वन सरपंच डूंगर सिंह, इंद्र देवी, दरमान सिंह, रेखा नागरकोटी, तारा नगरकोटी, पुष्पा नगरकोटी, प्रेमा देवी, भूपाल रावत, आनंद सिंह, गोपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### शारदा बैराज से चौपहिया वाहनों की आवाजाही बंद

**बनबसा :** शारदा बैराज में 1 लाख क्यूसेक से अधिक जलस्तर होने के चलते बैराज प्रशासन ने रेड अलर्ट घोषित कर बैराज से चौपहिया वाहनों की आवाजाही बंद कर दी। सिंचाई विभाग उत्तर प्रदेश के बैराज प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार पहाड़ों में हो रही लगातार बारिश के चलते गुरुवार दोपहर शारदा नदी का जलस्तर अचानक बढ़कर 1 लाख 57 हजार क्यूसेक पहुंच गया, जिस कारण बैराज प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से बैराज से चौपहिया वाहनों की आवाजाही पूर्ण रूप से बंद कर दी है, हालांकि दो पहिया वाहनों और पैदल आवागमन सुचारु है।

### भारत सीमा में पहुंची नेपाली बालिकाओं को वापस भेजा

**बनबसा :** भारत नेपाल सीमा पर रास्ता भटक गई दो नाबालिग नेपाली बालिकाओं को शारदा बैराज पुलिस ने सकुशल नेपाल आपस पुलिस के सुपुर्द किया किया गया। शारदा बैराज चौकी प्रभारी ललित पांडेय को सूचना मिली की 2 नाबालिग लड़कियां काफी समय से शारदा बैराज के आसपास घूम रही हैं जो काफी परेशान नजर आ रही हैं। चौकी प्रभारी ललित पांडेय के द्वारा तत्काल कार्यवाही कर चौकी शारदा बैराज में लगे सीसीटीवी कैमरा चेक किए गए तो दोनो लड़कियां चौकी क्षेत्र में घूमती हुई नजर आई। जिन्हें शारदा चौकी पुलिस द्वारा सकुशल बरामद कर चौकी शारदा बैराज लाया गया। दोनों बालिकाओं से पूछताछ पर उनके द्वारा बताया कि वह नेपाल के गांव चांदनी दुधारा की रहने वाली हैं और गलती से भारत आकर रास्ता भूल गई। चौकी प्रभारी ललित पांडेय ने बताया कि दोनों नाबालिग बालिकाओं को पूर्ण तस्दीक के बाद नेपाल ब्री-एंजिल्स संस्था व गड्डा चौकी नेपाल पुलिस के सुपुर्द किया गया।

### पिकअप से पकड़ा 60 कनस्तर अवैध लीसा

**रानीखेत :** एसओजी अल्मोड़ा व रानीखेत पुलिस की संयुक्त टीम ने बुधवार सायं को रानीखेत अल्मोड़ा मजखाली में चेकिंग के दौरान पिकप को चेक किया तो उसमें एक केबिन बना था। जिसे खोलने पर उसमें अवैध लीसे से भरे 60 टिन के कनस्तर बरामद किए। पुलिस ने चालक बहादुर सिंह बोरा को गिरफ्तार कर लिया। पिकअप को सीज कर दिया। चालक ने पूछने पर बताया कि लीसा व वाहन हेमन्त बिष्ट निवासी कफड़ा, द्वाराहाट का है। जिसे वह हल्द्वानी बेचने जा रहा था।

### छीनीगोट विद्यालय में किया वृक्षारोपण कार्यक्रम

**टनकपुर :** दोगाड़ी वन रेंज के तत्वावधान में वनाधिकारी रमेश चंद्र जोशी के नेतृत्व में राजमा विद्यालय छीनीगोट में हरेला महोत्सव के एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विद्यालय परिसर और शिव मंदिर परिसर में विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक त्रिलोचन जोशी की अध्यक्षता व वन आरक्षी रवि कुमार के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री पूरन सिंह मेहरा, मुकेश जोशी, वन दरोगा शंकरदेव सकलानी आदि मौजूद रहे।



अल्मोड़ा में गुरुवार को पूर्व दर्जा राज्य मंत्री कर्नाटक ने एसएसपी को ज्ञापन सौंपा।

### अल्मोड़ा में चोरी की घटनाओं का खुलासा करने की मांग

**अल्मोड़ा :** नगर क्षेत्र में अराजक तत्वों के हौसले बुलंद हैं। आए दिन चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं। गुरुवार को पूर्व दर्जा राज्य मंत्री बिट्टू कर्नाटक के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने एसएसपी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। चोरी की घटनाओं में अंकुश लगाने के साथ घटना का खुलासा करने की मांग उठाई। ज्ञापन में कहा कि जिला मुख्यालय समेत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों चोरी की कई घटनाएं सामने आ चुकी है, जिससे लोगों में भय बना हुआ है। वहीं, सड़क किनारे खड़े दोपहिया वाहनों को भी अराजक तत्व निशाना बना रहे हैं। उन्होंने एसएसपी से तत्काल टीम गठित कर चोरी की घटनाओं का खुलासा करने की मांग की। जल्द घटनाओं का खुलासा नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। यहां ज्ञापन सौंपने वालों में रोहित शैली, राकेश बिष्ट, दीपक पोखरिया, गणेश लाल, अमर बोरा, शहाबुद्दीन, नूर खान, सुधीर कुमार आदि मौजूद रहे।

### देवीकुंड के मुख्य पुजारी सामने आए

**बागेश्वर :** देवीकुंड में योगी चैतन्य आकाश की ओर से मंदिर निर्माण के नाम पर सरकार की भूमि में निर्माण करने के मामले में अब देवीकुंड के मुख्य पुजारी 86 वर्षीय मंगल सिंह धामी सामने आ गए हैं। उन्होंने कहा कि उनसे किसी ने उस स्थान पर मंदिर या कुटिया बनाने की जिक्र नहीं किया। कहा कि वहां पर न तो पहले कोई निर्माण था और न ही वहां पर अब किसी प्रकार का निर्माण उचित है। गत दिवस योगी चैतन्य आकाश द्वारा देवीकुंड के समीप निर्माण के पूर्व ग्रामीणों व धामी परिवार की सहमति की बात कही थी, जिसके बाद देवीकुंड के मुख्य पुजारी ने एक वीडियो जारी किया है, जिसमें उन्होंने कहा कि कपकोट व बाछम के बीच योगी चैतन्य आकाश ने जो निर्माण किया उसकी उनसे कोई सहमति नहीं ली है। बताया कि वे स्वयं देवीकुंड के समीप 55 साल से अधिक समय से वहां पर पूजा अर्चना करते हैं।

### सुंदरढूंगा में किए गए निर्माण को ध्वस्त न करे प्रशासन

**बागेश्वर :** योगी चैतन्य आकाश द्वारा सुंदरढूंगा में किए गए निर्माण को पूर्व में कई ग्रामीण अवैध बताते हुए इसे अतिक्रमण बता चुके हैं वहीं कुछ ग्रामीण इस निर्माण के पक्ष में आ गए हैं। निर्माण को ध्वस्त न करने की मांग को लेकर बाछम के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मुलाकात की तथा निर्माण ध्वस्त न करने की मांग की। कहा कि निर्माण ध्वस्त होने पर 21 जुलाई से आमरण अनशन की चेतावनी दी। ग्रामीणों ने कहा कि योगी द्वारा मां भगवती के पुराने मंदिर का जीर्णोद्धार किया तथा कार्य पूर्ण होने के बाद वहां से स्वास्तिक पर्वत दिखा। उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र का विकास होगा तथा यह क्षेत्रवासियों के लिए गर्व की बात है। इस दौरान ईश्वर सिंह, शोभन सिंह, रमेश राम, दिनेश राम, दुर्गा सिंह, धीरेंद्र सिंह, चंदन सिंह, भगवत सिंह, देव सिंह, तारा सिंह, रूप राम, देव सिंह, रूप राम आदि ग्रामीण शामिल थे।

### जिला स्तरीय ताइक्वाडों में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**अल्मोड़ा :** जिला स्तरीय ताइक्वाडों प्रतियोगिता का गुरुवार को समापन हो गया है। प्रतियोगिता के अलग-अलग वर्गों में दमखम दिखाते हुए खिलाड़ियों ने 42 स्वर्ण, 21 ने रजत और 19 ने कांस्य पद पर अपना कब्जा जमाया। जिला ताइक्वाडों एसोसिएशन की ओर से हेमवती नंदन बहुगुणा इंडोर स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रमोद रावत, जिला फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश कनवाल और राजेंद्र तिवारी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इसके बाद अलग-अलग वर्गों में प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें 42 खिलाड़ियों ने स्वर्ण, 21 ने रजत और 19 ने कांस्य पदक प्राप्त किया। इस मौके पर यहां विक्रम भंडारी, विजय बहादुर, गिरधर, मोहित अस्वाल, वंदना भंडारी, मनोज पांडे आदि मौजूद रहे।

# अनियंत्रित बस वर्कशॉप में घुसी, बसों को मारी टक्कर, सफाई कर्मी की मौत

## आईएसबीटी में हुए हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार, घटना के बाद मचा हड़कंप

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा अंतरराज्जीय बस अड्डे में गुरुवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। अनियंत्रित रोडवेज बस ने वर्कशॉप में कई बसों को टक्कर मार दी। इस हादसे में अन्य बसों की सफाई कर रहा एक सफाई कर्मचारी अनियंत्रित बस की चपेट में आ गया है। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद रोडवेज विभाग में हड़कंप मच गया। वहीं, अनियंत्रित बस का चालक वहां से फरार हो गया।



विकास कुमार।

मिली जानकारी अनुसार गुरुवार दोपहर को बागेश्वर डिपो की खराब बस को ठीक करने के लिए चालक वर्कशाप ले जा रहा था। इसी दौरान वर्कशाप के ढलान में बस अचानक अनियंत्रित हो गई और चालक नियंत्रण खो बैठा। अनियंत्रित बस की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वहां बसों की सफाई कर रहे सफाई कर्मचारी विकास कुमार (36), निवासी वाल्मिकी बस्ती एनटीडी अल्मोड़ा बसे की चपेट में आ गया और उसके मौके पर ही मौत हो गई। सूचना के बाद घटना स्थल पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के भेजा। वहीं, हादसे के बाद मृतक के स्वजन में कोहराम मच गया।



अल्मोड़ा लोअर मालरोड स्थित वर्कशॉप में गुरुवार को हुए हादसे की जानकारी लेती पुलिस। ● अमृत विचार

### दिल्ली से धरमघर को सवारी लेकर निकली थी

रोडवेज वर्कशॉप से मिली जानकारी अनुसार बस बागेश्वर डिपो की थी। जो दिल्ली से सवारी लेकर धरमघर को निकली थी, लेकिन गुरुवार तड़के अल्मोड़ा मालरोड में बस खराब हो गई। जिसके बाद बस में सवार यात्रियों को अन्य बस के माध्यम से गतत्व को भेजा गया। जबकि खराब बस को खराब बस को सही करने के लिए वर्कशॉप लाया जा रहा है। इसी दौरान वहां हादसा हो गया।

### लोगों में दिखा आक्रोश

लोअर मालरोड स्थित अंतरराज्जीय बस अड्डे में हादसे की जानकारी मिलते ही भारी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। यहां पहुंचे वाल्मिकी समाज के लोगों ने उच्चाधिकारियों के नहीं मिलने पर आक्रोश जताया। नाराज लोगों ने दोषी चालक को पकड़कर कार्रवाई की मांग उठाई। बाद में पुलिस के समझाने के बाद लोग माने। इस दौरान वाल्मिकी कल्याणकारी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष एके सिंकदर पवार और देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री राजपाल पवार ने मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा राशि देने समेत चालक पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग उठाई।

घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई थी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद चालक फरार हो गया था। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।
**-जगदीश देऊपा,** कोतवाल अल्मोड़ा।

# स्वास्थ्य व्यवस्था पटरी से उतरी, मरीज परेशान

- दो सूत्रीय मांगों के निराकरण को आउटसोर्स कर्मी कार्य बहिष्कार पर रहे
- पूर्व दर्जा राज्य मंत्री ने भी धरना स्थल पर कार्मिकों को समर्थन दिया

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** सोबन सिंह जीना राजकीय आयुर्विज्ञान एवं शोध संस्थान मेडिकल कालेज के अधीन बेस अस्पताल में आउटसोर्स कर्मियों के कार्य बहिष्कार ने अस्पताल प्रशासन की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। कर्मचारियों की हड़ताल से बेस अस्पताल में पर्चा काउंटर से लेकर इमरजेंसी और भर्ती वार्डों में व्यवस्थाएं पटरी से उतर गई है। इससे मरीज परेशान हैं।

तीन माह के मानदेय भुगतान समेत पद सृजित करने की मांग को लेकर बेस अस्पताल में आउटसोर्स से तैनात 123 कर्मचारी सोमवार से हड़ताल पर हैं। नाराज कर्मचारी चौथे दिन गुरुवार को भी कार्य बहिष्कार पर रहे। अस्पताल परिसर में सरकार के विरुद्ध नारेबाजी की। मौके पर कर्मचारियों ने कहा कि अल्प वेतन में लंबे समय से कार्य कर रहे हैं। ऐसे में अब तीन माह से मानदेय का भुगतान नहीं हुआ है। जिससे उनकी आर्थिक स्थिति बिगड़ गई है। कहा कि बच्चों के स्कूल फीस से लेकर राशन पानी तक के लिए परेशानी से जुझ रहे है। चेतावनी दी कि शीघ्र उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं की गई तो मजबूरन आंदोलन को तेज करना पड़ेगा। इधर, पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कनार्टक ने धरना स्थल पहुंच कर्मचारियों के धरने को समर्थन दिया। कहा कि शीघ्र कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण किया जाए।



अल्मोड़ा बेस अस्पताल में मांगों के निराकरण को लेकर प्रदर्शन करते कार्मिक।



टनकपुर महाविद्यालय की समस्याएं सीएम पुष्कर सिंह धामी के सामने रखते छात्र।

### विद्यार्थी परिषद ने सीएम के सामने रखीं की समस्याएं

**टनकपुर :** राजकीय महाविद्यालय टनकपुर की समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओं के एक शिष्टमंडल ने देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। उन्होंने महाविद्यालय की समस्याओं के निस्तारण की मांग का ज्ञापन भी सीएम को सौंपा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता व छात्र नेता मनीष सिंह बिष्ट के नेतृत्व में शिष्टमंडल ने मुख्यमंत्री से राजकीय महाविद्यालय टनकपुर में सीटें बढ़ाने, महाविद्यालय को पीजी का दर्जा दिए जाने, महाविद्यालय में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर नए विषय सृजित किए जाने, प्राध्यापकों की नियुक्ति किए जाने की मांग को प्रमुखता के साथ उठाया। छात्र नेता मनीष सिंह बिष्ट ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शीघ्र ही इस संबंध में सकारात्मक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। ज्ञापन देने वालों में विद्यार्थी परिषद के पूर्व अध्यक्ष नितिन मंगला, परिषद के तहसील संयोजक समीर सिंह, पूर्व जिला सह संयोजक मयंक पंत, छात्र संघ सचिव नेहा महर, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, सौरभ पांडे आदि मौजूद रहे।

# टनकपुर-चम्पावत मार्ग 10 घंटे बंद रहा





टनकपुर-चम्पावत राष्ट्रीय राजमार्ग पर आए मलबे को हटाती जेसीबी व मार्ग खुलने के बाद आवाजाही करते वाहन। ● अमृत विचार

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** गुरुवार को टनकपुर चम्पावत राष्ट्रीय राजमार्ग जगह-जगह बंद होने से करीब 10 घंटे तक मार्ग बंद रहा जबकि बुधवार को यह मार्ग पूरे 12 घंटे तक बंद रहा। इस दौरान पर्वतीय और मैदानी क्षेत्र को आने जाने वाले यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ी है। वहीं दूसरी ओर पहाड़ों में हो रही लगातार भारी बरसात के कारण टनकपुर शारदा नदी का जलस्तर भी काफी बढ़ गया है। प्रशासन ने सुरक्षा को देखते हुए शारदा घाट क्षेत्र में रह रहे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की गई है।

जिला आपदा प्रबंधन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक गुरुवार को सुबह 5:30 बजे टनकपुर चम्पावत के कई स्थानों पर मलवा आ जाने से यह मार्ग बंद हो गया। अपराह्न बाद 3:30 बजे यह मार्ग खुलने के बाद ही वाहनों की आवाजाही शुरू हो पाई। जिससे प्रशासन और यात्रियों ने राहत की सांस ली। वही अभी भी जिले में लगभग डेढ़ दर्जन मार्ग अवरुद्ध हुए हैं। जिन्हें खोलने के प्रयास किया जा रहे हैं।

इधर पहाड़ों में हो रही बरसात से शारदा नदी का जलस्तर भी काफी बढ़ गया है। सुरक्षा की दृष्टि से घाट क्षेत्र में रह रहे लोगों को सुरक्षित स्थान पर जाने की अपील की जा रही है। डीएम नवनीत पांडेय के निर्देश पर एसडीएम आकाश जोशी ने इस क्षेत्र में रह रहे लोगों को टनकपुर के धर्मशाला व अन्य सुरक्षित स्थान पर जाने की अपील की गई है। बाकायदा इसके लिए ध्वनि प्रसारण से भी लोगों को अपील की जा रही है।

# रंगारंग कार्यक्रमों का आगाज

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** एसएसजे परिसर में तीन दिवसीय सुरम्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आगाज हो गया है। गुरुवार को परिसर के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर रंग जमा दिया। इस दौरान उत्तराखंड की संस्कृति को उजागर करती हुई झांकियों को भी प्रस्तुत किया गया।





एसएसजे परिसर अल्मोड़ा में लोक नृत्य की प्रस्तुति देती छात्राएं।

परिसर के ऑडोटोरियम में आयोजित सुरम्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ विवि कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट ने किया। उन्होंने कहा कि सुरम्य सांस्कृतिक समारोह का आयोजन होना सुखद है। विशिष्ट अतिथि निर्वतमान पालिकाध्यक्ष प्रकाश जोशी ने अल्मोड़ा नगर के सांस्कृतिक इतिहास और एसएसजे परिसर के कलाकारों को कला क्षेत्र में कार्य करने के लिए संदेश दिया। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने कुमाऊंनी, गढ़वाली, राजस्थानी, पंजाबी समेत विभिन्न लोक गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर दर्शक दीर्घा में बैठे छात्रों को झूमने में मजबूर कर दिया। इस दौरान परिसर निदेशक प्रो. प्रवीण सिंह बिष्ट, प्रो. जगत सिंह बिष्ट, छात्र महासंघ अध्यक्ष वरूण कपकोटी, छात्रसंघ अध्यक्ष राहुल धामी, उपाध्यक्ष युवम वोहरा, छात्रा उपाध्यक्ष दीक्षा सुयाल, अक्षत जोशी, गौरव सतवाल, हिमांशु रावत, अमित बिष्ट, संजू सिंह, लोकेश सुप्याल, नितिन रावत आदि मौजूद रहे।

### दिन में आबादी में पहुंचा सुअरों का झुंड, वीडियो वायरल

**बागेश्वर :** विकास खंड के जौलकांडे गांव में सुबह के समय सुअरों का आतंक बना हुआ है। ग्रामीणों ने इसका वीडियो बनाकर वायरल किया है तथा सरकार से इस ओर ध्यान देकर सुअरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है। उन्होंने इस वीडियो को जनप्रतिनिधियों को भेजकर किसानों को मुआवजे की भी मांग की है। बागेश्वर वन क्षेत्र में लंबे समय से जंगली सुअरों का आतंक बना हुआ है। इन दिनों सुबह व सायं सुअरों का झुंड गांव में दिख रहा है। उप प्रधान नैना लोहुमी ने बताया कि पिछले तीन सप्ताह से लगातार सुअरों का झुंड किसी न किसी किसान के खेतों को नुकसान पहुंचा रहा है जिनकी संख्या सात से आठ तक है। सुअरों द्वारा किसानों की वर्ष भर उगाई गई फसल को नष्ट कर दिया है। लौकी, कद्दू, ककड़ी समेत पिनालू, गडेरी की पौध को नुकसान पहुंचा चुके हैं।

# डिजिटल एक्सरे मशीन का उद्घाटन किया

संवाददाता, रानीखेत

**अमृत विचार :** क्षेत्र विधायक प्रमोद नैनवाल ने नागरिक चिकित्सालय में डिजिटल एक्सरे मशीन का विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि डिजिटल मशीन लगने से मरीजों को अब इसका सीधा लाभ मिलेगा।



उद्घाटन करते विधायक प्रमोद नैनवाल।

कहा कि मुख्यमंत्री धामी प्रदेश में चौमुखी विकास के लिए कार्य कर रहे हैं और जनहित योजनाओं को धरातल पर उतार रहे हैं। तत्पश्चात उन्होंने चिकित्सालय में भर्ती मरीजों से मुलाकात की और उनका हाल जाना। यहां आयोजित बैठक में विभिन्न समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल, चिकित्सालय अधीक्षक संदीप दीक्षित, भाजपा नगर अध्यक्ष मनीष चौधरी, हर्षवर्धन पंत, रामेश्वर गोयल, विमल भट्ट, राम सिंह, हरीश पांडे, ललित भगत, हेमंत मेहरा सहित चिकित्सक मौजूद थे।

### मिट्टी व मलबा हटाने को श्रमिकों की तैनाती की मांग उठाई

**टनकपुर :** पिछले दिनों क्षेत्र में हुई भारी बरसात से नगर के कई वार्डों में मिट्टी व मलबा आने से लोगों को खासी परेशानी झेलनी पड़ी है। वहीं नगर पालिका द्वारा सफाई कर्मियों को मलबा हटाने के कार्य में लगाने से लोगों ने आपत्ति करते हुए इस कार्य में अतिरिक्त श्रमिक लगाने की मांग उठाई है जिससे सफाई व्यवस्था प्रभावित न हो सके। जिये पहाड़ समिति के जिला समन्वयक अनिल चौधरी पिंकी के नेतृत्व में गुरुवार को क्षेत्र के लोगों ने तहसील पहुंचकर एसडीएम आकाश जोशी के माध्यम से डीएम के नाम संबोधित ज्ञापन दिया। ज्ञापन से मलबे को हटाने के लिए प्रशासन से अतिरिक्त वर्षा कल तक 20 श्रमिकों की तैनाती करने की मांग उठाई है, जिससे सफाई व्यवस्था भी सुचारू ढंग से चल सके। ज्ञापन देने वालों में चर्चित शर्मा, गोलू साहनी, श्याम कुमार, करन सिंह, चन्द्र मोहन मेवाड़ी, आसिफ खान, अर्श अंसारी, मोहन सिंह, सुभाष राजपूत आदि मौजूद रहे।



टनकपुर में एसडीएम आकाश जोशी को ज्ञापन देते जिये पहाड़ समिति कार्यकर्ता।

### एंबुलेंस में खराबी से सेवा चरमराई

**टनकपुर :** टनकपुर की आपातकालीन सेवा 108 के पहिए जाम होने से मरीजों को एंबुलेंस का लाभ नहीं मिल पा रहा है। खराबी के चलते 14 दिन से एंबुलेंस सेवा से बाहर चल रही है।

इधर 10 दिनों से खराब लोहाघाट की 108 सेवा में आई तकनीकि खराबी अभी भी दूर नहीं हो सकी है। वर्तमान में जनपद में टनकपुर, चम्पावत, लोहाघाट, पाटी, बाराकोट, रीठासाहिब, किमतोली आदि स्थानों में दस 108 एंबुलेंस अपनी सेवाएं दे रहे हैं। जिनमें से टनकपुर और लोहाघाट की एबुंलेंस तकनीकि खराबी के कारण खड़ी हो गई हैं। इससे गंभीर मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में दिक्कत हो रही है।

# नंदादेवी मेले की तैयारियां तेज

- मेला समिति की बैठक में कार्यक्रमों को लेकर हुई चर्चा

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** सांस्कृतिक नगरी में नंदादेवी मेले को लेकर तैयारियों तेज हो गई है। गुरुवार को मेले की तैयारियों को लेकर समिति की बैठक हुई। बैठक में मेले में होने वाले कार्यक्रमों के लिए सुझाव व प्रस्ताव मांगे गए। साथ ही कमेटियों का भी गठन किया गया। नौ सितम्बर को वृक्षों को निमंत्रण दिए जाने पर भी चर्चा की गई।



अल्मोड़ा में नंदादेवी मेले के आयोजन को लेकर समिति की बैठक में मौजूद लोग।

मंदिर के गीता भवन में आयोजित बैठक में पदाधिकारियों ने कहा कि सात सितम्बर से मेला शुरू होगा। नौ सितम्बर को वृक्षों को निमंत्रण दिया जाएगा। मेले को भव्य और यादगार बनाने का प्रयास किया जाएगा। कहा कि नंदा देवी मेले में काफी संख्या में दूर-दूर से श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। दर्शन को आने वाले श्रद्धालुओं का भी ख्याल रखना होगा। ताकि उन्हें परेशानियों का सामना ना करना पड़े। अध्यक्ष मनोज वर्मा ने कहा मेले में लगने वाले दुकानदारों को भी सहयोग किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम व प्रतियोगिताओं को शानदार बनाने के लिए कार्य करना होगा।

### इनको दी गई जिम्मेदारी

मेला संचालन समिति में कैलाश गुरुरानी, त्रिलोचन जोशी, संजय साह, मनीष जोशी, राजेंद्र बिष्ट, धनंजय साह, दीपक पांडे, अर्जुन बिष्ट, जगत तिवारी, मनोज भंडारी, कदली वृक्ष आमंत्रित समिति में अमित शाह मोनू, मनोज जोशी, अनूप साह, नरेंद्र वर्मा, हरीश भंडारी, मूर्ति निर्माण समिति में रवि गोयल, सीपी वर्मा, दीपक जोशी आदि नियुक्त किए गए।

# इंग्लैंड ने 4.2 ओवर में सबसे तेज अर्धशतक का रिकॉर्ड बनाया

नॉटिंघम, एजेंसी

इंग्लैंड ने अपना आक्रामक रवैया जारी रखते हुए गुरुवार को यहां दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन वेस्टइंडीज के खिलाफ सिर्फ 4.2 ओवर में सबसे तेज टीम अर्धशतक का रिकॉर्ड बनाया।

सलामी बल्लेबाज बेन डकेट और ओली पोप ने मिलकर इंग्लैंड ने 1994 में द ओवल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 4.3 ओवर में अर्धशतक के अपने ही रिकॉर्ड में सुधार किया। सबसे तेज टीम अर्धशतक की सूची में पहले तीन स्थान पर इंग्लैंड काबिज है। ओली पोप के शतक की बदौलत दूसरे टेस्ट में वेस्टइंडीज के खिलाफ चाय तक चार विकेट पर 259 रन बना लिए। चाय ब्रेक तक पोप 115 रन और बेन स्टोक्स 15 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर इंग्लैंड को बल्लेबाजी का न्योता दिया। जाक क्राउले खाता भी नहीं खोल सके और अल्जारी जोसफ का शिकार हो गये। फिर पोप और बेन डकेट (71 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 105 रन की शतकीय साझेदारी निभाई। शमार जोसफ ने डकेट को आउट कर इंग्लैंड को दूसरा झटका दिया। जो रूट (14) ज्यादा देर तक क्रीज पर नहीं टिक सके जबकि हैरी ब्रुक ने 36 रन की पारी खेली। पोप ने 143 गेंद में 14 चौके और एक छक्के की मदद से अपना शतक पूरा किया।

● वेस्टइंडीज के खिलाफ ओली पोप का शतक, इंग्लैंड ने चाय तक चार विकेट पर बनाए 259 रन



# भारत फीफा रैंकिंग में 124वें स्थान पर, अर्जेंटीना ने शीर्ष पर

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय फुटबॉल टीम गुरुवार को जारी फीफा पुरुष रैंकिंग में 124वें स्थान पर बरकरार है जबकि मौजूदा विश्व चैंपियन और कोपा अमेरिका विजेता अर्जेंटीना ने अपना शीर्ष स्थान मजबूत किया। जून में जारी फीफा रैंकिंग में भारतीय पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम सूची में तीन पायदान खिसक गई थी। ऐसा उसके कतर और अफगानिस्तान से 2026 विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर के लिए क्वालीफाई करने में विफल होने के कारण हुआ था।

पिछले साल दिसंबर से भारत का रैंकिंग में खिसकना जारी है। भारतीय टीम पिछले साल शीर्ष 100 में पहुंची थी जिसमें उसकी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 99 रही थी, लेकिन इसके बाद से उसका खिसकना जारी है। एशिया में भारत 22वें स्थान पर बरकरार है जिसमें वह लेबनान, फलस्तीन और वियतनाम से पीछे है। अर्जेंटीना ने सफलतापूर्वक कोपा अमेरिका खिताब बरकरार रखने के बाद रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पकड़ मजबूत कर ली है।

फ्रांस (दूसरी रैंकिंग) यूरो 2024 के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद दूसरे स्थान पर है। हाल में यूरोपीय चैंपियन बनी स्पेन पांच पायदान के फायदे से तीसरी रैंकिंग पर पहुंची। वहीं उससे हारने वाली इंग्लैंड एक पायदान ऊपर चौथे स्थान पर पहुंच गयी और उसने ब्राजील को पछाड़ दिया जो एक पायदान खिसककर पांचवें स्थान पर पहुंची। बेल्जियम रैंकिंग में छठे, नीदरलैंड सातवें, पुर्तगाल आठवें और कोलंबिया नौंवे स्थान पर काबिज हैं।

# परिवार और गांव का अधूरा सपना सच करेंगे गाजीपुर के राजकुमार

नई दिल्ली, एजेंसी

करीब तीन हजार की आबादी वाले करमपुर गांव से हॉकी स्टिक थामकर सैकड़ों लड़कों ने ओलंपिक खेलने का सपना देखा लेकिन इसे पूरा करने का मौका सिर्फ राजकुमार पाल को मिला है और 'गाजीपुर के राजकुमार' के नाम से मशहूर मिडफील्डर की ख्वाहिश पेरिस में अच्छा प्रदर्शन करके हर एक अधूरे सपने को पूरा करने की है।

वाराणसी से करीब 40 किलोमीटर दूर गाजीपुर के गांव करमपुर के मेघबरन स्टेडियम पर हॉकी का ककहरा सीखने वाले बच्चों के प्रेरणास्रोत बन गए हैं राजकुमार। एक ऐसा गांव जहां से 400 से अधिक लड़कों को हॉकी के जरिए रोजगार तो मिला लेकिन भारत की नुमाइंदगी का मौका नहीं। इनमें राजकुमार के दोनों भाई जोखन और राजू भी शामिल हैं जो देश के लिये नहीं खेल पाए। राजकुमार ने अपने पहले ओलंपिक के लिए रवाना होने से पहले कहा हम तीनों भाई हॉकी खेलते हैं। बीच वाले भाई भारतीय टीम के शिविर में रह चुके हैं और बड़े भाई राष्ट्रीय स्तर पर खेले हैं। दोनों भारत के लिए नहीं खेल सके और अब एक रेलवे से और एक सेना से खेलते हैं। अभावों के बीच अपने कोच तेज बहादुर सिंह की मदद से हॉकी के शौक को परवान चढाने वाले 26 वर्ष के इस मिडफील्डर ने कहा मेरे गांव के मैदान से 400 से ज्यादा लड़कों को हॉकी के जरिये नौकरी मिल गई लेकिन इस स्तर पर कोई नहीं खेला। मेरे गांव के लोगों की नजरें मुझ पर है और मैं अपने भाइयों और उन सभी के अधूरे सपने पूरे करने के लिए पेरिस में कोई कोर कसर नहीं छोड़ूंगा।

10 वर्ष की उम्र में करमपुर के मेघबरन स्टेडियम से हॉकी के अपने सफर की शुरूआत करने वाले राजकुमार ने 2018 में बेल्जियम में पांच देशों के अंडर 23 टूर्नामेंट में खेला और 2020 में भारतीय टीम में पदार्पण किया।



● करमपुर के मेघबरन स्टेडियम पर हॉकी का ककहरा सीखकर ओलंपिक तक पहुंचना था सपना

## खेल डायरी

### विश्व जूनियर में अगुआई करेंगे बावा और अनाहत

**नई दिल्ली।** शौर्य बावा और अनाहत सिंह ह्यूस्टन में विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप में क्रमश: लड़कों और लड़कियों की टीम स्पर्धाओं में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। बावा ने एकल में कांस्य पदक जीता था, वह युवराज वाधवानी, अयान वाजिराल्ली और अरिहंत केएस के साथ गुरुवार से शुरू होने वाली लड़कों की स्पर्धा में हिस्सा लेंगे। एकल में क्वार्टरफाइनल तक पहुंची राष्ट्रीय चैंपियन अनाहत फिर महिलाओं की टीम स्पर्धा में उन्नति त्रिपाठी, निरुपमा दुबे और शमीना रियाज के साथ मिलकर चुनौती पेश करेंगी। भारतीय लड़कों का सामना पहले दौर में कुवैत से होगा जबकि लड़कियां पहले दौर में चीनी ताइपे से भिड़ेंगी।

### विश्व सुपरबाइक चैंपियनशिप में पहले भारतीय क्विंटल

**चेन्नई।** राइडर केविन क्विंटल विश्व एसबीके एसएसपी300 प्रतियोगिता में ऐतिहासिक पदार्पण करने को तैयार हैं जिससे वह विश्व सुपरबाइक चैंपियनशिप में भाग लेने वाले पहले भारतीय राइडर बन जाएंगे। आयरिश टीम 109 रेट्रो ट्रैफिक कावासाकी और इसकी प्रबंधन कंपनी गामन रेसिंग ग्लोबल सर्विस ने क्विंटल को यह मौका मुहैया कराया जिससे उनकी एसएसपी प्रतियोगिता में चौथे दौर के लिए प्रविष्टि स्वीकार ली गयी। यह एसएसपी स्पर्धा शुक्रवार को चेक गणराज्य के मोस्ट में शुरू होगी। चेन्नई के 19 साल के स्टार क्विंटल आयरलैंड की टीम के मुख्य राइडर स्पेन के डेनियल मोगेडा की जगह लेंगे जिन्हें सुपरस्पोर्ट 300 क्लास के बाद एक दुर्घटना में चोट लग गई थी। इसके बाद ही आयरिश टीम ने भारतीय राइडर को शामिल किया। क्विंटल इस समय यूरोपीय स्टॉक चैम्पियनशिप और एशिया रोड रेसिंग चैम्पियनशिप में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

### एचसीएल साइक्लोथॉन का दूसरा संस्करण अक्टूबर में

**चेन्नई।** एचसीएल साइक्लोथॉन का दूसरा संस्करण छह अक्टूबर को यहां आयोजित किया जाएगा। एचसीएल समूह ने गुरुवार को साइक्लोथॉन चेन्नई 2024 के दूसरे संस्करण के शुभारंभ की घोषणा की। नोएडा में दो सफल संस्करणों और चेन्नई में 5000 से अधिक साइकिल चालकों की भागीदारी के बाद, एचसीएल साइक्लोथॉन चेन्नई के ईसीआर पर छह अक्टूबर से शुरू होगा। तमिलनाडु के खेल विकास प्राधिकरण (एसडीएटी) द्वारा संचालित और भारतीय साइकिलिंग महासंघ के तत्वावधान में इस आयोजन में 33 लाख रुपये का पुरस्कार पूल है। पंजीकरण 22 सितंबर तक खुले हैं। तमिलनाडु के खेल विकास प्राधिकरण के सदस्य सचिव मेघनाथ रेड्डी ने गुरुवार को कहा कि इस संस्करण का विषय चेंज योर गियर है, जो साइकिल चलाने की शक्ति और व्यक्तिगत कल्याण और पर्यावरणीय स्थिरता पर इसके सकारात्मक प्रभाव पर जोर देता है।

### शिखर धवन बने मोटोजीपी के ब्रांड एंबेसडर

**मुंबई।** यूरोस्पोर्ट इंडिया ने भारत में मोटोजीपी के लिए ब्रांड एंबेसडर के रूप में भारतीय क्रिकेट आइकन शिखर धवन की नियुक्ति की आज घोषणा की। धवन यूरोस्पोर्ट इंडिया के अभियान फेस कर रेस कर के जरिए रेसिंग के प्रति अपने जुनून का प्रदर्शन करेंगे। धवन ने कहा प्रतिष्ठित मोटोजीपी के साथ इसके भारत के राजदूत के रूप में साझेदारी करना मेरे लिए सम्मान की बात है। भारत में मोटोजीपी को लेकर बढ़ता उत्साह वास्तव में रोमांचकारी है, और यह मेरे लिए एक पूर्ण-चक्र क्षण जैसा है, खासकर जब मैं अपने गृहनगर, दिल्ली की सड़कों पर अपनी पसंदीदा बाइक की सवारी करने के अपने दिनों को याद करते हुए सोचता हूं। इस जीवंत शहर में जन्मे और पले-बढ़े एक क्रिकेटर के रूप में मेरी यात्रा यूरोस्पोर्ट इंडिया के माध्यम से इस नई भूमिका के साथ एक व्यक्तिगत संबंध जोड़ेगी। 2024 मोटोजीपी सीजन में अब तक नौ रेस हो चुकी हैं।

# स्वर्ण के लिए सर्वश्रेष्ठ करूंगी : सिंधू

## अपने तीसरे ओलंपिक में अतीत के अनुभव का फायदा उठाएंगी बैडमिंटन खिलाड़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने कहा कि वह पेरिस में तीसरा व्यक्तिगत ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगी जिसके लिए वह अतीत के अनुभव से फायदा उठाना चाहेंगी।

सिंधू की निगाहें आगामी ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने पर लगी हैं जिससे वह इतिहास रच सकती हैं क्योंकि उन्होंने 2016 रियो ओलंपिक में रजत और 2020 तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। जियो सिनेमा के द ड्रीमर्स पर बातचीत के दौरान सिंधू ने पेरिस में इतिहास रचने पर ध्यान लगाने के बारे में बात की। हालांकि इस भारतीय स्टार के लिए यह काफी मुश्किल होगा। सिंधू ने कहा पेरिस में तीसरा पदक जीतने के बारे में सोचने की बात निश्चित रूप से मुझे प्रेरित करती है और मैं स्वर्ण पदक जीतने के लिए अथक प्रयास करूंगी। मेरे लिए ओलंपिक ऐसे खेल हैं जिसमें मैं अपना 200 प्रतिशत देती हूं। उन्होंने कहा यह यात्रा 2016 में और 2020 में शानदार रही है जिसमें काफी अथक प्रयास रहे और ऐसे पल रहे जिन्हें भुलाया नहीं जा सकता। पेरिस 2024 के लिए तैयारी नई शुरूआत है और कुछ भी हो, मुझे अपना शत प्रतिशत देना होगा। विश्व रैंकिंग की शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल सिंधू ने कहा ओलंपिक में पिछले प्रदर्शन का काफी अनुभव मेरे पास है जिससे मैं पेरिस 2024 में मदद लूंगी लेकिन मैं पदकों के बारे में सोच सोचकर अतिआत्मविश्वासी नहीं होना चाहती।

उन्होंने कहा मुझे उम्मीद है कि मैं देश की उम्मीदों को पूरा कर सकती हूं और तीसरा पदक जीत सकती हूं क्योंकि लगातार तीन पदक जीतना हंसी मजाक का खेल नहीं है। मेरी सोच स्वर्ण पदक जीतने पर लगी है जिससे मेरा मनोबल बढ़ा हुआ है। सिंधू ने 26 जुलाई से 11 अगस्त तक चलने वाले ओलंपिक की तैयारियों के बारे में लंबी बातचीत की।

उन्होंने कहा मेरे तैयारियां कड़ी मेहनत करने पर लगी हैं। ओलंपिक में काफी कड़ी प्रतिस्पर्धा होती है और सभी खिलाड़ी अपने शिखर पर होते हैं। दुनिया की शीर्ष 10 से 15 खिलाड़ियों का स्तर समान ही होता है जिसमें आन से यंग, अकाने यामागुची, कैरोलिना मारिन और ताई जु यिंग शामिल हैं। सिंधू ने कहा ओलंपिक में कोई भी अंक आराम से नहीं मिलता जिससे हर अंक के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा होती है। ओलंपिक में कुछ भी हो सकता है, एक छोटी सी गलती सबकुछ बदल सकती है।



# तैराक श्रीहरि नटराज की नजरें ओलंपिक सेमीफाइनल पर

नई दिल्ली, एजेंसी

ओलंपिक 7 दिन शेष



पिछले साल राष्ट्रीय खेलों में आठ स्वर्ण समेत दस पदक जीतने वाले भारतीय तैराक श्रीहरि नटराज 2017 से लगातार खेल रहे हैं और कड़े अभ्यास से थककर आखिर उन्हें कुछ समय का ब्रेक लेना पड़ा।

नटराज ने कहा मुझे आराम की जरूरत थी क्योंकि 2023 सत्र काफी व्यस्त था जिसमें इतने सारे टूर्नामेंट थे। मुझे लगा कि अगर ब्रेक नहीं लिया तो शरीर टूट जाएगा। इससे चोट का भी डर रहता या अभ्यास की इच्छा ही मर जाती। शरीर पर काफी दबाव था लिहाजा मैने कुछ समय का ब्रेक ले लिया। ब्रेक के बाद तरोताजा होकर 23 बरस के नटराज दूसरा ओलंपिक खेलने को तैयार हैं जिसमें वह सौ मीटर बैकस्ट्रोक में भाग लेंगे। यूनिवर्सिलिटी कोटा से ओलंपिक जा रहे नटराज ने तोक्यो ओलंपिक के लिये सरधे क्वालीफाई किया था। यूनिवर्सिलिटी कोटा के तहत जिस देश के तैराक सीधे क्वालीफाई नहीं कर सके हों, उनके सर्वोच्च रैंकिंग वाले दो तैराकों को ओलंपिक खेलने का मौका मिलता है। यह निराशाजनक था कि मैं सीधे क्वालीफाई नहीं कर सका लेकिन इसे लेकर चिंतित नहीं हूं। मुझे कोटा मिल गया है और अब या तो मैं अपने अभ्यास पर फोकस कर सकता हूं या इसका दुख मना सकता हूं कि मुझे सीधे क्वालीफिकेशन नहीं मिला। ब्रेक से लौटने के बाद उन्होंने स्पेन और फ्रांस में मेयर नोस्ट्रम मीट में दो रजत पदक जीते।

# हमारे पास अगले ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की हैं योजनाएं : मनिंदर



**चेन्नई।** भारतीय साइकिलिंग महासंघ (सीएफआई) के महासचिव मनिंदर पाल सिंह ने गुरुवार को कहा कि कोविड -19 महामारी ने भारतीय खिलाड़ियों के पेरिस ओलंपिक में भाग लेने की उम्मीदों पर पानी फेर दिया, लेकिन उनके पास 2028 लॉस एंजिल्स खेलों के लिए योजनाएं है। भारत ने एशियाई खेलों में साइकिलिंग में तीन पदक जीते हैं लेकिन अभी तक ओलंपिक में किसी खिलाड़ी को प्रतिनिधित्व नहीं मिला है। मनिंदर कहा कि साइकिलिंग में ओलंपिक क्वालीफिकेशन दूसरे खेलों से काफी अलग है। हम अगले ओलंपिक (लॉस एंजिल्स में) में जगह बनाने की राह पर हैं। हमारी योजनाएं सही हैं और हम पहली बार क्वालीफाई करने को लेकर आशान्वित और आश्वस्त हैं।

# उद्घाटन समारोह से पहले सीन नदी को किया सील

**पेरिस।** सीन नदी के किनारे ओलंपिक आतंकवादी विरोधी इंतजामों की शुरुआत के साथ गुरुवार को मध्य पेरिस में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू कर दी गई जिसके चलते पहले से पास के लिए आवेदन नहीं करने वाले पेरिसवासियों और पर्यटकों के लिए कई किलोमीटर लंबा क्षेत्र सील कर दिया गया। कई लोगों की जुबान पर क्यूआर कोड शब्द थे।

यह वह पास है जो 26 जुलाई को होने वाले ओलंपिक खेलों के उद्घाटन समारोह की सुरक्षा के लिए स्थापित सुरक्षा घेरे में लगाए गए धातु अवरोधों के पार जाने की स्वीकृति देता है। जिन लोगों के पास फोन पर या कागज के टुकड़ों पर यह कीमती कोड था वे धातु अवरोधों के बीच विभिन्न अंतराल पर बनी पुलिस चौकियों से आसानी से गुजर गए। अपवाद के रूप में पेरिस ने पिछले मेजबान शहरों की तरह स्टेडियम के बजाय नदी पर उद्घाटन समारोह करने का फैसला किया है। बाद में नदी के आस-पास अधिकांश सुरक्षा उपाय हटा दिए जाएंगे।

# सूर्या होंगे श्रीलंका दौरे में टी-20 टीम के नए कप्तान, शुभमन बने उपकप्तान

मुबंई, एजेंसी



श्रीलंका के दौरे के लिए भारतीय टीम का ऐलान गुरुवार को कर दिया है। भारत की टी-20 टीम की कमान सूर्य कुमार यादव को सौंपी है जबकि वनडे टीम की कप्तानी रोहित शर्मा के पास ही रहेगी। भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने विज्ञप्ति के जरिए यह जानकारी साझा की। भारतीय टीम श्रीलंका दौरे में तीन टी20 और तीन एक दिवसीय मैच खेलेगी। गौतम गंभीर को टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है।

कप्तान की रेस में हार्दिक पांड्या और सूर्य कुमार यादव का नाम आगे चल रहा था जिसमें सूर्य कुमार को नए कोच गौतम गंभीर की पसंद माना जा रहा था। शाह ने बताया कि टी-20 टीम के उपकप्तान शुभमन गिल होंगे। टीम के अन्य सदस्यों में यशस्वी जायसवाल, रिंकू सिंह, रियान पराग, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), हार्दिक, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, अर्शदीप, खलील अहमद और सिराज शामिल हैं। एक दिवसीय टीम में भी उपकप्तान की भूमिका में शुभमन गिल होंगे। टीम के अन्य सदस्यों में विराट, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ (विकेटकीपर), श्रेयस, शिवम दुबे, कुलदीप, सिराज, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, रियान पराग, अक्षर पटेल, खलील अहमद और हर्षित राणा को शामिल है। शाह ने कहा कि आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र, 2024-25 में खिलाड़ियों की उपलब्धता और भागीदारी पर नजर रखना जारी रखेगा।

## बॉलीवुड हलचल



# रेस 4 में काम करेंगे सलमान और सैफ

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान और सैफ अली खान रेस 4 में काम करते नजर आ सकते हैं। रेस एक एक्शन-क्राइम थ्रिलर फिल्म है। इसके अभी तक 3 पार्ट आ चुके हैं। फिल्म के पहले दो पार्ट में सैफ अली खान ने लीड रोल निभाया था और रेस 3 में सलमान खान नजर आए थे। अब इसके चौथे पार्ट यानी रेस 4 पर काम किया जा रहा है। कुछ दिनों पहले फिल्म के निर्माता रमेश तौरानी ने रेस 4 की शूटिंग और अन्य जानकारी शेयर की थी। कहा जा रहा है कि रेस 4 में सलमान खान और सैफ अली खान नजर आ सकते हैं। दोनों कलाकार इस फिल्म में एक साथ काम करने के लिए तैयार हैं, लेकिन अभी उन्होंने स्क्रिप्ट पर मंजूरी नहीं दी है। यदि इस फिल्म में दोनों एक्टर्स ऑफिशियल तौर पर काम करने के लिए तैयार हो जाते हैं तो ऐसा पहली बार होगा जब बॉलीवुड के ये दोनों सितारे रेस फ्रेंचाइजी में साथ दिखाई देंगे। निखिल आडवाणी रेस 4 को निर्देशित करेंगे।

# आसान नहीं है दर्शकों को हंसाना: विक्की कौशल

**लखनऊ।** उरी : द सर्जिकल स्ट्राइक, मसान और सैम बहादुर जैसी सुपरहिट फिल्मों में अपने किरदार का लोहा मनमाने वाले बालीवुड स्टार विक्की कौशल का मानना है कि अपने अभिनय से दर्शकों को हंसाना और गुदगुदाना आसान काम नहीं है। अपनी अगली फिल्म 'बैड न्यूज' के प्रमोशन के सिलसिले में नवाब नगरी पहुंचे विक्की ने गुरुवार को यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा अभी तक जितनी भी फिल्में की हैं, उनसे 'बैड न्यूज' काफी अलग है, क्योंकि इसमें मुझे कॉमेडी करने का मौका मिला है। हालांकि कॉमेडी करना इतना आसान नहीं होता है, लेकिन मैंने इसे स्वीकार करते हुए अपने आपको थोड़ा चेंज करने की कोशिश की है। विक्की पिछले साल सैम बहादुर फिल्म में नजर आये थे। इस फिल्म में उनके अभिनय की खूब तारीफ हुयी थी। विक्की ने साल 2015 में फिल्म 'मसान' से बतौर लीड एक्टर बॉलीवुड डेब्यू किया था। उनके फिल्मी करियर को नौ साल हो गए हैं। इस दौरान उन्होंने 10 फिल्में दी हैं जिनमें तीन हिट और एक ब्लॉकबस्टर फिल्म रही है। आनंद तिवारी के निर्देशन में बनी बैड न्यूज में विक्की के साथ एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी और एमि विर्क लीड रोल्स में है।

महिला एशिया कप

पहला मुकाबला आज शाम 7 बजे से, आठ टीमें खिताब के लिए करेंगी प्रतिभा का प्रदर्शन

# पाकिस्तान के खिलाफ जीतने उतरेगा भारत

दांबुला, एजेंसी

कप्तान हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में भारतीय महिला टीम शुक्रवार को अपने चिरप्रतिद्वंदी पाकिस्तान को हरा कर अपने महिला एशिया कप 2024 अभियान का आगाज करेगी। महिला एशिया कप 2024 के बहुप्रतीक्षित मुकाबला टूर्नामेंट के पहले दिन ही दांबुला में खेला जाएगा। ग्रुप ए में भारत के अलावा पाकिस्तान, यूएई, नेपाल की टीमें शामिल है जबकि ग्रुप बी में मेजबान श्रीलंका के अलावा बांग्लादेश, मलेशिया और थाईलैंड की टीमें रखी गई हैं। दोनो टीमों के बीच मुकाबला भारतीय समयानुसार आज शाम 7 बजे से शुरु होगा।

आंकड़ों के लिहाज से भारतीय टीम पाकिस्तान की तुलना में काफी भारी है। एशिया कप में भी भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ छह में से मैच जीते हैं, हालांकि भारत को पाकिस्तान के खिलाफ हार भी पिछले एशिया कप के दौरान ही मिली थी। अब तक दोनों टीमों के बीच 14 मैच खेले गए हैं, जिसमें भारत को 11 में जीत मिली है। टी-20 विश्व कप 2016 में दिल्ली में खेले गए मैच में भारत को पाकिस्तान से दो रनों के अंतर से हार का सामना करना पड़ा था। यह उन तीन मैचों में से एक मैच था जब भारत को पाकिस्तान के हाथों हार झेलनी पड़ी थी। यह इकलौता ऐसा मैच भी जो इन दोनों टीमों ने एक दूसरे के देश में अब तक खेला है। स्मृति मांधना और शेफाली वर्मा के रूप में भारत के पास एक विध्वंसक सलामी जोड़ी है। मांधना ने टी20 में 28.13 की औसत और 121.83 के स्ट्राइक रेट से 3320 रन बनाए हैं। जबकि शेफाली ने 129.48 के स्ट्राइक रेट और 24.27 की औसत से 1748 रन बनाए हैं। भारत पर अगर पाकिस्तान को दबाव बनाना है तो उसे इन दोनों को ही जल्दी पवेलियन भेजना होगा।

पाकिस्तान के लिए सबसे अहम खिलाड़ी खुद उनकी कप्तान निदा डार साबित हो सकती हैं। हरफनमौला डार गेंदबाजी के दौरान अधिकांश समय विकेट निकाल पाने में सफल होती हैं और अपनी टीम के लिए प्रायः उपयोगी रन भी बनाती हैं। सिदरा अमीन इस समय क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में बेहतरीन लय में हैं। उन्होंने अपनी पिछली आठ टी20 पारियों में 205 रन बनाए हैं। हरमनप्रीत कौर की टीम ने पिछले एक साल में 17 टी-20 मुकाबले खेले हैं जिनमे से दस में उनके हाथ जीत लगी है जबकि पांच में उसे हार का सामना करना पड़ा है।




महिला एशिया कप 2024 के आगाज से पहले प्रेसवार्ता में पहुंचीं सभी टीमों की कप्तान। ● एजेंसी


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

## एक नजर

### नेपाल का भविष्य उज्ज्वल है: प्रधानमंत्री ओली

**काठमांडू।** नेपाल के नवनियुक्त प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली ने गुरुवार को कहा कि देश का भविष्य उज्ज्वल है, लेकिन लगातार राजनीतिक उथल-पुथल के बीच इसके वर्तमान परिदृश्य को बदलने की जरूरत है। द राइजिंग नेपाल अखबार के अनुसार, चौथी बार नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में सोमवार को शपथ लेने वाले ओली ने कहा कि देश का वर्तमान परिदृश्य अच्छा नहीं है। नेपाल को लगातार राजनीतिक उथल-पुथल का सामना करना पड़ा है क्योंकि गणतंत्र लागू होने के बाद पिछले 16 वर्षों में देश ने 14 सरकारें देखी हैं।

### राफा क्रॉसिंग को फिर से खोलने का प्रस्ताव खारिज

**रामल्लाह।** फिलिस्तीन ने इजरायल की वापसी के बिना राफा क्रॉसिंग को फिर से खोलने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। आधिकारिक सूत्र ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्र के अनुसार पिछले सप्ताह मिस्र और गाजा पट्टी के बीच राफा सीमा क्रॉसिंग के संचालन की संभावना का पता लगाने के लिए फिलिस्तीन, अमेरिका और इजरायल के प्रतिनिधियों की एक बैठक आयोजित की गई थी।

### फ्रांस में आग दुर्घटना में सात लोगों की मौत

**पेरिस।** फ्रांस के नीस शहर में बुधवार रात लगी आग में सात लोगों की मौत हो गयी, जिसमें तीन बच्चे भी शामिल हैं। फ्रांस के गृह मंत्री गेराल्ड डर्मेनिन ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर कहा, अग्निशमन विभाग की तत्काल कार्रवाई से कई और लोगों को हताहत होने से बचाया जा सकता था। उन्होंने कहा कि आग लगने के पीछे के कारणों की जांच जारी है। आग बुझाने में कुल 25 दमकल गाड़ियां और 72 दमकलकर्मी शामिल थे।

### दक्षिणी म्यांमार में बाढ़ के कारण 19 स्कूल बंद

**यांगून।** म्यांमार में दक्षिण के बागो क्षेत्र में स्थित पांडुंग टाउनशिप के 19 स्कूलों को अयेयारवाडी नदी के बढ़ते जलस्तर के कारण बंद कर दिया गया है। सरकारी अखबार म्यांमार एलिन डेली ने गुरुवार को यह जानकारी दी। अखबार की रिपोर्ट में कहा गया है कि पांडुंग टाउनशिप में हाई स्कूल, मिडिल स्कूल और प्राइमरी स्कूल समेत 160 स्कूल हैं। निचले इलाकों के 19 स्कूलों को 16 जुलाई से नदी में आयी बाढ़ के कारण अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है।

### यूक्रेन की सेना रूस के हमले के बाद पीछे हटी

**कीव।** यूक्रेन की सेना पूर्वी दोनोत्सक क्षेत्र के उरोझाइन गांव से पीछे हट गई है और उसने एक अन्य अग्रिम मोर्चे पर भी आत्मसमर्पण कर दिया है। वहीं दूसरी ओर रूस की सेना लगातार हमले कर यूक्रेन की सुरक्षा दीवार को ध्वस्त कर रही है। स्थानीय स्तर पर लड़ रही थल सेना के प्रवक्ता नजर वोलोशिन ने एसोसिएटेड प्रेस को एक लिखित संदेश में बताया कि गांव मलबे में तब्दील हो गया है, जिससे वहां मोर्चे पर डटे रहना असंभव हो गया है। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि सेना कब पीछे हटी। रूस ने फरवरी 2022 में युद्ध के शुरुआती दिनों में उरोझाइन पर कब्जा कर लिया था।

## बाइडन फिर कोविड-19 से हुए संक्रमित : व्हाइट हाउस

मिलवाउकी, एजेंसी



• लास वेगास में उनका एक महत्वपूर्ण प्रचार अभियान बीमारी के कारण बाधित हो गया

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन एक बार फिर कोविड-19 से संक्रमित हो गए हैं। व्हाइट हाउस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। इसके साथ, राष्ट्रपति चुनाव प्रचार के महत्वपूर्ण मोड़ पर उन्हें अपना अभियान रोकना पड़ा है। बाइडन (81) ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, मैं बीमार हूं। बाइडन बुधवार को कोविड-19 से संक्रमित हो गए, जिसके कारण लास वेगास में उनका एक महत्वपूर्ण प्रचार अभियान बाधित हो गया।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन-पियरे ने एक बयान में कहा, उन्हें कोविड-19 रोधी टीका लगा हुआ है और उन्होंने बूस्टर डोज भी ले रखी है। उनमें हल्के लक्षण नजर आ रहे हैं। बाइडन अपने आवास डेलावेयर लौट आये हैं, जहां वह एकांतवास में रहेंगे। हालांकि, इस दौरान वह अपने सभी दायित्वों का निर्वहन करेंगे। प्रेस सचिव ने कहा कि व्हाइट हाउस राष्ट्रपति की स्थिति के बारे में नियमित जानकारी उपलब्ध कराता रहेगा।

## भूस्खलन एक गंभीर प्राकृतिक आपदा



भारत में भूस्खलन एक गंभीर प्राकृतिक आपदा है जिसके भयानक परिणाम होते हैं। पहाड़ी और पर्वतीय क्षेत्रों में आबादी के बढ़ने के साथ ही भूस्खलन को समझना, सतत विकास और आपदा प्रबंधन के लिए महत्वपूर्ण हो जाता है। आइए भूस्खलन के विभिन्न पहलुओं को समझने का प्रयास करते हैं।

### भू-वैज्ञानिक घटना है भूस्खलन

भूस्खलन एक भू-वैज्ञानिक घटना है, जिसमें पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण प्रभाव से चट्टान, मिट्टी या मलबे के एक बड़े हिस्से का अचानक और तेजी से ढलान पर नीचे की ओर खिसकना शामिल होता है। इसमें वृहद् स्तर पर पत्थरों का खिसकना, मिट्टी और हिमनदों का बहाव तथा पहाड़ियों का टूटना आदि को सम्मिलित किया जाता है।

### भारत में भूस्खलन से प्रभावित क्षेत्र

भारत विश्व के शीर्ष पांच भूस्खलन संभावित देशों में से एक है। बर्फ से ढके क्षेत्रों को छोड़कर, भारत का लगभग 12.6 प्रतिशत भौगोलिक भूमि क्षेत्र भूस्खलन की संभावना वाला है। उत्तर-पूर्वी क्षेत्र भारत के कुल भूस्खलन संभावित क्षेत्रों का लगभग 50 प्रतिशत शामिल है। हिमालय में स्थित उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू और कश्मीर, पश्चिमी घाट के किनारे स्थित महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु और पूर्वी घाट के साथ आंध्र प्रदेश में अरकू क्षेत्र शामिल हैं।

### भूस्खलन के लिए संभावित क्षेत्र

- पहाड़ी और पर्वतीय क्षेत्र जैसी खड़ी ढलानों पर भूस्खलन की घटनाएं होना सामान्य बात है।
- ऐसे स्थान जहां चट्टानों में जोड़ और दरारें हों, वहां भूस्खलन की घटनाओं का खतरा अधिक होता है।
- जहां कमज़ोर और वायुदार मिट्टी मौजूद हो, वो भी भूस्खलन को बढ़ावा देती है।
- वनों में आग लगने से मिट्टी कमज़ोर हो जाती है, जिससे भूस्खलन का खतरा बढ़ जाता है।
- वनों की कटाई और निर्माण कार्य जैसी मानवीय गतिविधियों से भी भूस्खलन हो सकता हैं।
- नदियों और नालों के किनारे भी भूस्खलन-संभावित क्षेत्र होते हैं।
- जहां सतही जल जमा होता है या भूमि, जल से अत्यधिक संतृप्त हो जाती है, वहां भी भूस्खलन की आशंका अधिक होती है।

# हिंसक झड़पों में 18 और लोगों की मौत

## बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण प्रणाली में सुधार को लेकर हिंसा

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश में गुरुवार को सरकारी नौकरियों के लिए आरक्षण प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर छात्रों के विरोध प्रदर्शन के दौरान राजधानी ढाका तथा अन्य जगहों पर हिंसा भड़कने से कम से कम 18 और लोगों की मौत हो गई तथा 2,500 से अधिक लोग घायल हो गए। इसके साथ ही विरोध प्रदर्शन शुरू होने के बाद से मरने वालों की संख्या 25 हो गई है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि प्रदर्शनकारियों ने ढाका के रामपुरा इलाके में सरकारी बांग्लादेश टेलीविजन भवन की घेराबंदी कर दी और इसके अगले हिस्से को क्षतिग्रस्त कर दिया और वहां खड़े अनेक वाहनों को आग लगा दी। इससे वहां पत्रकारों सहित कई कर्मचारी फंस गए। ढाका और अन्य शहरों में विश्वविद्यालय के छात्र 1971 में पाकिस्तान से देश की आजादी के लिए लड़ने वाले युद्ध नायकों के रिश्तेदारों के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की कुछ नौकरियों को आरक्षित करने की प्रणाली के खिलाफ कई दिनों से रैलियां कर रहे हैं। समाचारपत्र द डेली स्टार ने कहा, ''प्रदर्शनकारियों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों तथा सत्तारूढ़ पार्टी के लोगों के बीच आज देश भर में हुई झड़पों में कम से कम 18 लोग मारे गए तथा 2,500 से अधिक लोग घायल हो गए। इससे पहले, प्रोथोम अलो अखबार ने अपनी खबर में कहा था, कुल मिलाकर 11 लोगों की मौत की खबर है। इनमें नौ लोगों की मौत ढाका, एक व्यक्ति की मौत राजधानी के बाहरी इलाके सावर तथा एक व्यक्ति की मौत दक्षिण-पश्चिमी मदारीपुर जिले में हुई है।



बांग्लादेश में अनिश्चितकाल बंद के दौरान तैनात सुरक्षाकर्मी।

### बांग्लादेश में बाहर न निकलें भारतीय : भारतीय उच्चायोग

**ढाका।** भारत ने बांग्लादेश में हो रहे विरोध-प्रदर्शन के मद्देनजर यहां रहने वाले अपने नागरिकों के लिए गुरुवार को परामर्श जारी करते हुए कहा कि वे यात्रा करने से बचें और कम से कम बाहर निकलें। सरकारी नौकरियों में आरक्षण प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर जारी विरोध प्रदर्शनों में हिंसा फैलने से देशभर में कम से कम छह लोगों की जान जा चुकी है। हिंसा के कारण सरकार ने मंगलवार देर रात बांग्लादेश में सभी सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों के साथ-साथ स्कूलों और कॉलेजों को अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया तथा छात्रों से छात्रावास खाली करने को कहा गया। भारतीय उच्चायोग ने यहां एक बयान में कहा, बांग्लादेश में मौजूदा हालात को देखते हुए बांग्लादेश में रहने वाले भारतीय समुदाय के सदस्यों और भारतीय छात्रों को यात्रा से बचने और अपने निवास स्थान से बाहर कम से कम आवाजाही की सलाह दी जाती है।

### सरकार ने विरोधी छात्रों से बातचीत की इच्छा जताई

**ढाका।** बांग्लादेश सरकार ने गुरुवार को देशभर में फिर से हिंसा भड़कने के बाद नौकरियों में आरक्षण के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे छात्रों के साथ बातचीत करने की इच्छा व्यक्त की। आधिकारिक समाचार एजेंसी बीएसएस ने बताया कि अधिकारियों ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए राजधानी सहित देश भर में बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के जवानों को तैनात किया है। कानून मंत्री अनीसुल हक ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार ने प्रदर्शनकारी छात्रों के साथ बातचीत के लिए बैठक करने का फैसला किया और यह जिम्मेदारी उन्हें तथा शिक्षा मंत्री मोहिबुल हसन चौधरी को सौंपी गई है। उन्होंने कहा, जब भी वे सहमत होंगे, हम बैठक करेंगे। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कानून मंत्री से उच्चतम न्यायालय में लंबित आरक्षण मामले की जल्द सुनवाई के लिए पहल करने को कहा है।

## नेपाल में भूस्खलन बस हादसे में अभी तक 19 शव बरामद

**काठमांडू।** नेपाल के चितवन जिले में पिछले सप्ताह दो बसों के भूस्खलन के मलबे के साथ नदी में बहने के बाद बचावकर्मियों ने अब तक 19 शव बरामद किए हैं, जिनमें चार भारतीय भी शामिल हैं। सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

भूस्खलन की यह घटना शुक्रवार को चितवन जिले के नारायणघाट-मुगलिंग मार्ग पर सिमलताल इलाके में हुई थी। 54 लोगों में से तीन लोग घटना के तुरंत बाद तैरकर सुरक्षित निकल गए। बीरगंज से काठमांडू जा रही पहली बस में सात भारतीय नागरिकों समेत 24 यात्री थे। काठमांडू से गौर जा रही दूसरी बस में 30 लोग सवार थे। भारी भूस्खलन की वजह से दोनों बसें त्रिशूली नदी में गिर गई थीं। दोनों बसों से जुड़े हादसे में दुर्घटना स्थल से अब तक 19 लोगों के शव बरामद किए गए हैं।

सशस्त्र पुलिस बल (एसएसबी) के सूत्रों के अनुसार, 19 में से चार शव भारतीय नागरिकों के हैं। पांच पुरुष शवों की अभी तक पहचान नहीं हुई है। पुलिस के अनुसार नेपाल के स्थानीय अधिकारी बचाव कार्य के लिए बिहार और उत्तर प्रदेश के भारतीय अधिकारियों के साथ समन्वय बना रहे हैं। खोज और बचाव कार्य गुरुवार को भी जारी रहा।

## विदेश में भारत का पहला जन औषधि केंद्र खुला



मॉरीशस में पहले विदेशी जन औषधि केंद्र के उद्घाटन के दौरान मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जुगनौथ (बीच में) के साथ विदेश मंत्री एस जयशंकर।

पोर्ट लुई, एजेंसी

• विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मॉरीशस में उद्घाटन किया

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मॉरीशस में पहले विदेशी जन औषधि केंद्र का उद्घाटन किया। जयशंकर 16 से 17 जून तक दो दिवसीय यात्रा पर मॉरीशस में थे। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ के साथ भारत के पहले विदेशी जन औषधि केंद्र का उद्घाटन दोनों देशों के बीच विशेष रूप से स्वास्थ्य के महत्वपूर्ण क्षेत्र में घनिष्ठ सहयोग का प्रमाण है। सभी को सस्ती जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध कराने के लिए जन औषधि केन्द्र स्थापित किए गए हैं।

जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री कुमार जगन्नाथ के साथ मॉरीशस में पहले विदेशी जन औषधि केंद्र का उद्घाटन करते हुए प्रसन्नता हो रही है। यह औषधि केंद्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वादे के तहत शुरू किया गया है। उन्होंने कहा, भारत-मॉरीशस स्वास्थ्य साझेदारी परियोजना के तहत सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने के लिए किफायती, भारत में निर्मित दवाओं की आपूर्ति की जाएगी।

## उर्सुला वॉन डेर लेयेन यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष फिर चुनी गईं

**स्ट्रासबर्ग (फ्रांस)।** यूरोपीय संसद के सांसदों ने गुरुवार को उर्सुला वॉन डेर लेयेन को दूसरी बार पांच साल के लिए यूरोपीय संघ के कार्यकारी आयोग की अध्यक्ष के रूप में चुना। उर्सुला के फिर से चुने जाने से 27 देशों के इस समूह के नेतृत्व की निरंतरता सुनिश्चित हो गई है क्योंकि यूरोप यूक्रेन युद्ध से लेकर जलवायु परिवर्तन तक विभिन्न संकटों से जूझ रहा है। पिछले महीने 720 सदस्यीय यूरोपीय संसद के चुनाव में धुर दक्षिणपंथियों की संख्या बढ़ने से यूरोपीय आयोग के अध्यक्ष पद का चुनाव दिलचस्प हो गया था। उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने उन्हें पद पर बनाए रखने के संबंध में यूरोपीय संसद में होने वाले मतदान से पहले संकट और ध्रुवीकरण के समय यूरोप के लिए एक मजबूत नेता बने रहने का संकल्प लिया था।

## छात्रा की मौत के बाद हंसने वाला पुलिसकर्मी बर्खास्त

न्यूयॉर्क/सिएटल, एजेंसी



• वाशिंगटन के नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी की भारतीय छात्रा की सड़क हादसे में मौत का मामला

अमेरिका में भारतीय छात्रा की मौत के बाद असंवेदनशील टिप्पणियां करने और हंसने वाले एक पुलिस अधिकारी को बर्खास्त कर दिया गया है। वाशिंगटन के नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी की छात्रा जाह्नवी कंडुला (23) जब 23 जनवरी को सड़क पार कर रही थी, तब पुलिस के एक वाहन ने उसे टक्कर मार दी थी। इस वाहन को केविन डेव नाम का अधिकारी चला रहा था और वह एक अन्य मामले की जांच के लिए तेजी से वाहन चलाते हुए जा रहा था। वाहन की टक्कर से कंडुला 100 फुट दूर जाकर गिरी थी।

सिएटल पुलिस विभाग द्वारा जारी बॉडीकैम फुटेज में अधिकारी डैनियल ऑडरर भीषण दुर्घटना पर हंसते हुए और यह कहते सुनाई दिया कि ओह, मुझे लगता है कि वह बोनट पर आ गिरी, आगे के शीशे से टकराई और फिर जब उसने (पुलिस वाहन के चालक ने) ब्रेक मारे तो कार से दूर जाकर गिरी... वह मर चुकी है। अनुशासनात्मक कार्रवाई रिपोर्ट में कहा गया कि ये असंवेदनशील टिप्पणियां करने के बाद ऑडरर चार सेकंड तक जोर-जोर से हंसा। सिएटल पुलिस विभाग की कार्यवाहक प्रमुख स्यू राह ने एक ई-मेल में कहा कि कंडुला के परिवार को जो पीड़ा पहुंची उसे दूर नहीं जा सकता।

## इमरान की पार्टी पर प्रतिबंध के निर्णय को पीपीपी का समर्थन

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज द्वारा जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पर प्रतिबंध लगाने के फैसले का गुरुवार को गठबंधन की प्रमुख सहयोगी पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने समर्थन करने की घोषणा की। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी ने घोषणा की है कि वह कैबिनेट के सभी फैसलों का समर्थन करेगी। सूचना मंत्री अता तरार ने सोमवार को खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी पर प्रतिबंध लगाने के सरकार के फैसले के बारे में एक महत्वपूर्ण घोषणा की थी, जिसके बाद कई लोगों के मन में यह सवाल उत्पन्न हुआ था कि क्या नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) को इस मामले में अपने गठबंधन सहयोगियों का समर्थन प्राप्त है।

## चीन की कम्युनिस्ट पार्टी ने पूर्व विदेश रक्षा मंत्रियों को शीर्ष निकाय से हटाया

बीजिंग, एजेंसी

चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ने गुरुवार को अपनी केंद्रीय समिति से बर्खास्त विदेश मंत्री किन गांग का इस्तीफा स्वीकार कर लिया तथा पूर्व रक्षा मंत्री ली शांगफू और दो अन्य शीर्ष जनरलों को पार्टी से निष्कासित करने के निर्णय का समर्थन किया। यह निर्णय गुरुवार को यहां संपन्न हुई पार्टी की केंद्रीय समिति की शीर्ष स्तरीय बैठक के दौरान लिया गया। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के तीसरे पूर्ण अधिवेशन नामक चार दिवसीय सत्र के अंत में जारी विज्ञप्ति के अनुसार, अर्थव्यवस्था में सुधार के उपायों पर चर्चा करने के लिए बुलाई गई बैठक में कॉमरेड किन गांग का इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है।

किन (58) चीन के सबसे कम समय तक विदेश मंत्री रहने के बाद 2023 में अचानक सार्वजनिक तौर पर दिखना बंद हो गये थे। उनके पते-ठिकाने की भी जानकारी नहीं है। उनके इस्तीफे को स्वीकार करते हुए हालांकि केंद्रीय समिति ने अब भी किन को कॉमरेड (साथी) कहा है। इसके बाद किन का स्थान उनके पूर्ववर्ती वांग यी ने ले लिया जो पार्टी के उच्चस्तरीय पोलित ब्यूरो के सदस्य भी हैं।

तीसरे पूर्ण अधिवेशन में जनरल ली शांगफू और पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के दो अन्य वरिष्ठ जनरलों ली यूचाओ और सन जिनमिंग को पार्टी से निष्कासित करने के पोलित ब्यूरो के पहले के फैसले की भी पुष्टि की गई।

### चीन में एक मॉल में आग लगने से 16 लोगों की मौत

**बीजिंग।** चीन के दक्षिण पश्चिम में सिचुआन प्रांत में एक शॉपिंग मॉल में आग लगने से कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई। चीन के सरकारी मीडिया के अनुसार, बुधवार की शाम करीब छह बजे सिचुआन प्रांत के जिगोंग शहर के हाई-टेक जोन में स्थित 14 मंजिला इमारत में आग लग गई। तस्वीरों और वीडियो में इमारत से धुएं का गुबार उठता दिख रहा है, कई लोग बालकनी पर भी दिखाई दे रहे हैं। स्थानीय अग्निशमन विभाग ने बताया कि बचाव अभियान बृहस्पतिवार को पूरा हो गया। इमारत के अंदर फंसे करीब 75 लोगों को बाहर निकाल लिया गया। खबर में कहा गया है कि प्राथमिक जांच के अनुसार आग निर्माण कार्य के कारण लगी थी।

## चंद्रमा पर लैंडर भेजने का नासा का मिशन रद

वाशिंगटन, एजेंसी



• लागत में वृद्धि और प्रक्षेपण में देरी होने के कारण लिया निर्णय


अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने कहा कि वह लागत में वृद्धि और प्रक्षेपण में देरी होने के कारण, पानी की खोज के लिए चंद्रमा पर रोवर भेजने के मिशन को रद कर रहा है। अंतरिक्ष एजेंसी ने बुधवार को कहा कि वाइपर रोवर को एस्ट्रोबोटिक टेक्नोलॉजी द्वारा उपलब्ध कराए गए एक लैंडर के जरिये 2023 के अंत तक प्रक्षेपित किया जाना था लेकिन अतिरिक्त परीक्षण और लागत बढ़ने के कारण इस मिशन में देरी होती रही जिससे अन्य परियोजनाओं पर खतरा मंडराने लगा है।

नासा ने बताया कि रोवर का उद्देश्य चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर खोजबीन करना था। इसके विकास पर अभी तक करीब 45 करोड़ डॉलर खर्च किए जा चुके हैं। अपोलो 11 मिशन की 55वीं वर्षगांठ से कुछ दिन पहले यह घोषणा की गयी है। अपोलो 11 नील आर्मस्ट्रांग और बज आल्ड्रिन को लेकर 20 जुलाई 1969 को चंद्रमा पर पहुंचा था। नासा ने बताया कि उसकी योजना अन्य परियोजनाओं के जरिए चंद्रमा पर बर्फ की मौजूदगी का अध्ययन करना है। एस्ट्रोबोटिक की अब भी अगले साल के अंत तक अपने ग्रिफिन चंद्रमा लैंडर को प्रक्षेपित करने की योजना है।

खगोल विज्ञान — नासा के मून ऑर्बिटर द्वारा पता चली महत्वपूर्ण जानकारी

## चांद पर खोजा अंतरिक्ष यात्रियों के ठहरने का ठिकाना

संवाददाता, नैनीताल



चांद पर मिली सुरंग की तस्वीर।

**अमृत विचार:** चंद्रमा पर एक आश्चर्यजनक सुरंग का पता चला है। यह सुरंग ज्वालामुखी से निकले लावा के बाहर निकलने का मार्ग है। नासा के मून ऑर्बिटर द्वारा वैज्ञानिकों की अंतर्राष्ट्रीय टीम ने ये खोज की है। यह स्थान अंतरिक्ष यात्रियों के ठहरने के लिए उपयुक्त स्थान हो सकता है।

भले ही मानव समेत कई अंतरिक्ष मिशन चंद्रमा पर चलाए गए हों, लेकिन नई खोज बेहद महत्वपूर्ण है। इस खोज से संभावना व्यक्त की जा सकती है कि चांद की सतह हैरतअंगेज कई अन्य रहस्यों का पता चल सकता है। चंद्रमा की सतह पर मिली सुरंग को लेकर शोधकर्ताओं की अंतर्राष्ट्रीय टीम का कहना है कि चंद्रमा पर सुरंगनुमा लावा ट्यूब की पहली बार पुष्टि हुई है। यह लावा ट्यूब चांद के मारे ट्रैंक्विलिटैटिस नामक सतह के नीचे है। यह वही स्थान है, जहां 1969 में अपोलो 11 उतरा था। नासा के लूनर रिकॉनिसेंस ऑर्बिटर के जरिए इसका पता चला है। यह लावा ट्यूब भविष्य की खोज के लिए एक रोमांचक लक्ष्य हो सकता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह सुरंग अंतरिक्ष यात्रियों के आश्रय के लिए उपयोग किया जा सकता है। कई दशक से वैज्ञानिक चंद्रमा पर लावा ट्यूबों के अस्तित्व पर बहस करते आ रहे हैं। इस लावा ट्यूब सतह के नीचे एक प्राकृतिक सुरंग है, जो बहते हुए लावा से बनी हुई है। 15 जुलाई को इटली के ट्रेंटो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय टीम ने इस सुरंग की पहली संभावित पुष्टि की है। शोध दल ने 15 जुलाई को नेचर एस्ट्रोनॉमी जर्नल में निष्कर्ष प्रकाशित किया है।

### मायावी रहे हैं लावा ट्यूब

**नैनीताल:** वैज्ञानिक पहले से ही जानते थे कि चंद्रमा की सतह पर सुरंगें हैं। जिसके चलते 50 वर्षों पहले चंद्र लावा ट्यूबों के अस्तित्व का सिद्धांत दिया गया था। चंद्रमा पर ज्वालामुखीय गतिविधि का एक सुस्थापित इतिहास माना जाता रहा है। ज्वालामुखी विस्फोट अरबों साल पहले हुए होंगे। मगर अब जाकर पहली बार यह ठोस सबूत मिला है। उम्मीद है कि यह मायावी सुरंगें और भी होंगी।

## पाकिस्तान में फेसबुक और इंस्टाग्राम पर बंदिशें

लाहौर, एजेंसी

• सरकार के इस कदम को सोशल मीडिया पर पूर्ण रोक की योजना के तौर पर देखा जा रहा

पाकिस्तान की सरकार ने सोशल मीडिया मंच एक्स को करीब छह महीने तक सफलतापूर्वक प्रतिबंधित रखने के बाद फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे मंचों को भी निशाना बनाया और आम लोगों तक इनकी पहुंच रोक दी है। सरकार के इस कदम को सोशल मीडिया पर पूर्ण रोक की योजना के तौर पर देखा जा रहा है।

पाकिस्तान में बुधवार से फेसबुक और इंस्टाग्राम पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इससे उपयोगकर्ताओं को विभिन्न इंटरनेट सेवा प्रदाताओं (आईएसपी) के सोशल मीडिया मंच तक पहुंच बनाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ उपयोगकर्ताओं को मेटा के स्वामित्व वाले अन्य ऐप, जैसे व्हाट्सऐप के साथ भी समस्याएं आ रही हैं। पाकिस्तान की सरकार ने आम जनता तक फेसबुक और इंस्टाग्राम की पहुंच रोकने के संबंध में अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। यह प्रतिबंध उच्च न्यायपालिका, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) और शक्तिशाली सैन्य प्रतिष्ठान के बीच चल रही खींचतान के बीच लगाया गया है। दूरसंचार कंपनी नयाटेल ने गुरुवार को एक्स पर कहा, पिछले दो दिन से देश भर में सभी सेवा प्रदाताओं द्वारा मुहैया कराई जा रही फेसबुक और इंस्टाग्राम सेवाएं बाधित हैं।